दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 30 सितंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 181 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

पांच राज्यों में चुनाव के लिए बीजेपी का 'मास्टर प्लान'

- तैयार, फॉर्मूले पर लड़ेगी चुनाव!
- छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव

दूसरे राज्यों में मध्य प्रदेश का फॉर्मूला

मध्य प्रदेश की तरह कहा जा रहा है कि बीजेपी अन्य राज्यों में भी कई वरिष्ठ नेताओं या केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में टिकट दे सकती है। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रल्हाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते को विधानसभा टिकट दिया है। इसके अलावा संगठन महासचिव कैलाश विजयवर्गीय समेत आठ सांसदों को मैदान में उतारा गया है।

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। इस साल के अंत तक पांच राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे। जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा की जाएगी। इस बीच चुनाव के मद्देनजर गुरुवार रात बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और चुनावी रणनीति भी तय की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, वसुंधरा राजे सिंधिया, राजेंद्र राठौड़, सतीश पुनिया, अरुण सिंह, विजया रहाटकर, सह प्रभारी नितिन पटेल, गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ समेत अन्य दिग्गज नेता बैठक में भाग लिया।

लोगों का विश्वास अर्जित करना चाहिए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीजेपी ने विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बना ली है। इसके मुताबिक जो भी बड़े नेता राज्य में बड़ी जिम्मेदारी पाना चाहते हैं या खुद को दावेदार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं उन्हें सबसे पहले चुनाव मैदान में उतरना होगा और जनता का भरोसा जीतना होगा।

विधायकों की संख्या के आधार पर जिम्मेदारी दी जाएगी

अगर भारतीय जनता पार्टी चुनाव में बहुमत का आंकड़ा पार कर लेती है तो संबंधित राज्यों में नेताओं के प्रदर्शन और उनके पीछे खड़े विधायकों की संख्या को देखते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारियां देने पर विचार किया जाएगा। हालांकि, अंतिम फैसला बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद ही लिया जाएगा।

इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव

इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे। इन राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल इस साल दिसंबर से जनवरी 2024 तक है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का कार्यकाल 3 जनवरी, मध्य प्रदेश का 6 जनवरी 2024, राजस्थान का 14 जनवरी 2024, तेलंगाना का 16 जनवरी 2024 और मिजोरम का 17 दिसंबर को खत्म होगा।

छग में कांग्रेस का प्लान 90 में 40 नए, 18 डेंजर जोन में

- इन सीटों पर नया उम्मीदवार उतार सकती है पार्टी

सर्वे में 18 विधायकों की रिपोर्ट कमजोर

पार्टी सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने उम्मीदवार तय कर लिए थे, लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने सर्वे कराया था, उसमें 18 विधायकों की रिपोर्ट कमजोर मिली है। इसके बाद नेताओं ने टिकट को लेकर फिर से मंथन किया है। खबर यह भी है कि कांग्रेस इस बार कई मौजूदा विधायकों की टिकट काट रही है। कांग्रेस के सर्वे में जिन नेताओं की रिपोर्ट खराब आई है, उनकी टिकट कटना लगभग तय है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक एक अक्टूबर को रायपुर में होगी। कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में 90 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार तय किए जाएंगे। राजनीतिक सूत्रों की मानें तो प्रदेश स्तर पर नाम लगभग तय हैं। एक अक्टूबर को होने वाली बैठक में दावेदारों के नामों पर फिर से रिव्यू होगा। इसके बाद नामों को ढ्रष्ट के पास भेजा जाएगा, जहां से प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। ऐसी चर्चा है कि 2018 में कांग्रेसी लहर के बाद भी चुनाव हारने वालों को पार्टी टिकट नहीं देगी। वहीं उदयपुर संकल्प शिविर फर्मूले के तहत कांग्रेस युवाओं और महिलाओं पर बड़ा दांव खेलने जा रही है।

बता दें कि इससे पहले गुरुवार को सीएम हाउस में लगभग दो घंटे तक कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत ने शेष सीटों पर नामों को लेकर चर्चा की थी। सूत्रों का कहना है कि सभी सीटों पर सिर्फ सिंगल नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। इन नामों को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में समिति के प्रभारी अजय माकन के सामने रखा जाएगा, जिसके बाद नामों की घोषणा होगी। ऐसी सूचना है कि कांग्रेस कमजोर परफर्मेंस वाले कई सिटिंग विधायकों की टिकट काटने जा रही है। कांग्रेस मिशन-75 को टार्गेट लेकर चल रही है और इसे पूरा करने पार्टी बड़ी रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी।

हर लोकसभा क्षेत्र में दो-दो महिला प्रत्याशी: बता दें कि पिछले दिनों प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने मीडिया में कहा था कि हर लोकसभा सीट पर दो-दो महिला प्रत्याशी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन सीटों पर नए प्रत्याशी उतारने की चर्चा

बताते हैं कांग्रेस इस बार राजनांदगांव, कोटा, मुंगेली, लोरमी, बेलतरा, मस्तुरी, पामगढ़, जैजैपुर, अकलतरा, जांजगीर, रामपुर, भाटापारा, बलौदाबाजार, रायपुर दक्षिण, कुरुद, धमतरी, बिंद्रानवागढ़, अहिवारा, भिलाई नगर, वैशाली नगर, नवागढ़, पंडरिया, गुंडरदेही, बालोद, कांकेर, अंतागढ़, नारायणपुर, चित्रकोट, खल्लारी, महासमुंद, सराईपाली, रायगढ़, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

सही बात है झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए। खुद को तुर्रम खां समझने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को बहुत जल्दी भारत की ताकत का अहसास हो गया। नतीजतन उनके सुर बदल गए। उन्होंने माना है कि भारत दुनिया में सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है। जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की भी मंशा जाहिर की है। भारत से अदावत उन्हें बहुत महंगी पड़ेगी। बेहतर होगा वे आतंकवाद की आग को हवा देना बंद करें वरना भारत की शतरंजी चाल में मात खाकर जस्टिन ट्रूडो लूडो खेलने लायक भी नहीं रहेंगे।

पाकिस्तान में सुसाइड ब्लास्ट, 59 मौतें

- ईद-ए-मिलाद के जुलूस के लिए इकट्ठा हुए थे लोग

बलूचिस्तान/ए.। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में शुक्रवार को एक मस्जिद के पास आत्मघाती हमला हुआ। इसमें एक डीएसपी समेत 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में एक पुलिस ऑफिसर भी शामिल हैं। हमले के वक्त लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के लिए इकट्ठा हो रहे थे। मस्तुंग शहर के असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि ब्लास्ट डीएसपी नवाज गिशकोरी की कार के पास हुआ। जियो न्यूज के मुताबिक, हमले में जिस पुलिस ऑफिसर की मौत हुई है वो डीएसपी नवाज ही हैं। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है। जरूरत पड़ी तो उन्हें कराची शिफ्ट किया जाएगा। घायलों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी।

जुलाई में भी हुआ था आत्मघाती हमला

इस महीने की शुरुआत में भी मस्तुंग में एक ब्लास्ट हुआ था। इसमें JUI-F के लीडर हफीज हमदुल्लाह सहित 11 लोग घायल हुए थे। वहीं, जुलाई में खैबर पख्तूनख्वा में एक पॉलिटिकल रैली के दौरान आत्मघाती हमला हुआ था। इसमें 23 बच्चों सहित करीब 54 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 400 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

किसानों के आंदोलन से 90 ट्रेनें प्रभावित

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालडू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद किसान भड़क उठे। पंजाब में गुरुवार से 19 किसान-मजदूर संगठन आंदोलन कर रहे है।

प्रधानमंत्री मोदी की आज साइंस कालेज में आमसभा

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिलासपुर में आयोजित परिवर्तन महा संकल्प रैली के दौरान सीपत रोड साइंस कालेज मैदान में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। इसका आयोजन प्रदेश में जशपुर और दंतेवाड़ा इन दो स्थानों से शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्राओं के बिलासपुर में समापन अवसर पर किया गया है।

प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा 30 सितंबर को बिलासपुर में आयोजित महा संकल्प परिवर्तन यात्रा के संयोजक अमर अग्रवाल गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। अमर अग्रवाल ने बताया कि भाजपा की ये दोनों परिवर्तन यात्राए प्रदेश के 85 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए आज बिलासपुर पहुंचेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सीपत रोड साइंस कालेज के पास स्थित मैदान में होने वाली विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। अमर अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर की इस आम सभा के लिए विमान से रायपुर और वहां से हेलीकाप्टर से दोपहर दो बजे साइंस कालेज मैदान परिसर में बने हेलीपैड में उतरेंगे। अमर अग्रवाल ने बताया कि साइंस कालेज मैदान के मुख्य गेट के अलावा इस आमसभा के लिए एसईसीएल के शताब्दी नगर द्वार की तरफ से एक मार्ग और उपलब्ध रहेगा। वहीं वीआईपी के लिए सोनगंगा कालोनी से होते हुए साइंस मैदान पहुंचने के लिए एक अन्य मार्ग भी तय किया गया है। इस आयोजन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था दोनों ही दृष्टियों से प्रशासन के साथ भाजपा नेताओं की सार्थक बैठक और चर्चा बुधवार को हो चुकी है। ओम माथुर तथा संगठन के प्रमुख नेता इस आमसभा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं।

ईडी के समन के बावजूद दिल्ली में विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे अभिषेक

कोलकाता(वार्ता)। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह पार्टी के केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए 02 और 03 अक्टूबर को नयी दिल्ली में रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार पर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए धन जारी नहीं करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, वहीं ईडी ने कथित स्कूल नौकरी घोटाले के संबंध में श्री अभिषेक को 03 अक्टूबर को यहां तलब किया है।

मेनका गांधी को इस्कॉन ने भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

- गाय पर बयान पड़ सकता है भारी

सुल्तानपुर (ए.)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से भारतीय जनता पार्टी की सांसद मेनका गांधी इंटरनेशन सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस पर दिए गए बयान पर घिरती जा रही हैं। मेनका के बयान पर पहले विपक्ष की ओर से हमला हुआ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेनका गांधी के बयान को एक बड़ी साजिश का हिस्सा बताया।

वहीं, इस्कॉन प्रबंधन भी उनके बयान से नाराज हो गया है। उनके खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, एक वायरल वीडियो में मेनका गांधी इस्कॉन को देश का सबसे बड़ा धोखेबाज कहती दिखी थीं। उन्होंने कहा है कि इस्कॉन अपनी गोशाला की गायों को कसाइयों के हाथों बेचता है। मेनका के दावे ने बवाल खड़ा कर दिया है।

इस्कॉन की ओर से भाजपा सांसद के दावे पर नाराजगी जताई गई है। संस्था की ओर से सांसद को मानहानि का नोटिस भेजा गया है। भाजपा सांसद मेनका गांधी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजधानी सहित अन्य जिलों झमाझम बारिश से सड़कों पर भरा पानी

रायपुर/दुर्ग/नवप्रदेश। राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में अचानक दोपहर को झमाझम बारिश हुई। कुछ देर की बारिश से सड़कों के साथ निचले इलाकों में जलभराव हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक बारिश का नया सिस्टम एक्टिव रहेगा। इससे बस्तर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर, कांकेर, जशपुर, कोरिया, नारायणपुर, बीजापुर में बारिश हुई। बाकी शहरों में गर्मी का असर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदल जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिछले 24 घंटे में ऐसा रहा मौसम

- प्रदेश में धूप-छांव वाला मौसम रहा
- रायपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में गर्मी का असर रहा।
- बिलासपुर में 75 मिमी बारिश हुई, मुंगेली में 14 मिमी, जांजगीर में 33.6 मिमी बारिश हुई।

मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सुप्रीम कोर्ट के पैनल का सरकार को आदेश 'धार्मिक इमारतों को ना पहुंचे कोई नुकसान'

नई दिल्ली (ए.)। मणिपुर में 5 महीने से जारी हिंसा के बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पूर्व न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति ने राज्य सरकार से मणिपुर में सभी धार्मिक इमारतों की तुरंत पहचान करने और उन्हें नुकसान और अतिक्रमण से बचाने के लिए कहा है। मई से अब तक मणिपुर में हुई जातीय झड़पों में पूजा स्थलों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

पैनल ने राज्य से विस्थापित व्यक्तियों की संपत्तियों के साथ-साथ हिंसा में नष्ट की गयी और जलाई गई संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके अतिक्रमण को रोकने के लिए भी कहा है। पैनल ने कहा, ÷मणिपुर सरकार को तुरंत राज्य में सभी धार्मिक इमारतों की पहचान करनी चाहिए (जिसमें चर्च, मंदिर, मस्जिद और किसी अन्य धर्म की कोई इमारत शामिल होगी) चाहे वे वर्तमान में मौजूद हों या 3 मई को शुरू हुई हिंसा में तोड़-फोड़/क्षतिग्रस्त/जलाई गई हों।

254 चर्च और 132 मंदिर हुए नष्ट : समिति ने 8 सितंबर को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ अपनी बैठक में सिफारिश की। ऐसी इमारतों को अतिक्रमण, नुकसान और विनाश से बचाने के लिए भी सिफारिश की गई थी। इस महीने की शुरुआत में एक बयान में, मणिपुर पुलिस ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

अपराध... शोरूम कांड के मास्टरमाइंड की कुंडली, भिलाई के पारख ज्वलेर्स में भी की थी चोरी

दिल्ली में 25 करोड़ की चोरी का मास्टरमाइंड बिलासपुर से गिरफ्तार

बिलासपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। राजधानी दिल्ली में 25 करोड़ की चोरी को अंजाम देने वाले शातिर चोर आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए। बिलासपुर पुलिस ने सबसे बड़ी चोरी की वारदात के मास्टरमाइंड लोकेश श्रीवास को भी गिरफ्तार कर लिया है। लोकेश कोई छोटा-मोटा चोर नहीं है। वो इससे पहले भी चोरी की बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसका आपराधिक इतिहास बड़ा पुराना है।

कौन है लोकेश श्रीवास?- दिल्ली के जंगपुरा इलाके के भोगल मार्केट में उमराव सिंह ज्वेलर्स की दुकान पर हाथ साफ करने वाले चोर पुलिस के हाथ आ गए। इनमें एक ऐसा चोर भी शामिल है, जिसे आप चोरों का सरदार कह सकते हैं। उसका नाम है लोकेश श्रीवास। वो कवर्धा जिले के रहने वाला है। वो इतना शातिर है कि उसने छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि कई राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। यही वजह है कि उसके खिलाफ तेलंगाना, महाराष्ट्र, दिल्ली, छत्तीसगढ़ में पिछली चोरियों की कई एफआईआर दर्ज हैं।

पुलिस छानबीन के दौरान पता चला कि 10 दिन पहले उसने छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले की स्मृति नगर पुलिस चौकी से कुछ मीटर की दूरी पर ही एक कमरा किराए पर लिया था। इसी दौरान बिलासपुर पुलिस कवर्धा से ही उसका पीछा कर रही थी और इसी के चलते उसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले अंजाम दी थी 5 करोड़ की चोरी

पुलिस के हवाले से पता चला है कि साल 2019 में पारख ज्वैलर्स के यहां 5 करोड़ की बड़ी चोरी का मामले सामने आया था। चोरी की उस वारदात को भी लोकेश श्रीवास ने ही अंजाम दिया था। उसने वहां भी चोरी की वही तकनीक अपनाई थी जो उसने दिल्ली में आजमाई। अब छत्तीसगढ़ पुलिस उस कमरे के बारे में भी पूछताछ कर रही है, जो उसने किराए पर लिया था।

24 सितंबर की वारदात

अब आपको विस्तार से बताते हैं कि कैसे कुछ गुमनाम चोरों ने रविवार यानी 24 सितंबर को दिल्ली में 'ज्वेलरी हाइस्ट' की इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया, जितनी इससे पहले कभी नहीं हुई। मौका-ए-वारदात के हालात देखकर शोरूम मालिक और दिल्ली पुलिस दोनों ही हैरान थे।

दिल्ली में सबसे बड़ी चोरी

दिल्ली के ज्वेलरी शो रूम में चोरी और वो भी 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की। शो रूम के मालिक ने मंगलवार की सुबह जब अपनी दुकान की बुरी हालत देखी, तो उनका तो दिमाग ही घूम गया। आनन-फानन में पुलिस को ख़बर दी गई और इसी के साथ हाल के दिनों में दिल्ली में हुई इस सबसे बड़ी चोरी में शामिल चेहरों की तलाश शुरू कर दी गई।

कावेरी जल विवाद को लेकर बेंगलुरु में स्कूल-कॉलेज बंद, दर्जनों फ्लाइट्स कैंसिल

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक के पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के आदेश को लेकर कई विरोध प्रदर्शन अतीत में हुए। एक बार फिर कन्नड़ समर्थक संगठनों और किसान संगठनों ने कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को कर्नाटक बंद का आह्वान किया है। दक्षिणी राज्य शुक्रवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। सुबह से ही बेंगलुरु समेत कर्नाटक के कई हिस्सों में बंद की तस्वीरें कैद हुई हैं। बेंगलुरु में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं। पुलिस ने अप्रिय स्थिति से बचने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में धारा 144 जारी कर दी है। जहां-जहां विरोध प्रदर्शन ज्यादा उस जिले में धारा 144 का पालन सख्ती से किया जा रहा है। वहीं बेंगलुरु के पास कावेरी नदी जल विवाद पर प्रदर्शन कर रहे कन्नड़ समर्थक संगठनों के 50 से अधिक सदस्यों को हिरासत में लिया है। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह 44 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है।

पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक और तमिलनाडु में की कावेरी नदी के पानी को लेकर विरोध-प्रदर्शन देखा जा रहा है. विभिन्न क्षेत्रों में गतिरोध बना हुआ है. इस बीच कन्नड़ समर्थक संगठन 'कन्नड़ ओकुट्टा' और विभिन्न किसान संगठनों ने शुक्रवार को 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। कर्नाटक के ऑटो रिक्शा और हेल राइडर्स एसोसिएशन ने हड़ताल का समर्थन किया। जिसके चलते शुक्रवार को कर्नाटक की सड़कों पर ओला, उबर जैसी कैब सेवाएं नहीं मिलेंगी। शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल भी बंद रहेंगे। बंद का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है।

हालांकि, कर्नाटक राज्य सरकार परिवहन निगम और बैंगलोर परिवहन निगम की बस सेवाएं संचालित होती रहेंगी। बैंक खुले रहेंगे, अस्पताल और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं चालू रखी जाएंगी। बीजेपी, जेडीएस जैसी पार्टियों ने भी बंद का समर्थन किया। बंद के दौरान अशांति से बचने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

कावेरी जल को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाल ही में कावेरी जल वितरण बोर्ड या कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने कर्नाटक को 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया।

क्या है ताजा हाल?

चिकमंगलूर में प्रदर्शनकारियों ने बाइक से पेट्रोल पंपों में घुसकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का पुतला भी जलाया। बेंगलुरु में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया और फ्रीडम पार्क लाया गया। मांड्या में प्रदर्शनकारी विरोध स्वरूप सड़कों पर उतर आए।

न्यूज गैलरी

कश्मीर में पंजाब के दो निवासी नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में पंजाब के दो निवासियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक काजीगुंड थाने की टीम ने गश्त के दौरान दो लोगों को सामान का थैला लेकर संदिग्ध हालत में घूमते देखा और उन्हें रोका। दोनों ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनके सामान की जांच के दौरान, उनके पास से 19 किलोग्राम पोस्ता भूसे जैसा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया। दोनों की पहचान पंजाब के शैरीवाला लुधियाना निवासी बलविंदर सिंह और वलीपोर खुराद लुधियाना, पंजाब के हरविंदर सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि काजीगुंड पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने नाटो महासचिव से की मुलाकात

कीव (वार्ता)। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने गुरुवार को यूक्रेन और गठबंधन के बीच सहयोग एवं मेल-मिलाप पर चर्चा करने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रेस विंग की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दोनों पक्षों ने रक्षा मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान, यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को संभावित हमलों से बचाना और नाटो सदस्य देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति की संभावनाएं पर भी विचार विमर्श किया गया। श्री जेलेंस्की ने मीडिया को इस वार्ता को 'वास्तव में सहयोगियों के बीच सार्थक बातचीत' बताया। उन्होंने कहा, यूक्रेन के गठबंधन का वैधानिक सदस्य बनने से पहले यह केवल समय की बात है। हम इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। श्री स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन के लिए नाटो का समर्थन जारी रहेगा। नाटो यूक्रेन के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक इसकी जरूरत पड़ेगी। श्री स्टोल्टेनबर्ग इन दिनों यूक्रेन की यात्रा पर हैं।

भाजपा भ्रमित भी और भयभीत भी: कमलनाथ

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज भारतीय जनता पार्टी पर सबको दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए

कहा कि पार्टी इस बार स्वयं ही दिग्भ्रमित और भयभीत दोनों है। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, सबको दिग्भ्रमित करने वाली भाजपा आगामी चुनावों में अपनी हार को सामने देखकर खुद ही दिग्भ्रमित हो गयी है और डरकर विरोधाभासी नीति अपना रही है, जिससे जनता में भाजपा की हँसी उड़ रही है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ़ भाजपा दावा कर रही है कि वो नयी पीढ़ी के नेताओं को आगे बढ़ाना चाहती है, दूसरी तरफ़ वो ऐसे नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए बाध्य कर रही है, जिनके पास लड़ने की इच्छा-शक्ति नहीं है। चुनाव की तैयारी कर रहे पार्टी के कई युवा नेता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। भाजपा भ्रमित भी है और भयभीत भी।

मिर्जापुर: विंध्यधाम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास शुरू

मिर्जापुर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर विंध्याचल मंदिर कोरिडोर निर्माण के बाद यहां आने वाले श्रद्धुलओं को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। विंध्यधाम में हेलीपोर्ट एवं मेल्टीलेबल पार्किंग बनाया जायेगा और 35 एकड़ में बनने वाले हेलीपोर्ट पर छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन करने के बाद भक्त विंध्यधाम के साथ अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जा सकेंगे। भक्त विंध्याचल से वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, मथुरा अयोध्या आदि तीर्थ स्थलों पहुंच सकेंगे। जिलाधिकारी प्रिंयका निरंजन ने बताया कि विंध्यधाम में हेलीपोर्ट बनाया जाना है। इसके लिए छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जमीन की तलाश करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए विभाग द्वारा योजना स्वीकृत की गई है। जिसपर छह करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। इसके लिए 35 एकड जमीन की तलाश जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। श्री भारती ने बताया कि सरकार द्वारा भक्तों की सुविधा को दृष्टिगत विंध्याचल में प्रमुख चिन्हित स्थानों पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाया जाएगा जिसके लिए 14 करोड रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि हेलीपोर्ट एवं मेल्टीलेबल पार्किंग के लिए शासन से स्वीकृत मिल गई है।

महराजगंज :दो वन तस्कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

महराजगंज (वार्ता)। महराजगंज में वनकर्मी पर वाहन चढाकर जानलेवा हमला करने वाले दो वन तस्कर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए गये हैं। महराजगंज में कुछ दिन पहले जंगल में वनकर्मी पर वाहन चढ़ाकर जानलेवा हमला करने वाले तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान एक वन तस्कर के पैर में लगी गोली ,जिसमे पुलिस ने दो तस्करों गिरफ्तार किया है इस मामले में पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है। पुलिस ने बताया है कि फरेंदा थाना क्षेत्र में बीते 27 नवंबर को एक वनकर्मी पर पिकप वाहन चढाकर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी बीच सूचना पर समय माता मंदिर विशुनपुर अदरीना के पास पहुचकर तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी कर दी गई। समय सुबह तीन बजे के करीब एक मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हे टार्च की रोशनी से इशारा करते हुए रोकने का प्रयास किया गया तो वह पुलिस वालो को जान मारने की नीयत से फायर कर के बृजमनगंज की तरफ भागने लगे, जिनका पीछा किया गया तो वह मोटरसाईकिल को छोड़कर जंगल की तरफ पैदल भागने लगे। तस्करों को पड़कने की कोशिश की गई तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद हुए मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, वहीं दूसरा आरोपी भी पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ।

गुजरात में नूंह जैसी हिंसा

बजरंग दल की यात्रा पर हमला; पत्थरबाजी और आगजनी से तनाव

नर्मदा (ए.) गुजरात के नर्मदा जिले में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है। यहां सेलांबा इलाके में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर हमले के बाद जमकर बवाल हुआ। जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर भीड़ को मौके से हटा दिया है। बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स की तैनाती की गई है। एक दिन पहले ही वडोदरा में भी सांप्रदायिक तनाव हो गया था। यहां गणेश विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था।

गुजराती मीडिया के मुताबिक कइदा और सेलांबा गांव के बीच बजरंग दल ने शौर्य यात्रा का आयोजन किया था। जब यात्रा एक मुस्लिम बस्ती से गुजर रही थी तो कुछ उपद्रवियों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पत्थरबाजी के अलावा कम से कम दो दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। मौके पर कुछ पुलिसकर्मी मौजूद थे। हालांकि, इनके पास हथियार नहीं थे और वे भीड़ को रोकने में नाकामयाब रहे।

पत्थरबाजी में कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, कई दुकानों और मकानों में नुकसान हुआ है। कुछ गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। तनाव की सूचना के बाद मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स को भेजा गया। आंसू गैस के गोले दागकर स्थिति को संभाला गया। मौके पर पुलिस फोर्स की तैनाती बढ़ा दी गई है। कई थानों की पुलिस ने पूरे इलाके में गश्त शुरू कर दी है। फिलहाल तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। डिप्टी एसपी, एलसीबी और एसओजी समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को संभालने में जुटे हैं।

गौरतलब है कि हरियाणा के नूंह जिले में भी 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की यात्रा पर हमला किया गया था जिसके बाद वहां हिंसा की घटनाओं में 6 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। कई दिनों तक धारा 144 लगी रही और इंटरनेट बंद कर दिया गया था।

कानून, व्यवस्था प्रबंधन के मामले में त्रिपुरा भारत में पांचवें स्थान पर : साहा

अगरतला (वार्ता)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने कहा है कि राज्य ने कानून एवं व्यवस्था के प्रबंधन के मामले में देश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

श्री साहा ने असम-त्रिपुरा सीमा पर बागबासा में राज्य के 87वें पुलिस स्टेशन के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाई है, जिससे स्थिति में और सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की ताकत बढ़ाने के अलावा, राज्य सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध, नशीली दवाओं और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों को रोकने और लोगों के लिए सामान्य कानून व्यवस्था, सुरक्षा और संरक्षा में सुधार के लिए निर्बाध प्रयास सुनिश्चित करने के मिशन पर काम कर रही है।

उन्होंने रेखांकित करते हुए कहा, ÷त्रिपुरा में कानून और व्यवस्था की स्थिति अब बेहतर है, जो निवेशकों को आकर्षित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्वोत्तर के लिए किए जा रहे प्रयासों की श्रृंखला के साथ, त्रिपुरा दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार और वाणिज्य का केंद्र बन गया है। हमें लाभ को उठाने की जरूरत है।''

श्री साहा ने कहा कि पिछले साल नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 750 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 51 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त की गई थीं। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा को नशा मुक्त बनाने के मिशन के तहत इस साल यह आंकड़ा ऊपर की ओर बढ़ रहा है।

सीआरपीएफ महानिदेशक ने कश्मीर का 'ऑपरेशनल' दौरा किया

श्रीनगर (वार्ता/नवप्रदेश) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओसेन ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने और क्षेत्र में तैनात कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कश्मीर का दौरा किया।

सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक का दक्षिणी कश्मीर में अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में आतंकवादी मुठभेड़ के लगभग दो सप्ताह बाद का यह दौरा है, जिसमें सेना के दो अधिकारी, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक जवान शहीद हो गए। एक सप्ताह तक चले ऑपरेशन में अधिकारियों की हत्या के पीछे शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी भी मारे गये थे।

उन्होंने बताया कि महानिदेशक ने श्रीनगर में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) और दक्षिण कश्मीर में सीआरपीएफ बटालियन का दौरा किया। उनके साथ जम्मू-कश्मीर जोन सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक नलिन प्रभात, कश्मीर अभियान क्षेत्र के सीआरपीएफ के महानिरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा और श्रीनगर क्षेत्रीय सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अजय यादव

समय से पहले सेवानिवृत्त हुआ ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल का एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टर

कैनबरा (वार्ता/नवप्रदेश) ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टरों के बेड़े को एक घातक दुर्घटना के बाद समय से पहले ही सेवानिवृत्त कर दिया गया है।

यह जानकारी रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि ताइपन दिसंबर 2024 में निर्धारित सेवानिवृत्ति से पहले उड़ान संचालन में वापस नहीं आएंगे।

सरकार ने यह फैसला जुलाई में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के चार कर्मियों की मौत के बाद लिया है। उस समय एमआरएच-90 एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान क्वींसलैंड राज्य के तट पर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दोनों मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में कहा, ÷सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे लोगों की सुरक्षा और भलाई है।÷

उन्होंने कहा, ÷हम इस साल की शुरुआत में अपनी जान गंवाने वाले चार सैनिकों के परिवारों और व्यापक रक्षा समुदाय का समर्थन करना जारी रखेंगे।÷ ताइपन्स की जगह लेने वाले 40 यूएच-60 ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टरों के बेड़े में से पहला ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है।

उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई की रात को तस्मान सेबर अभ्यास 2023 के हिस्से के रूप में चार चालक दल ब्रिस्बेन से 900 किलोमीटर उत्तर में हैमिल्टन द्वीप के पास एमआरएच-90 पर उड़ान भर रहे थे।

हिमालय के तापमान में तेजी से बदलाव

■ **ग्लेशियरों पर भी बुरा असर; एक्सपर्ट को इस बात की चिंता**

अल्मोड़ा(ए.)। हिमालय का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी में इसके गरम होने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। निचले इलाकों की तुलना में उच्च हिमालयी क्षेत्र ज्यादा तेजी से गरम हो रहा है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट बताती है कि यदि यही स्थिति रही तो इस सदी के समाप्त होने तक हिमालय के तापमान में 2.6 से 4.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

1970 के बाद तेज गिरावट

हिमालय का औसत तापमान वर्ष 1901 से 1940 तक धीरे-धीरे बढ़ा। वर्ष 1940 से 1970 के बीच तापमान में भी गिरावट देखने को मिली, पर वर्ष 1970 के बाद तापमान काफी तेजी से बढ़ने लगा। बीच के 30 सालों में तापमान गिरने की क्या वजह रही, इस पर भी अध्ययन किया जा रहा है।

इससे बड़ी संख्या में ग्लेशियर और नदियों के प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाएगा। पुणे स्थित संस्थान ने हिमालय के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे वैज्ञानिक अध्ययनों से मिले आंकड़ों का विश्लेषण किया है। सौ से ज्यादा वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन से पता चला कि हिमालय का तापमान बीसवीं सदी की शुरुआत से धीरे-धीरे बढ़ने लगा था।

बीच के कुछ वर्षों में हालात सुधरे भी पर 1970 के बाद बिगड़ी स्थिति फिर काबू नहीं हो पाई। 21वीं सदी शुरू होने के साथ ये और विकराल हो गई है।

चार हजार मीटर से ऊपर तीव्रता से बढ़ रहा तापमान

चार हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर हिमालय का तापमान और तेजी से बढ़ रहा है। 10 वर्षों में इन स्थानों पर 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि देखी गई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भविष्य में तापमान बढ़ने की रफ्तार और बढ़ेगी। माना जा रहा है कि 21वीं सदी के अंत तक तापमान में 2.6 से 4.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। जो कि एक चिंता का विषय है। इससे पेड़ पौधों और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

पीटीआई नेता हबीब समेत नौ गिरफ्तार

क्वेटा (वार्ता)। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ(पीटीआई) के नेता फारूख हबीब सहित नौ लोगों को पुलिस ने ग्वादर में गिरफ्तार किया है।

पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई के हवाले से इसकी पुष्टि की है।

रिपोर्ट के मुताबिक श्री हबीब ग्वादर पहुंचे थे और एक होटल में ठहरे हुए थे। उनकी मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों के जवानों ने श्वेत वस्त्र में छापा मारा और उन्हें आठ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार कर लिया। श्री हबीब पूर्ववर्ती पीटीआई सरकार के दौरान सूचना राज्य मंत्री थे। गिरफ्तार लोगों में श्री हबीब के ससुर भी शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तारी के बाद अज्ञात जगह पर ले जाया गया है।

इस बीच पीटीआई ने इस कार्रवाई की निंदा की है। पीटीआई नेता एवं पूर्व मंत्री महमूद खान अश्काज ने कहा कि श्री हबीब ग्वादर से ईरान में प्रवेश करने के लिए अपने भाई, ससुर और छह अन्य लोगों के साथ ग्वादर पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्री हबीब, उनके भाई और ससुर को अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित करने के बाद, छह अन्य लोगों को ग्वादर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने हालांकि शुरुआती जांच के बाद सभी छह लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया। जमानत पर रिहा किए गए लोगों में जवाद एहसान रज़ा, मुहम्मद मोहसिन, अब्दुल जब्बार, मुहम्मद नदीम, मुहम्मद साकिब नसीम और मुदस्सिर शामिल हैं।

चीन सीमा पर बन रही 'अदृश्य' सड़क, देख भी नहीं पाएगा ड्रैगन और पहुंचेंगे सैनिक

नई दिल्ली। भारत-चीन के साथ विवादित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक 'अदृश्य' सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क की खास बात है कि यह चीनी सेना के लिए अभेद्य होगा। इस सड़क के जरिए अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने के लिए सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही की जा सकेगी। इस खास योजना की कड़ी में भारत एलएसी स्थित अपने सबसे उत्तरी सैन्य अड्डे दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) तक एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पूरा करने के करीब है।

दारबुक से डीबीओ की मौजूदा सड़क एलएसी के निकट होने के कारण अधिक असुरक्षित है। जबकि तैयार की जाने वाली नई सड़क नुब्रा घाटी में ससोमा से निकलती है। इस अदृश्य सड़क के जरिए सेना और उपकरणों की आवाजाही आसानी से की जा सकेगी।

हालांकि, 130 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में कई चुनौतियां शामिल हैं। दुर्गम स्थिति होने के चलते अनुभवी इंजीनियरों के लिए भी इसे तैयार कठिन होगा।

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) इस महत्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके लिए श्योक नदी पर पुल बनाने और हिमाच्छादित क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता पड़ेगी। इन चुनौतियों के बावजूद, अधिकारियों ने हिंदुस्तान टाइम्स से पुष्टि की है कि महत्वपूर्ण सैन्य गतिविधियों के लिए सड़क नवंबर 2023 तक चालू हो जाएगी। वहीं 12 महीनों के भीतर पूरी तरह से ब्लैकटॉपिंग किए जाने की उम्मीद है। एक अज्ञात अधिकारी के अनुसार, परियोजना की समय सीमा को पूरा करने के लिए अत्याधूनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें इन कठिन इलाकों में सड़क की सतहों को स्थिर करने के लिए त्रि-आयामी जियोसेल्स और विस्तार योग्य पैनल का उपयोग शामिल है। इस बीच, बीआरओ ने 2028 तक हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए सासेर ला के नीचे 7 किलोमीटर लंबी सुरंग की योजना भी तैयार की है। पिछले तीन सालों में बीआरओ ने लगभग 8,000 करोड़ रुपये की लागत वाली लगभग 300 महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की हैं। इनमें निमू-पदम-दारचा, चुशुल-डुंगती-फुक्चे-डेमचोक और लिकारू-मिग ला-फुक्चे जैसे महत्वपूर्ण सड़क नेटवर्क शामिल हैं, हालांकि सीमा तनाव को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच बातचीत जारी है।

न्यूज गैलरी

ब्राह्मण पारा को 3.5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ब्राह्मण पारा तथा कुशालनगर के लिए आज स्थानीय विधायक बृजमोहन जी ने योजनाओं की झड़ी लगा दी। इसके विकास के लिए 3.5 करोड़ रुपए की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की। ये सभागार अंग्रेजो के जमाने का है। यहां से बड़े आंदोलनों की शुरुआत की गई। साथ ही छात्र राजनीति के समय में मैंने काफी समय बिताया है। विकास के प्रतीक, धर्म के रक्षक ब्राह्मण हैं। मैं यहां सभी ब्राह्मण समाज के लोगों का आशीर्वाद लेने आता हूं। पार्षद सरिता आकाश दुबे ने ब्राह्मण पारा के लिए किए गए विकास के लिए अपने चहेते विधायक का आभार प्रकट किया। 35 साल से आप लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलने आ रहा है किसके कारण मैं आप लोगों के लिए विकास कार्य करवाने में सक्षम हुआ। प्रधानमंत्री आवास ?1 में चावल में ही मिलते थे। आपको पानी के लिए असुविधा न हो उसके लिए घर-घर में नल लगाने का काम जल्द ही किया जाएगा। वहीं कुशालपुर में विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने बेरोजगारी भत्ता बांटने के बड़े बड़े होर्डिंग्स लगा रखे है, लेकिन किसी युवा को भत्ता मिला नहीं। विनोबा भावे नगर के घरों में नल योजना से पानी पहुंचाने का काम भाजपा सरकार ने किया। भाइयों यह वही कांग्रेस है जिसने किसानों का कर्ज माफकरने का वादा कर के भूल गई है। अब इनकी याददाशत चली गई है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से जो 36 वादे किए थे उनमें से एक शराब बंदी भी प्रमुख था। तभी तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने शराब घोटाला किया। छत्तीसगढ़ के महतारी बिटिया को हमेशा याद रखना होगा कि कांग्रेस पार्टी के लिए सिर्फ एक एटीएम की तरह है। वह सिर्फ यहां से कैश निकालने का काम कर रही है। घोटाले कपड़े के आप सिर्फ शराब पर ही नहीं बल्कि हर विभाग में लागू होता है ऐसा कोई कांग्रेस का विभाग नहीं है जहां पर घोटाले नहीं हो। शराब माफिया, भूमि माफिया यहां फल फूल रहे हैं। यहां के मुख्यमंत्री के चाहतों के नाम भी घोटाले में उजागर हुए क्योंकि शासन में रहकर करते हैं। छत्तीसगढ़ के हर कोने से हर जगह से एक ही आवाज गूंज रही है बदलबो बदलबो कांग्रेस ल बदलबो।

एएएफटी के कुलपति नियुक्ति समिति गठित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सह कुलाध्यक्ष विश्वभूषण हरिचंदन ने ए.ए.एफटी.यूनिवर्सिटी ऑफमीडिया एण्ड आर्ट्स, माठ, रायपुर में कुलपति नियुक्ति हेतु पेनल अनुशंसित करने हेतु खोजबीन समिति का गठन किया है। राजभवन सचिवालय से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रो. अरविंद कुमार प्रोफेसर एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिस के.के जैन (पी.जी.) कॉलेज यूपी. समिति के अध्यक्ष होंगे एवं प्रो. विवेक कुमार प्रोफेसर सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड टेक्नोलॉजी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी दिल्ली एवं डॉ. किरण गजपाल प्राचार्य शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय, रायपुर, उच्च शिक्षा विभाग, समिति के सदस्य रहेंगे। यह समिति अधिसूचना प्रसारित होने की तिथि से छः सप्ताह के अंदर न्यूनतम तीन व्यक्तियों का पेनल कुलाध्यक्ष को प्रस्तुत करेगी। इस संबंध में 27 सितम्बर 2023 को राजभवन सचिवालय से अधिसूचना जारी की गई है। समिति का गठन छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय(स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 (क्रमांक 13 सन् 2005) की धारा-17 के उप धारा (2) में निहित प्रावधान के तहत किया गया है।

5 डीजे संचालकों पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने गणेश विसर्जन जुलूस एवं ईद ऐ मिलाद उन्नबी के जुलूस में चलाया ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ प्रभावी अभियान बड़ी संख्या में डी जे संचालकों पर हुई कठोर कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल के निर्देश परर रायपुर पुलिस ने देर रात तक तेज आवाज़ में डीजे बजाने तथा निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि पर डीजे बजाने की आम जनता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए एक ही रात में 15 डीजे संचालकों पर कड़ी कार्यवाही की कार्यवाही के तहत कुल 60 बॉक्स और बड़ी संख्या में वाहन ज़ब्त किए गये सभी संचालकों के ख़िलाफ़ कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया रायपुर पुलिस की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी डायल 112 एवं पुलिस थानों में शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगा रही है।

निधन

उत्तमचंद भंसाली

रायपुर/नवप्रदेश। जैन समाज के सुश्रावक उत्तमचंद भंसाली स्व.माणिकलाल जी भंसाली का आज 28 सितंबर 2023 शाम 5:30 बजे निधन हो गया है। आप विनय भन्साली के पिता मौलिक के दादा एवं तिलोकचंद, शांतिलाल,अशोक,महावीर बरड़िया के फूफाजी एवं निर्मल,सुभाष गोलछा के मामाजी थे। आपकी अंतिम यात्रा 29-09-2023 शुक्रवार प्रातः 11:30 बजे निवास स्थान सिटी हार्ट रेसिडेंसी कैलाशपुरी (तत्पर) से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए होगी।

पिस्टल-कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- **रायपुर और अनुपपुर के दो शख्स से 3 पिस्टल, जिंदा कारतूस और 30 हज़ार नकदी बरामद**

रायपुर/नवप्रदेश। थाना गंज क्षेत्रांतर्गत चेकिंग के दौरान गुरूद्वारा पास 3 नग पिस्टल एवं 1 नग जिन्दा कारतूस के साथ आरोपियों को पकड़ा गया रंगे हाथ। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम की बड़ी कार्यवाही। आरोपियान पिस्टल की अवैध रूप से बिक्री करने की, थे फिराक में। आरोपियों के कब्जे से 3 नग पिस्टल, 1 नग जिंदा कारतूस, 2 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम 30,000/- रूपये किया गया है जप्त।

आरोपी अफ्जल खत्री है मूलतः अनुपपुर (म.प्र.) का निवासी। आरोपी अफ्जल खत्री पूर्व में मध्यप्रदेश से आर्म्स एक्ट के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है। आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध किया गया है पंजीबद्ध। गिरफ्तार आरोपियों से पिस्टल व जिंदा कारतूस को कहां से लाया गया है, के संबंध में की जा रहीं है विस्तृत पूछताछ।

टीम के सदस्यों द्वारा पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम अफ्जल खत्री एवं सोनू मिश्रा निवासी रायपुर का होना बताया। कार्यवाही में निरीक्षक आशीष यादव थाना प्रभारी गंज, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्र.आर. सरफराज चिश्ती, कृपासिंधु पटेल, आर. दिलीप जांगडे, हिमांशु राठौड़, राकेश पाण्डेय, प्रमोद बेहरा, राजिक खान तथा थाना गंज से सउनि. शंकर साहू एवं शिवदयाल वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिंका रहीं।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में दिनांक 28.09.2023 को थाना आजाद चौक पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत भीम नगर स्थित आमा तालाब के पास एक व्यक्ति अपने शराब रखा है तथा बिक्री की की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में व थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हासिम अली उर्फ लइयो निवासी आजाद चौक रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में देशी शराब रखा होना पाया गया।

डिप्टी सीएम सिहदेव ने दिखाई नई एंबुलेंस को हरी झंडी

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने महतारी एक्सप्रेस सेवाओं के लिए नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के पहले 50 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेशभर में आज महतारी एक्सप्रेस सेवा के लिए विभिन्न जिलों में 200 नई एंबुलेंस भेजी गई हैं। इस सेवा के तहत वर्तमान में चल रहे पुराने एंबुलेंस के बदले सभी जिलों में नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जा रही है। महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा के जरिए गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए घर से अस्पताल और प्रसव के बाद अस्पताल से घर तक आने-जाने के लिए निःशुल्क सेवा प्रदान की जाती है। साथ ही एक वर्ष तक की उम्र वाले शिशुओं के लिए भी यह सेवा उपलब्ध है। टोल-फ्री नम्बर 102 पर फोन लगाकर ये सेवाएं ली जा सकती हैं।

केन्द्र के कार्यों की दुनिया में हो रही चर्चा : साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने आज यहां कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के कार्यों की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। नारी शक्ति अधिनियम संसद में पारित हुआ। जी-20 की अध्यक्षता ,चंद्रयान-3 को स्थापित कर मोदी सरकार ने देश में नया कीर्तिमान रचा है। बिलासपुर में कल 30 सितंबर को महा संकल्प रैली के बाद प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक सभा होगी। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता काम रहे हैं।

श्री साव ने सभास्थल साइंस कालेज मैदान में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पार्टी ने छत्तीसगढ़ के पूरे 90 विधानसभा क्षेत्रों में परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया। इस परिवर्तन यात्रा के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित महा संकल्प रैली में एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा से 12 सिंतबर से निकाली गई, वहीं दूसरी यात्रा जशपुर से 15 सितंबर से शुरू कर 300 हजार किलो मीटर की यात्रा पूरी की । इस दौरान 83 विधानसभा क्षेत्रों में सभा का आयोजन किया गया। 4 विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो किया गया। पूरे 90 विधानसभा क्षेत्रों के लोगों की इस यात्रा में सहभागिता रही। बारिश में भी लोगों ने परिवर्तन यात्रा को सफल बनाया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। भाजपा ने 15 सालों में इस राज्य को संवारा है। वर्तमान की भूपेश सरकार ने राज्य में जमकर घोटाला किया है। कांग्रेस ने नशे का कारोबार बढ़ावा देकर माफिया राज और विकास में रोड़ा डालकर हर वर्ग को परेशान किया है। इस सरकार को उखाड़कर फेंकने का वक्त आया गया है। प्रधानमंत्री के बिलासपुर आगमन की मिनट टू मिनट कार्यक्रम नहीं आया है। वे रायपुर से रवाना होकर बिलासपुर दोपहर दो पहुंचेगे। पत्रकार वार्ता के दौरान धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा, अमर अग्रवाल, रजनीश सिंह, भूपेन्द्र सवन्नी, कृष्णमूर्ति बांधी, हर्षिता पाण्डेय, शिवरतन शर्मा, रामदेव कुमावत आदि उपस्थित थे।

दो आरोपी से 15 किलो गांजा जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 28.09.2023 को थाना खरोरा पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सारागांव स्थित निलजा मोड़ के पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार डहरिया निवासी पलारी बलौदाबाजार का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अजय कुमार डहरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 किलो 970 ग्राम गांजा कीमती लगभग 80,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 653/23 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैसा स्थित बगुलामुखी मंदिर के पास गांजा के साथ आरोपी आरोपी ईश्वर जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 किलो 125 ग्राम गांजा कीमती लगभग 70,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 654/23 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अजय कुमार डहरिया पिता बकशुराम डहरिया उम्र 30 साल निवासी कुसमी थाना पलारी बलौदाबाजार, ईश्वर जागडे पिता जोहन जागडे उम्र 28 साल निवासी पलीद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर।

सड़कों के लिए 18 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगातार अनेकों विकास कार्य हो रहे हैं जिससे प्रमुख रूप मूलभूत सुविधाओं को ध्यान रखते हुए विधायक अनिता योगेंद्र के अथक प्रयासों से आज मढ़ी से कोदवा मार्ग का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 7 करोड़ 70 लाख रुपए, कुरूद गोदी मार्ग 4 करोड़ 42 लाख रुपए, रायखेड़ा देवगांव मार्ग लगभग 6 करोड रुपए की लागत से अब यह सड़के बनेगी जिनकी प्रशासनिक स्वकृति लगभग करोड़ 18 करोड़ 20 लाख रुपए के रोड के विकास कार्यो के लिए स्वीकृत हुआ है। जिसके लिए विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं पी डब्ल्यू डी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू जी को धन्यवाद देते हुए इन रोड के स्वीकृति के लिए विधायक शर्मा ने कहा कि मेरे द्वारा लगातार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार मांग की जा रही थी जिसको आज सरकार के द्वारा स्वीकृति दी गई है जिससे निश्चित ही क्षेत्र वासियों को इन सड़कों का लाभ होगा जो विगत कई वर्षों से इन सड़कों को बनाने की मांग थी निश्चित ही अब इन सड़कों के मजबूती कारण और चौड़ीकरण होने से यहां के रह वासियों को इसका लाभ मिलेगा।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला की कार्यकारणी घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की जिला कार्यकारिणी की सूची को अनुमोदित किया है। जिसमें जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष नारायण खंडेलवाल, उपाध्यक्षगण अगनु राम कुमेटी, कृष्णकुमार देशमुख, सुजान सिंह पुरामे, बालचंद कोरेटी, घसियाराम नाग, रामकिशन खंडेलवाल, शिवनारायण खंडेलवाल, रूपचंद अमिला, सुभद्रा नेताम, कविता राणा, कमला देवी पिस्दा, अनिता कोर्राम, महामंत्री गण दिलीप सिंगने, राजेन्द्र जुरेसिया, कन्हैया राजपूत, धनंजय पाण्डेय, शमीम तिगाला, रफिक्र खान, श्यामसुंदर लाटा, लता साहू, निशु शाह, रामकेवल विश्वकर्मा, श्मसुद्दीन कुरैशी, कार्य. सदस्य गण शाहिदा बेगम, गमीता लोन्हारे, विद्या ताम्रकार, कुमारी बाई जुरेसिया, रामभगवान चंद्रवंशी, दिनेश शाह मंडावी। इसी प्रकार संयुक्त महामंत्री गण टीभू राम तारम, महेश कुंजाम, राकेश मंडावी, बशीर खान, विनाय कांडे, जगलाल कोमरे, मकसूदन जामड़ा, भूषण तिवारी, तुरीत प्रसाद तिवारी, अजय अग्रवाल, सचिव गण चेतन साहू, परशुराम नायक, अभिमन्यु मंडावी, नारद कचलामे, परसराम निषाद, गंगा साहू, जवाहर बोगा, ममता सिन्हा, राकेश संघोरिया, तिलक तुमरेटी, नरेश चुरेन्द्र, मीडिया प्रवक्ता सुरजीत सिंह ठाकुर, अब्दुल खालिक, देवांनद कौशिक, स्थायी आमंत्रित सदस्य इंद्रशाह मंडावी, छन्नी साहू, तेजकुंवर नेताम, भोलाराम साहू, गोवर्धन नेताम, संजय जैन, वीरेन्द्र मसीया, लगनुराम चंद्रवंशी, नरोत्तम देहारी, रितेश मेश्राम, जिला मोर्चा संगठन के अध्यक्षगण, नगरीय-निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्र के निर्वाचित महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे। उक्त आशय के आदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने जारी किया।

संपादकीय

पाकिस्तान को चीन ने दिया एक और झटका

आर्थिक रूप से बदहाल हो चुके पड़ोसी देश पाकिस्तान को चीन ने एक और बड़ा झटका दे दिया है। चीन ने पाकिस्तान के साथ आर्थिक गलियारी के तहत अरबों डालर की ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने से इंकार कर दिया है। इसकी बड़ी वजह यह बताई गई है कि पाकिस्तान इन दिनो आर्थिक संकट से झूझ रहा है। इसके पहले भी चीन ने पाकिस्तान को और अधिक आर्थिक सहायता देने से अपने हाथ खींच लिए थे। अमेरिका पहले ही पाकिस्तान को खैरात देना बंद कर चुका है। खाड़ी देशों ने भी पाकिस्तान की मदद से किनारा कर दिया है। जाहिर है दिवालिए पन की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान की आखिर कोई भी देश कब तक मदद कर पाएगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान को कर्ज मिलना बंद हो चुका है। नतीजतन पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब बूरी तरह चरमरा गई है। बढ़ती महंगाई ने पाकिस्तान की आवाम का जीना पहले ही मुहाल कर रखा है। लोग वहां दाने दाने को मोहताज हो गए है। ऐसी स्थिति में विश्व बैंक से कर्ज ना मिलने और अमेरिका व चीन जैसे देशों से मदद न मिलने के कारण पाकिस्तान का दिवालिया हो जाना कोई बड़ी बात नहीं होगी। पाकिस्तान की बदहाली के लिए वहां के हुकमरान ही नहीं बल्कि पाकिस्तानी सेना के उच्चाधिकारी भी रहे हैं। जिन्होंने जमकर भ्रष्टाचार किया है। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने स्वीस बैंकों में करोड़ों रुपए जमा कर रखे है और अब वे पाकिस्तान में प्रापर्टी भी बना रहे हैं। पाकिस्तान के हुकमरान भी लंबे समय से बहती गंगा में हाथ धो रहे हैं और भ्रष्टाचार को परवान चढ़ा रहे हैं। यही वजह है कि आर्थिक रूप से पाकिस्तान खोखला होता जा रहा है। जिसके चलते पाकिस्तान में गृहयुद्ध छिड़ने की संभावना है बलवती होती जा रही है। सिंध और बलूचिस्तान सहित पूरे पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तानी सरकार और सेना के खिलाफ बगावत के सुर तेज होते जा रहे हैं। वहां तो बकायदा यह नारा लगने लगा कि पाकिस्तान में जो अंधेरगर्दी है उसके पीछे सेना की वर्दी है। पाकिस्तान की बद से बदतर होती स्थिति के कारण वहां अब अफगानिस्तान का भी दखल बढ़ने लगा है। जिस अफगानिस्तान ने तालिबान को पाकिस्तान ने पाला पोशा है आज वहीं तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज होने के बाद पाकिस्तान के ही एक हिस्से पर अपना कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है। अफगानिस्तानियों के खिलाफ अब पाकिस्तान ने कारवाई का मन बनाया है और उसने पाकिस्तान से लाखों अफगानिस्तानियों को खदेड़ने की योजना बनाई है। पाकिस्तान का आरोप है कि ये अफगानिस्तानी लोग पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान ने इस मामले में अमेरिका से भी मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान की नाजुक स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता कि वह अफगानिस्तानी आतंकवादियों से भी अपने बूते पर निपटने में खुद को कमजोर पा रहा है। कैसी विडम्बना है कि जो पाकिस्तान खुद ही आतंकवाद का परियाय रहा है उसे अब आतंकवाद की चिंता सता रही है और इस पर काबू पाने के लिए उसे अमेरिका से सहायता की भीख मांगनी पड़ रही है। सही बात तो यह है कि भारत के साथ पंगा मोल लेकर पाकिस्तान ने खुद अपने हाथों अपनी कब्र खोदी है। आज वह दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और जब वह आर्थिक रूप से कंगाल हो रहा है तो उसके मित्र देशों ने भी अपने हाथ खींच लिए है। इसके बावजूद पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से तौबा करने के लिए तैयार नहीं है। कश्मीर में अशांति फैलाने की उसकी कोशिशें बदस्तुर जारी है। बेहतर होगा कि पाकिस्तान वक्त की नजाकत को पहचाने और अपने नापाक इरादों से बाज आए। वरना अभी तो वह सिर्फ कंगाल हुआ है बहुत जल्द वह पुरी तरह बर्बाद हो जाएगा।

टिकट वितरण से खुद ही हार मान कर बैठ गई बीजेपी

राजेन्द्र कानूनगो

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी मिलने के बाद गुरूवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा मन के हारे हार है मन के जीते जीत और भाजपा की टिकट वितरण प्रणाली पर जो सवाल उनकी ही पार्टी में खड़े हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि मन से किस तरह से भाजपा ने पहले ही हार मान ली है। इसलिए भाजपा में केंद्र सरकार के मंत्री और सांसदों को टिकट दिया जा रहा है। रागिनी ने कहा कि टिकट वितरण की जो सूची निकल रही हैं, उसमें शिवराज सिंह चौहान का नाम भी नहीं है, कोई प्रोटोकॉल नहीं है। पार्टी में शिवराज सिंह के विरोधियों को टिकट मिल रहा है, इसलिए शिवराज सिंह पहले ही अधिकारियों को विदाई भाषण दे रहे हैं, क्योंकि वे समझ चुके हैं कि अब यह उनकी आखिरी मीटिंग है।

भाजपा शिवराज को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने से ही कन्नी काट रही है? भाजपा में इतनी अफरा-तफरी मची हुई है, कि भाजपा के पैरों के नीचे अब सियासी जमीन ही नहीं बची है। शिवराज सिंह 18 साल से मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री हैं, लेकिन फिर भी भाजपा उन्हें चुनाव में अपना चेहरा नहीं बनाना चाहती है। नरेन्द्र मोदी कांग्रेस के कार्यो की बात करते हैं, लेकिन शिवराज सिंह चौहान के कामों की बात नहीं करते हैं। क्योंकि उससे उन्हें वोट मिलते दिखाई नहीं दे रहे है। भाजपा ही शिवराज को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने से कन्नी काट रही है। भाजपा नेता केदारनाथ शुक्ला की टिप्पणी पर कहा कि भाजपा नेत्रियों को शायद ना बुरा लगा हो लेकिन मुझे बुरा लगा है। क्योंकि केदारनाथ शुक्ला ,व्यक्तिगत राजनीति की वजह से भाजपा नेत्री पर सवाल उठा रहे हैं कि वह कैसे टिकट ले कर आ गई है? यह किस प्रकार की डबल मीनिंग की बात वह कर रहे हैं। शुक्ला की बातों पर

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आपत्ति ना हो, लेकिन मुझे है, क्योंकि उनका महिला विरोधी कथन भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। डबल इंजन की सरकार महिलाओं के नाम पर डबल फेलुअर की सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक टकराहट हो सकती है लेकिन महिलाओं के प्रति ऐसा लांछन न लगाये।

बीजेपी की स्थिति इस समय किंकर्तव्यविमूढ़ की होती जा रही है। बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय नहीं कर पा रहा है कि वह मध्य प्रदेश में क्या कुछ ऐसा करें कि जिससे प्रदेश में बीजेपी की सरकार बहुमत के साथ बन जाए। इसलिए वह अनेक प्रकार के प्रयोग करने के लिए बाध्य हो रही है । बड़े-बड़े नेताओं, केंद्र के मंत्रीगण, संगठन के बड़े पदाधिकारी और सांसदों को बीजेपी विधान सभा के टिकट दे रही है। या कहें दे चुकी है । उनमें से कुछ ऐसे हैं या लगभग सभी ऐसे हैं, जो केंद्र के इस फैसले से मन ही मन दुखी हैं । कहीं-कहीं पर तो यह दुख उनकी जुबान से सामने भी आ चुका है। बहरहाल यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में 78 सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों को सामने ला चुकी है, इसमें यदि कहा जाए तो एक और प्रत्याशी भी जुड़ चुकी है। लेकिन उसके बावजूद अभी बहुत सी सीटों पर निर्णय होना बाकी है और लोगों के चेहरे सामने आना अभी बाकी है। इधर यदि हम देखें तो कांग्रेस मात्रा और मात्र यह इंतजार कर रही है की भाजपा पहले अपनी सीटों की घोषणा कर दे, उसके पश्चात ही उनके प्रत्याशियों को देखते हुए हम अपने प्रत्याशियों के नाम तय करेंगे। लेकिन होना वह है जो जनता चाहती है ।आज के दौर में जनता के मत को, जनता के मन को समझना बड़ा कठिन हो गया है। ऐसा नहीं है कि जनता वह करने लग जाएगी जिससे उसे अपना वोट बीजेपी को ही देना पड़े, यह संभावना भी हो सकती है कि बीजेपी की पिछली बार के चुनाव की स्थिति को देखते हुए हो सकता है कि बीजेपी के मतदाता फिर से कांग्रेस पार्टी को वोट देकर जताए और कांग्रेस पार्टी को किसी प्रकार का आश्चर्य दे कर सत्ता पर काबिज कर दे । अब देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि जो कुछ हम देखे जा रहे हैं, उससे तो ऐसा कहीं से भी प्रतीत नहीं होता कि सत्ता की दौड़ में कांग्रेस सफल हो सकेगी । यह पूरी तरह सही तो नहीं कहा जा सकता परंतु संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है । जो संभावनाएं बनेगी या जैसी भी परिस्थितियों निर्मित होगी वह सामने आएंगी ।

राजीव खंडेलवाल

तीन महीने पहले ही मै अपने लेख में लिख चुका हूं कि "गुजरात माडल" मध्य प्रदेश में दोहराया जायेगा। यद्यपि भाजपा हाईकमान चुनाव की घोषणा होने पर स्वप्रेरणा व स्वविवेक से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित कुछ प्रमुख मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों से यह घोषणा करवायेगें कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, संगठन का काम करेंगे, तभी पार्टी को सफलता की उम्मीद हो सकती है। क्योंकि पार्टी अब जनता के समक्ष "नेता बदलने के लिए पार्टी बदलने की जरूरत नहीं है," की नीति पर आगे बढकर जनता को दूसरे भाजपाई नेताओं का विकल्प देने का प्रयास कर रही है। पार्टी ने अपनी चाल चल दी है और शतरंज की बिछायत पर पार्टी द्वारा फेंके गये इन मोहरों में कौन "किंग" बनकर अंततः उभरेगा, निकलेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। यह बात सही है कि पार्टी ने "ब्रह्मास्त्र" हथियार निकालकर उसका उपयोग कर लिया है। अब इस ब्रह्मास्त्र के उपयोग/प्रयोग की सफलता पर टिप्पणी तो समय ही कर सकेगा। जनता तो अब राजनीति के खेल के मैदान के चारों तरफबैठकर वोट देने की बारी आने की प्रतिक्षा भर कर रही है। मन शायद बना चुकी है। अंत में भाजपा की चार तोपों को चुनावी मैदान में उतारने की कार्य योजना में सिर्फबुंदेलखंड या लोधी समाज तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश की हिंदुत्व की सबसे बड़ी चेहरा पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमाश्री भारती जिन्होंने वर्ष 2003 में दिग्विजय सिंह की "बंटाधार सरकार" को सफलतापूर्वक हटाया था, को चुनावी मैदान में न उतार कर कहीं एक बड़ी गलती तो नहीं कर दी है? महिला आरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर जोर-शोर से कार्य करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति के बावजूद उनके पुरानी मंत्रिमंडल सहयोगी को चुनाव दंगल में न उतारना भी भाजपा के आश्चर्यचकित करने वाला निर्णयों की श्रृंखला का ही भाग हो सकता है। भाजपा नेतृत्व आगे इस गलती को क्या सुधारेगा? यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा। क्योंकि एक छोटी सी गलती भी पूरी कार्य योजना को असफल कर सकती है। फिर यह तो एक बड़ी गलती है।

मध्यप्रदेश की 'राजनैतिक पिच' पर भाजपा का दुक्का, तिक्का, छक्का नहीं सत्ते!

चुनाव नजदीक आते-आते मध्यप्रदेश की राजनीति में दिन प्रतिदिन नये-नये नाटकीय और अचंभित करने वाली घटनाएं मोड़ लेते जा रही हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा व कांग्रेस के बीच चुनावी मैदान पूर्णतः क्रिकेट के उस मैदान में परिवर्तित हो चुका है, जहां दोनों पार्टियों द्वारा ''बैटिंग और बॉलिंग'' के द्वारा परस्पर एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास किया जा रहा है। क्रिकेट में टीम जब भी संकट में होती है, समय कम होता है, तब ''लक्ष्य'' की प्राप्ति के लिए चैके, छक्के मारना बल्लेबाजों की ''मजबूरी'' हो जाती है। यदि बल्ला चल जाता है, तो वह मैच जीत जाता है। विपरीत इसके चौके, छक्के मारने में यदि खिलाड़ी आउट हो जाते हैं, तो टीम हार जाती है। मध्यप्रदेश में दोनों पार्टियों की स्थिति कुछ इसी तरह की है। फिलहाल भाजपा ''बैटिंग पिच'' पर है और सत्ता विरोधी कारक की बॉलिंग जिसमें ''समस्त तीर गुगली'' सहित शामिल है, से निपटने के लिए भाजपा के चैके (जन आशीर्वाद यात्राएं) तथा छक्के (प्रधानमंत्री मोदी की प्रदेश के लगातार दौरे) के बावजूद भाजपा को जीत के लिए सत्ता (सात) लगाना पड़ गया है। भाजपा की परिस्थितिवश यह मजबूरी भी होकर विपक्ष से लेकर मीडिया तक ने भाजपा की इस मजबूरी को उसकी ''कमजोर पहचान'' तक बता दिया है, जिससे सफलतापूर्वक निपटकर भाजपा के लिए एक चुनौती है। जबकि भाजपा के बाबत यह बात प्रसिद्ध है कि वह हमेशा से चुनौती को गंभीरतापूर्वक स्वीकार कर सफलता की ओर जाती है। कांग्रेस की स्थिति इसके ''उलट'' होती है।

शिवराज सिंह की विभिन्न लोक लुभावनी योजना की चुनावी वर्ष में लगातार घोषणाएं होने के बावजूद शिवराज सिंह के चेहरे की सत्ता विरोधी कारक (एंटी इनकंबेंसी) की रिपोर्ट आने से हाईकमान को स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। वैसे इसे ''सत्ता विरोधी लहर'' की बजाए शिवराज सिंह ''थका हुआ चेहरा'' (थकान, फटीक) लिये हुए है वहीं जनता भी उक्त चेहरे को लगातार देख कर थक चुकी है। जिस प्रकार क्रिकेट में टीम पर देश की इज्जत लगी होती है, इसी प्रकार देश में मोदी के वर्ष 2024 के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर को सुगमित व सुनिश्चित करने के लिए इस ''सेमीफायनल'' को जीतने का भार मध्यप्रदेश भाजपा जो भाजपा की ''प्रयोगशाला'' रही है, (मॉडल स्टेट) के मजबूत कंधों पर है। इसी कड़ी में एक-एक सीट का महत्व समझते हुए लोकसभा के सात सांसदों जिसमें से चार महत्वपूर्ण कद्दावर नेता, तीन केन्द्रीय मंत्री और एक राष्ट्रीय महासचिव को विधानसभा चुनाव में उतार कर हाईकमान ने छक्का नहीं ''सत्ता (सात)'' मारा है। ''सत्ता के खेल'' में ''छक्के की बजाए सात'' मारना पार्टी की नई ईजाद होकर मजबूरी (शायद) सी बन गई है। यह नया प्रयोग पार्टी को सफलता के निकट पहुंचा देगा, ऐसी उम्मीद पार्टी कर रही है और करनी भी चाहिए। क्योंकि पहली बार भाजपा ने क्षेत्रवार क्षत्रप नेताओं को उभारने का गंभीर प्रयास कर जीत के ''हवन कुंड में उनकी आहुति से हवन की ज्वाला को जलाये रखने'' का प्रयास किया है।

ग्वालियर व चंबल क्षेत्र से नरेन्द्र सिंह तोमर, महाकौशल में प्रहलाद सिंह पटेल, मालवा क्षेत्र से कैलाश विजयवर्गीय, और ''आदिवासी वोट बैंक'' को साधने के लिए फग्गन सिंह कुलस्ते, इन चारों क्षत्रपों को हाईकमान ने बिना कहे यह संदेश देने का प्रयास किया है कि आप न केवल स्वयं की सीट जीतें, बल्कि अपने-अपने प्रभाव के क्षेत्रों में अधिकतम सीटें लाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी के दावेदारों में स्वयं को शामिल कर ले। कांग्रेस में क्षत्रपों की यह राजनीति पुरानी है। कांग्रेस में नेतृत्व चाहे किसी का भी हो, विभिन्न क्षत्रपों को उनके प्रभाव क्षेत्र में टिकट देने की अलिखित परिपाटी, चली आ रही है। परन्तु भाजपा में टिकट का वैसा अधिकार क्षत्रपों को नहीं दिया गया है। हां पहली बार, मुख्यमंत्री का दावा करने का अप्रत्यक्ष अधिकार ज्यादा सीटें जीत कर लाने पर देने का संकेत अवश्य दिया गया है। वैसे यह कहना शायद गलत नहीं होगा कि कांग्रेस द्वारा हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में (राष्ट्रीय अध्यक्ष के वहां से होने के बावजूद) स्थानीय क्षत्रपों को महत्व (विपरीत इसके भाजपा ने उतना महत्व नहीं दिया) और चुनाव लड़ाने की सफल नीति को भाजपा ने मध्य प्रदेश में उतारने का निर्णय लिया और शायद यह निर्णय राजस्थान में भी दोहराया जाए।

देश के किसी राज्य व प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के इतिहास में शायद यह पहली बार हुआ है, जब तीन केंद्रीय मंत्री और विश्व की सबसे बडी पार्टी के केंद्रीय महामंत्री को एक साथ चुनावी दंगल में उतारा गया है। इससे इस बात का आकलन किया जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जोडी मध्य प्रदेश को जीतने के बारे में कितनी चिंतित, सतर्क और सक्रिय रूप से निरंतर लगी है। इन प्रभावशाली मुख्यमंत्री के दावेदारों, परिणाम देने वाले सिद्ध क्षत्रपों को चुनाव में उतार कर, साथ ही इनकी टिकट की घोषणा के कुछ समय पूर्व संपन्न हुई ''महारैली'' में प्रधानमंत्री द्वारा शिवराज सिंह का एक बार भी नाम न लेना, जबकि अन्य दिवंगत नेताओं के नामों का उल्लेख करना, महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए भी शिवराज सिंह की महिलाओं के सशक्तिकरण करने की विभिन्न योजनाएं खासकर ''लाडली बहना योजना'' का उल्लेख न करना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि शिवराज सिंह की ''पारी'' रिटायर्ड हर्ट हुए बिना उन्हें रिटायर कर दिया जाएगा। वैसे हाईकमान ने एक अन्य प्रमुख ग्वालियर चंबल क्षेत्र के ''आयातित'' क्षत्रप केंद्रीय मंत्री महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया को चारों क्षत्रपों के साथ विधानसभा चुनाव में न उतारकर तीन तरह के संदेश दिए हैं। प्रथमः एक क्षेत्र में एक ही क्षत्रप का नेतृत्व होगा। अर्थात ग्वालियर चंबल संभाग में नरेंद्र सिंह तोमर अकेले (सिंधिया के साथ नहीं) नेता बने रहेंगे। दूसरा संदेश कम, सोच ज्यादा यह रही है कि सिंधिया को चुनावी पिच पर उतारने पर अंतर्कलह व नेतृत्व के मुद्दे पर खींचतान बढ़ जाने से फायदा कम नुकसान ज्यादा होगा। तीसरा महत्वपूर्ण संदेश यह भी हो सकता है कि महाराजा को पार्टी (जनसंघ-संघ-भाजपा) की नियमावली अनुसार उन्हें उनकी उस सीमा के भीतर ही रखा जावे, ताकि वह भविष्य के एक व्यावहारिक भाजपाई रंग में पूर्णतः ढलकर पार्टी के लिए उपयोगी नेता बन सके। यद्यपि उनकी परवरिश तो राजमाता सिंधिया के कारण जनसंघ की ही रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1687 - औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्ज़ा किया। 1947 - पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्रसंघ में शामिल हुए। 1984 - उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के बीच 1945 के बाद पहली बार सीमाएँ खोली गईं। 1993 - भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकम्प के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए। 2001 - इस्रायल की आतंरिक मंत्रिपरिषद ने फ़िलिस्तीन के साथ हुए समझौते को मंज़ूरी दी। 2001 - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव राव सिंधिया का निधन। 2002 - पाकिस्तान में कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की। 2003 - विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती। 2004 - चीनी दार्शनिक कन्फ़्यूशियस की 2555वीं जयंती मनाई गयी।

QUIZ TIME

1) हाल ही में मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफइंडिया ने कब नेशनल सिनेमा डे मनाने की घोषणा ?

2) हाल ही में 19वीं एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने किसको हराकर गोल्ड मेडल जीता?

3) भारत कौन से गोलार्द्ध में स्थित है?

4) कौन-सा विदेशी यात्री दिल्ली का काजी नियुक्त हुआ था?

5) अभिनेत्री डायने क्रूगर को ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल में किस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 13 अक्टूबर (2) श्रीलंका (3) उत्तरी व पूर्वी गोलार्ध में (4) इब्नबतूता (5) गोल्डन आई

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -201

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 200 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

आज का पंचांग

सूर्योदयः06:22, सूर्यास्तः 06:14, चन्द्रोदयः18:12, अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास आश्विन, पक्ष कृष्ण, तिथि प्रतिपदा, नक्षत्र रेवती, योग वृद्धि (20:03 से ध्रुव), प्रथम करण बव (15:26 तक), द्वितीय करण बालव (01:51 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य -कन्या, चंद्र-मीन, मंगल-कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध-सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु-तुला।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणःआज जन्मे शिशुओ का नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा हानि की सम्भवना के कारण बड़ा कार्य करने से डरेंगे।

वृष- वैसे तो आपके लिये लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

मिथुन-आज का दिन अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

कर्क-आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा।

सिंह-कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा।

कन्या-आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

तुला- कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा। मनमाना व्यवहार करेंगे इससे आप तो निश्चिन्त रहेंगे।

वृश्चिक-आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे।

धनु-कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा।

मकर-आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा। कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे।

कुंभ-आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी।

मीन-दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

न्यूज गैलरी

अभिनेता व निर्देशक भार्गव की सड़क हादसे में मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री के युवा अभिनेता और निर्देशक अनुपम भार्गव की सड़क हादसे में मौत हो गई। वे मूलतः बिलासपुर के रहने वाले थे। रायपुर में अस्थायी तौर पर रह रहे थे। किसी काम से वे बिलासपुर आए थे। रायपुर लौटते वक्त सरगांव (मुंगेली) के पास एक ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इलाज के लिए उन्हें सिम्स रेफर किया गया जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। इस हादसे से उनकी पत्नी को भी चोटें आई हैं। उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया है। मृतक का अंतिम संस्कार शुक्रवार को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्म तीन ठन भोकवा, साथी रे और जिमिकांदा निर्देशित की थी।

रैली निकाल कर भाकपा ने किया धरना प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र की जन समस्याओं और 14 सूत्री मांगों को लेकर रैली निकाल कर कर धरना प्रदर्शन किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकारों की जनविरोधी नीतियों महंगाई, बेरोजगारी, श्रमिकों का पलायन, भ्रष्टाचार के खिलाफ जोन्धरा चौक से जनपद कार्यालय मस्तुरी तक रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।रैली के बाद जनपद कार्यालय के समक्ष कॉमरेड सुखलाल गढ़ेवाल की अध्यक्षता में धरना-प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा को एडवोकेट लखन सिंह ने संबोधित करते हुए देश में बढ़ती बेरोजगारी नौजवानों के भविष्य के लिये खतरनाक बताया। भाकपा जिला सचिव कॉम. पवन शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया।

माहेश्वरी समाज ने किया संतों का स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। माहेश्वरी समाज ने क्रांति नगर पहुंचे संतों का भव्य स्वागत किया। शाम को आयोजित भजन संध्या में महिलाएं भी शामिल हुई और आनंद उठाया। माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष संदीप काबरा, ओमप्रकाश सोनी, गोपीचंद, मालानी माहेश्वरी के नेतृत्व में जोधपुर से 120 सदस्य एवं कुछ संत अमरकंटक यात्रा के दौरान बिलासपुर पहुंचे। समाज के दिनेश द्वारका दासजी के क्रांति नगरके निवास पर अल्प प्रवास के दौरान समाज के विकास पर परिचर्चा की। संतों के आगमन पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। आरती उतारी गई। शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सभी सखियों ने गुरुमाता के भजन गाकर उनका आशीर्वाद लिया।श्री 108 शांतिश्वर जी बाबाजी महाराज, अवधेश्वरी महिला संत आश्रम जोधपुर के निवासी थे। इस अवसर पर शांता अंजना, अर्पिता, विनीता, ममता, नीता, किरन, रेखा माहेश्वरी, शीला, पुष्पा, पूनम, स्वाति, ममता, आरती, ज्योति, सरिता, सरोज आदि ने उपस्थित होकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

अर्चना की 26वीं तपस्या गतिमान

बिलासपुर/नवप्रदेश। परम पूज्य आचार्य महाश्रमण के आशीर्वाद से बिलासपुर निवासी अर्चना नाहर धर्मपत्नी नवीन नाहर पुत्रवधु इंदिरा - पुष्पराज नाहर की 26 वीं तपस्या गतिमान है, आगे मासखमन का पूरा भाव है। जैन समाज की अर्चना नाहर मासखमण करने की और अग्रसर हैं। उनका गुरुवार को 26 वां उपवास है। जैन समाज में इस वर्ष की सबसे बड़ी तपस्या है। देखा जाए तो बिलासपुर समाज में यह पहली बार मासखमण की कठोर तपस्या नाहर द्वारा की जा रही है। सकल जैन समाज के सदस्य उनकी इस तपस्या की बारंबार अनुमोदना करते हुए उनसे सुखसाता पूछ रहे। श्रीमती नाहर 3 अक्टूबर को संभवतः पारना करेंगी। उस दिन उनका पूरा 30 दिनों तक हर प्रकार के अन्न का त्याग की तपस्या पूर्ण होगी।

पार्षद इब्राहिम खान ने किया जुलूस का इस्तकबाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर वार्ड 46 में पार्षद इब्राहिम खान (अब्दुल) द्वारा जुलूस का इस्तकबाल ओवर ब्रिज के पास किया। ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर वार्ड पार्षद के साथ सैयद शाह, करीम खान, अज़ीम भाई, नईम भाई, रज्जू मौलाना, सलीम खान, सदर इमरान अहमद, तस्लीम खान, फैय्याज अहमद बॉबी, मुकीमुर रहमान, वसीम खान गोलू, हाजी भाई, सैयद यूसुफ, इल्यास अहमद, मोहम्मद शरीफ, आशिफ, लख्ख, अरबाज़, अजमत खान, सैयद इमरान, जोगेंद्र गोयल, राज बंजारे, सत्यम गेंदले, मोहम्मद अयूब, विष्णु तिवारी, अख्तर भाई, सुग्गू भाई, किशन टंडन एवंसमस्त वार्ड वासियों द्वारा एक दूसरे को ईद मिलादुन्नबी का मुबारकबाद देते हुए जुलूस का इस्तकबाल किया गया।

विधायक पांडेय ने दी ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईद मिलादुन्नबी का पर्व गुरुवार को शहर में बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में मुस्लिम जमात के लोगों ने नमाज पढ़कर एक दूसरे को गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाइयां दी। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का नगर विधायक शैलेष पाण्डेय ने भव्य स्वागत किया। मंच पर लगे माइक से हर बार यही कहा गया कि शैलेष की मोहब्बत की दुकान आपका इस्तकबाल करती है। इस स्नेह और सम्मान भरे आत्मीयता से मुस्लिम समाज गद-गद हुआ। उसकी देन कमेटी सहित तमाम कमेटियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका शहर के तमाम चौक चौराहों पर स्वागत करते हुए मुबारकबाद दी गई।

भगत सिंह को 117वीं जयंती पर पुष्पांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहीद ए आजम भगत सिंह जी की 117 वीं जयंती पर गुरुवार को शहीद भगत सिंह चौक दयालबंद बिलासपुर में उन्हें माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। इस अवसर पर किसान मजदूर छात्र बेरोजगार महासंघ बिलासपुर के अध्यक्ष श्याम मूरत कौशिक, सीपीएम किसान नेता नन्द कश्यप, सीपीआई सचिव जिला बिलासपुर काम पवन शर्मा, किसान नेता अंबिका कौशिक, सुरेश अवस्थी, एआईएसएफ के हिमांशु शुक्ला, वैभव शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। पवन शर्मा, नन्द कश्यप, श्याम मूरत कौशिक एवं अंबिका कौशिक ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह के देखे गए सपनों की आज़ादी आज भी देश के किसान मजदूर और गरीबों को नही मिली है। आज भगत सिंह के विचारों को अमल में लाकर संघर्ष के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

रेलवे महाराष्ट्र मंडल में भजन संध्या का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे महाराष्ट्र मंडल में गणेशोत्सव के नौवे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा गणेश भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश की आरती की गई। इसी क्रम में अंजलि जायसवाल (गायिका) का सरला इंगले ने एवं पंकज सोनी (गायक) का बाली बल्हाल ने, सुरेश यादव (गायक)का मधुकर जोशी ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस बीच बाल गायक पीयूष जोशी ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में रेलवे महाराष्ट्र मंडल के सभी वरिष्ठ जन महिला सदस्य एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

महिला के बैग से गहने व रुपए पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मायके से ससुराल कोरबा जाने निकली महिला के बैग से किसी ने छोटा पर्स गायब कर दिया जिसमें रुपए व गहने थे। शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस के अनुसार कुसमुंडा कोरबा निवासी प्रिया ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि मायके ग्राम पोंड से कोरबा कुसमांडा जाने के लिए गांव से ऑटो में बैठ कर नेहरू चौक पहुंची। आटो से उतरने के बाद रुपए देने के लिए पर्स से छोटा पर्स निकालने का प्रयास किया तो पता चला पर्स से किसी ने छोटा पर्स पार कर दिया है। छोटे पर्स में सोने का झुमका व 1 हजार रुपए नहीं था। महिला ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है। सिविल लाइन पुलिस अपराध दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की सहायता से ऑटो में बैठने व उतरने वालों की तलाश की जा रही है।

गरज चमक के साथ हुई बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी में गुरूवार रात लगभग 3 बजे गरज चमक के साथ बारिश हुई। शुक्रवार को आसमान में बादल मंडराते रहे। दिनभर धूप-छांव होता रहा। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी के मुताबिक एक पूर्व पश्चिम हवा का शियर जोन 15 डिग्री उत्तर में 3.1 से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। बता दें कि गुरवार सुबह हुई वर्षा के कारण अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। तापमान 32.8 से गिरकर 32.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 24.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विशेषज्ञ की मानें तो मानसून अभी प्रदेश में सक्रिय है। साइक्लोन के असर से आने वाले दिनों में अभी वर्षा की स्थिति बिलासपुर में बनी रहेगी। प्रतिदिन शाम को मौसम बिगड़ सकता है। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह की शुरुआत भी वर्षा से हो सकती है।

कल से फिर बारिश की संभावन

मौसम विभाग की मानें तो शनिवार से प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा का क्षेत्र और मात्रा दोनों बढ़ने की संभावना है। शुक्रवार से इसका असर दिखाई पड़ सकता है। राहत की बात यह है कि एक सप्ताह के भीतर यह भी पता चल जाएगा कि मानसून की विदाई को लेकर स्थिति क्या बनेगी।

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद द्वारा बुनियादी सुविधाओं के प्रस्ताव का अनुमोदन

स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें : कलेक्टर

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में न्यास के पदेन सदस्य एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व भरतपुर-सोनहत के विधायक श्री गुलाब कमरो, सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप गुप्ता व शासी परिषद की सदस्य मौजूद थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले के विकास के लिए विभागवार तैयार की गई कार्ययोजना एवं प्रस्तावों पर विस्तृत जानकारी परिषद के सदस्यों को दी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक आय-व्यय लेखा, स्वीकृत कार्यों की वित्तीय वर्षवार प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया में मार्च 2023 तक 37 करोड़ रूपए से अधिक की अंशदान प्राप्त हुए हैं, जिसमें से डीएमएफ कोरिया को करीब 30 करोड़ रूपए अंतरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेखाओं का लेखा परीक्षा महालेखाकार के सूचीबद्ध चार्टर्ड एकाउण्ट से जिला खनिज संस्थान न्यायस कोरिया एवं 90 कार्य एजेन्सियों का लेखा परीक्षा कराया गया है, जिसे शासी परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल आपूर्ति, सोलर सिस्टम आदि की प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत एक करोड़ रूपए के स्वीकृत कार्यों का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया गया।

कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में किया जाए साथ ही ऐसे कार्य जो अब-तक नहीं शुरू हुए, उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम ने वित्तिय पूर्वक वार्षिक कार्ययोजना की जानकारी दी साथ ही परिषद द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व विभागीय अधिकारी एवं शासी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पहली बार सीयू ने बनाया स्थान

बिलासपुर/नवप्रदेश। द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय को पहली बार स्थान मिला। भारत के श्रेष्ठतम 50 विश्वविद्यालयों में शामिल होने कामयाबी मिली। इस रैंकिंग के साथ विश्वविद्यालय अब विश्वपटल पर छा गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग मिलने के बाद बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है।

महत्वपूर्ण यह कि विश्व स्तर की इस रैंकिंग व्यवस्था में विश्वविद्यालय 1001-1200 की बैंड में शामिल हुआ है। इस बैंड में 44वीं रैंकिंग से 57वीं रैंकिंग तक के भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। विश्वविद्यालय की यह सफलता रोडमैप के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने, विश्वविद्यालय में सकारात्मक अकादमिक वातावरण बनाते हुए टीम जीजीयू के रूप में सभी को समन्वित रूप से कार्य में लगाते हुए वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में किये गए प्रयासों का प्रतिफल माना जा रहा है। बता दें कि विश्वविद्यालय ने नवोन्मेष एवं परस्पर सहयोग के साथ विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण जिसमें शिक्षार्थी का समग्र विकास सुनिश्चित हो, इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए हैं। अकादमिक गतिविधियों के साथ युवाओं में सेवा और सामाजिक अभिरुचि जगाई गई। इसका परिणाम है कि विश्वपटल में नया कीर्तिमान रचने में सफलता मिली।

द टाइम्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 104 देशों के 1,799 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। दुनिया के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग के दृष्टिकोण से यह संख्या सर्वाधिक है। इस रैंकिंग में 15.5 मिलियन शोध प्रकाशनों में से 121 मिलियन साइटेशन का विश्लेषण, 40 हजार शोधार्थियों के सर्वे के माध्यम से किया गया। इस सर्वे में 2500 संस्थानों से 6.8 लाख बिंदुओं पर आंकड़ों का संकलन किया गया। उद्यमिता एवं स्टार्ट अप की दिशा में इनोवेशन सेंटर, कौशल विकास केंद्र एवं टेक्नालाजी इन्क्यूबेलिंग सेंटर की स्थापना। दो जी-8 कंपनियों माध्यम से छात्रों द्वारा उत्पादन एवं विपणन की व्यवस्था।

हथियार रखकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर तखतपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में लागातार पेट्रोलिंग एवं गस्त कर असामाजिक तत्वों के उपर सतत् निगरानी रखी जा रही है। तखतपुर टाउन पेट्रोलिंग के दौरान रावणभाठ मैदान के पास चण्डी चौक देवांगन मोहल्ला निवासी आरोपी राहुल धुरी पिता रमेश धुरी उम्र 20 साल निवासी अपने कमर में लोहे का चापड बांधकर घुम रहा था। लोगों में दहशत फैला रहा था, जिसे तखतपुर पुलिस द्वारा पकडकर आरोपी के पास से लोहे का चापड जब्त किया गया। आरोपी राहुल धुरी को धारा 25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

गांव,गलियों के गणेशोत्सव में जिपं सभापति गौरहा ने की शिरकत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुख समृद्धि और वैभव का आशीर्वाद देकर पार्वती नंदन श्री गणेश बैकुंठ धाम लौट गए। जगह जगह प्रथम पूज्य का लोगों ने पूजा आराधना कर आशीर्वाद मांगा। आम जनता ने इस दौरान पूरे समय मन वचन से श्री गणेश की सेवा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।गणेश चतुर्थी की पूजा के बाद भगवान श्री गणेश अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर वैकुंठ धाम लौट गए। आम जनता ने इस दौरान भक्ति भाव से शिवनंदन का पूजा पाठ किया। साथ ही गांव जिला और प्रदेश में अमन चैन का आशीर्वाद भी मांगा। पूरे समय भक्तों ने भजन संध्या के साथ ही जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिरकत भी किया। भगवान श्री सन्मुख गणेश से आशीर्वाद भी मांगा। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के बीच पहुंचकर

अंकित गौरहा ने बताया कि हिंदू धर्म में किसी भी पूजा उपासना के पहले भगवान श्री गणेश की उपासना और पूजा होती है। हम 12 महीने सभी प्रकार के आयोजन में भगवान श्री गणेश की वंदना करते हैं। इसके बाद ही अन्य कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। अंकित गौरहा ने बताया कि सबसे पहले सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने का अभियान बाल गंगाधर तिलक के प्रयास से शुरू हुआ। आजादी के पहले गणेश उत्सव आयोजित करने का मूल उद्देश्य देश के लिए मर मिटने वालों को आजादी का संदेश देना था। इस दौरान भारत मां के बेटे आजादी को लेकर एकता का मंत्र जन जन तक पहुंच जाते थे। कमोबेश आज भी वही स्थिति है। हम जगह जगह गणेश उत्सव का आयोजन कर एकता और आपसी स्नेह का परिचय देते हैं। अंकित ने कहा हमारे देश में गणेश उत्सव का स्थान सबसे ऊपर है। भगवान गणेश हमारे बीच साकार रूप में उपस्थित रहते हैं। सभी की मुरादे भी पूरी करते हैं। सभी धर्मों के लोग इस दौरान देश में अमन चैन और भाईचारे का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। गौरहा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र के कमोबेश सभी 21 ग्राम पंचायत में पहुंचने का अवसर मिला। इस दौरान भगवान के सामने मत्था टेक कर गांव गरीब जिला और प्रदेश की उन्नति का आशीर्वाद मांगा,साथ ही जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करने का अवसर मिला।

कैडेट्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

बिलासपुर। एनसीसी कैडेट के द्वारा 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत हर दिन अलग-अलग आयोजन किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के निर्देशानुसार मल्टीपरपस स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने साइकिल रैली निकाली गई। इसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष गुलशन, संजय महोबे, प्राचार्य डॉ. चंदानापान, एनओ फर्स्ट ऑफिसर अशोक कुमार नागपुरे व हवलदार दिलीप सिंह उपस्थित थे।

ट्रैफिक असिस्टेंट के घर से गहने व नगद ले गए चोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। वायरलेस कॉलोनी निवासी रेलवे विभाग कर्मचारी के सूने मकान से चोर लाखों रुपए के गहने व चांदी की मूर्तियों व नगद चोरी कर ले गए। घटना के दौरान रेलवे कर्मचारी ड्यूटी पर व उनकी मां, पत्नी व बच्चे गणेश पंडाल घूमने निकले थे। रेलवे कर्मचारी ड्यूटी से घर लौटा तो घटना का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर तारबाहर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच को आगे कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार वायरलेस कालोनी बी श्रीनिवास पिता बी कृष्णा राव रेलवे विभाग में ट्रैफिक असिस्टेंट वन के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को दोपहर 2 बजे बी श्रीनिवास राव ड्यूटी पर चले गए। रात लगभग 11 बजे ड्यूटी से लौटने के दौरान पत्नी को फोन कर घर की चाबी ली। रात लगभग 11.30 बजे घर लौटे देखा घर में लगा ताला टूटा हुआ है। पड़ोसियों को बुलाकर घर अंदर दाखिल हुए तो पता चला अलमारी का लॉकर तोड़कर चोरों ने अंदर रखे सोने के गहने, सोने की चेन, झुमका, पूजा कक्ष में रखे चांदी की कटोरी, लोटा, चांदी की मूर्ति व सिक्के सहित 5 सौ रुपए नगद चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए गहने व सामान की कीमत लगभग डेढ़ लाख से अधिक बताई जा रही है। चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने तारबाहर थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है।

माहेश्वरी समाज ने किया भजन-कीर्तन

बिलासपुर/नवप्रदेश। माहेश्वरी समाज के महासभा के अध्यक्ष संदीप काबरा, ओमप्रकाश सोनी, गोपीचंद मालानी के नेतृत्व में जोधपुर से 120 सदस्य व संतों का दल अमरकंटक यात्रा पर पहुंचा है। बिलासपुर में समाज के दिनेश द्वारका दास भूतड़ा क्रांति नगर के निवास पर संतो ने उद्बोधन दिया और महिलाओं ने भजन गया। श्री 108 शांति श्वर बाबजी महाराज, शांता, अंजना, अर्पिता, दिनेश, राजेश, राहुल, विनीता, ममता, नीता, किरन, रेखा, शीला, पुष्पा, पूनम, स्वाति, ममता, आरती, ज्योति, मीणा मौजूद रहीं।

ईद मिलादुन्नबी पर रक्तदान, जुलूस में स्वच्छता का रखा ख्याल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पैगम्बरे इस्लाम की आमद पर पूरे शहर में जश्न का माहौल बना रहा। मुस्लिम समाज के लोगों ने जरूरतमंदों के लिए पहले रक्तदान किया। इसके बाद सुबह से बाइक रैली और दोपहर में जुलूस निकालकर अमन-चैन और भाईचारे का संदेश दिया।

जुलूस के स्वागत के लिए जगह-जगह बने मंच पर पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा था। वहीं जुलूस के स्वागत के बाद फैले कचरे को समाज के लोगों ने तुरंत साफ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा इस बार समाज ने पर्यावरण का ध्यान रखते हुए मुख्य जुलूस में आतिशबाजी नहीं की गई। न ही डीजे बजा और न ही शस्त्र प्रदर्शन किया गया। ईदगाह में परचम कुशाई की रस्म के बाद नमाजे मकरीब अदा की गई। पैगंबर इस्लाम के जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी के तौर पर मनाया गया। शहर में जगह-जगह मक्का और मदीना शरीफ की झांकी बनाई गई थी। समाज के लोगों ने दोपहर 2 बजे मुख्य जुलूस उसकी देन कमेटी की सरपरस्ती में सत्यम चौक से निकाला। सीएमडी कॉलेज चौक में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, रामदेव कुमावत, सैयद मकबूल अली, प्रवीण दुबे ने स्वागत किया। सीएमडी कॉलेज चौक में पार्षद रविंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, हटरी चौक में गोल बाजार में व्यापारी संघ व सिटी कोतवाली में विधायक शैलेष पांडे ने जुलूस का स्वागत किया। ब्लॉक-1 के अध्यक्ष जावेद मेमन ने जुलूस का सत्यम चौक पर स्वागत किया। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तैयब हुसैन, जयकिशन यादव, सोहेल अहमद, विनय वैद्य, अयाज खान, वकार खान, शांतनु मेश्राम, रिजवान खान, छोटू यादव, प्रेम सोना मौजूद रहे। अग्रसेन चौक में दिलदार कुरैशी, नवाज खान, लिंक रोड में गैरेज व्यापारी संघ के मो. इरशाद, मो. नसीम, तारबाहर में सुननी नगीना मस्जिद एवं दारुल उलूम गरीब नवाज के मो. सलीम, शेख सलीम, एस. कार्य रेड्डू, इमरान, शेख नईम, शेख जुनैद, हाईकोर्ट रोड में मो. शमीम, अफसर अली, अख्तर खान, आसिफ अली, आमिर अली, डीपी कॉलेज के सामने गुलशन आलिया कमेटी, दममदार बेड़ापार कमेटी के कमल रजक, शाहरुख खान, सोनू मानिकपुरी, आरिफ खान, शीतल रजक, सागर, श्याम टॉकीज के पास हनीफ मोहम्मद, सलीम मोहम्मद, कलीम अफजल ने स्वागत किया।

कलेक्टर ने किया जिले के दूरस्थ इलाकों का सघन दौरा

- पखांजूर क्षेत्र में देखा रीपा का कामकाज
- समूहों की महिलाओं को किया प्रोत्साहित
- ग्राम कापसी, बांदे, डोंडे, पुरूषोत्तम नगर, सावेर, मरोड़ा में हुईं रूबरू

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में अवस्थित पखांजूर इलाके का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गौठान, रीपा सेंटर में निर्माणाधीन प्रोसेसिंग यूनिट और मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने आज अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छोटे कापसी में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 31 का औचक निरीक्षण किया जहां बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने तथा संशोधित करने के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान पंजी का निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कक्षा 12वी के क्लासरूम में जाकर विद्यार्थियों से उनकी अभिरुचि और भावी लक्ष्य के बारे में उन्होंने चर्चा की।

इसके उपरांत वे ग्राम डोंडे में रीपा कार्यक्रम के तहत स्थापित की जा रही फ्लाई ऐश ब्रिक्स और मल्टी फीड और लेयर फार्मिंग की प्रॉसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया। उन्होंने यूनिट स्थापित करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश जनपद पंचायत के सीईओ को दिए। साथ ही आसपास के आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडे की आपूर्ति हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात वे पखांजूर में बीएलओ की बैठक लेकर मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके बाद वहां के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर पखांजूर में आदर्श मतदान केन्द्र तैयार करने के निर्देश दिए जहां सेल्फी जोन भी स्थापित किया जाएगा।

प्रत्येक अन्नदाता को मिले उनकी मेहनत का वाजिब दामः कलेक्टर

पखांजूर क्षेत्र में प्रवास के दौरान कलेक्टर डॉ. शुक्ला आज दोपहर को पुरूषोत्तम नगर पहुंचीं, जहां पर उन्होंने मक्का प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन कर कृषक समूह के सदस्यों से रूबरू हुईं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के मक्का और मछली उत्पादन की काफी संभावनाएं हैं और यहां के किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब दाम मिले, इसके लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। कलेक्टर ने बताया कि बिचौलियों की मध्यस्थता खत्म करने और मेहनतकश किसानों को उनका हक दिलाने के उद्देश्य से यह प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की गई है। उन्होंने समूह के जरिए संगठित होकर सबको उचित दिशा में सार्थक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान एफपीओ के सदस्यों ने बताया कि इस साल मक्का विक्रय एवं प्रोसेसिंग का टर्नओवर 2.15 करोड़ रुपए रहा। कलेक्टर ने आने वाले दिनों में इसमें और अधिक वृद्धि के लिए समूह के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद वे ग्राम सावेर के महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क (रीपा) में निर्माणाधीन फिश फीड यूनिट, दोना पत्तल निर्माण यूनिट का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम मरोड़ा के चेक पोस्ट में संधारित पंजी का निरीक्षण किया तथा आगामी निर्वाचन के मद्देनजर वहां से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही पर मुस्तैदी से निगाह रखने के निर्देश ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम पखांजूर बी एस उईके सहित विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

गढ्डों भरी सड़क में भाजपाईयों ने लगाया बेशरम का पौधा लगाकर प्रदर्शन किया

- बीटीआई चौक से लेकर कचहरी चौक तक रैली भी निकालकर नपा अध्यक्ष से मांगा इस्तीफा

जांजगीर/नवप्रदेश। शुक्रवार को जांजगीर नैला नगर पालिका के विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं नगर मंडल भाजपा के द्वारा जांजगीर नैला शहर में मुख्य मार्ग के किनारे एक से डेढ़ फीट गड्ढो के पास पहुँचे और बेशरम के पौधे लगाकर उसका नामकरण किया गया। साथ ही वार्ड नंबर 6 के पार्षद अमित यादव ने जर्जर सड़क के गड्ढों मे भरे कीचड़ में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया गया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष को इस्तीफा देने किया मांग कि गईं। भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं नगर मंडल भाजपा ने बीटीआई चौक से लेकर कचहरी चौक तक रैली भी निकाली। भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं नगर मंडल भाजपा के पदाधिकारियों ने बताया कि बीटीआई चौक से लेकर कचहरी चौक तक डीएफ फंड से लगभग 1 करोड़ 31लाख रुपया से रोड निर्माण कार्य किया जाना है जिसे नगर पालिका जांजगीर नैला के द्वारा संबंधित ठेकेदार शिवम् कंस्ट्रक्शन को दिया गया है जो विगत एक माह से बीटीआई स्कूल के पास लगभग एक से डेढ़ फीट गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है और आज पर्यंत तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिससे आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है बड़ी गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है एवं आम जनता को आने-जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इसी प्रकार नगर के हृदय स्थल कचहरी चौक से लेकर नेताजी चौक तक रोड में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन को दुर्घटना हो रही है इसमें डीएमएफ फंड से जारी की गई राशि लगभग एक करोड रुपए शासन द्वारा दिया गया है। जिसका भी कार्य आज पर्यंत तक आरंभ नहीं हो सका है खराब सड़के नाली नगर की विद्युत व्यवस्था एवं जल आवर्धन योजना विगत वर्षों से बंद पड़ा है उसे भी जल्दी काम को शुरू करने की मांग किया गया अगर भारतीय जनता युवा मोर्चा और नगर मंडल के इस विरोध प्रदर्शन में रोड सुधार का कार्य नहीं हुआ, इसके विरोध मे 5 अक्टूबर 2023 को नगर पालिका में धरना प्रदर्शन कर ताला लगाया जाएगा।

विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- बच्चों ने नाटक के माध्यम से दिया जागरूकता का संदेश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया जाता है। इसकी शुरुआत सन 2007 में पहली बार की गई और उसके पश्चात लगातार प्रतिवर्ष रेबीज दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य लोगों में रेबीज के प्रति जागरूकता लाना एवं समय पर इसका इलाज कराया जाना है। रेबीज एक विषाणु जनित घातक बीमारी है,जो मस्तिष्क को प्रभावित करता है। मनुष्य में यह रेबीज पीड़ित जानवर मुख्यतः कुत्ते के काटने एवं अन्य जंगली जानवर के काटने या खरोचने से होता है। रेबीज के लक्षण शुरू होने के पूर्व ही इसका उपचार के द्वारा रेबीज को आसानी से रोका जा सकता है। शासन के द्वारा रेबीज के बचाव हेतु निःशुल्क टीके सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराए गए हैं। जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला स्तर से शासकीय जी एन एम प्रशिक्षण केंद्र दंतेवाड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नियम एवं गायत्री कॉलेज आफ नर्सिंग के छात्र,छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों के मध्य से रंगोली पेंटिंग एवं नाटक प्रतियोगिता के माध्यम से रेबीज के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। पेंटिग प्रतियोगिता में गायत्री कॉलेज आफनर्सिंग के छात्राओं ने बाजी मारी एवं नाट्य प्रतियोगिता में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों ने बाजी मारी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बाशा ने छात्र-छात्राओं को रेबीज के प्रति विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर एस मॉडल, एपिडेमियोलॉजी डॉ सीमा तिग्गा, प्राचार्य शासकीय जीवन प्रशिक्षण केंद्र दीपाली मंडल, मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, अनिल हटवार गायत्री कॉलेज आफ नर्सिंग के शिक्षक एवं जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षा के स्टाफमौजूद थे।

गांवों में पहुंची विशेषज्ञों की टीम द्वारा पाइप लाइन का निरीक्षण

- केंद्रीय टीम ने देखा जल जीवन मिशन का काम, ग्रामीणों से ली जानकारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन का काम जिले में तेजी से चल रहा है। भारत सरकार द्वारा नियुक्त नेशनल वाटर एक्सपर्ट टीम द्वारा जिले के एक दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा कर निरीक्षण किया गया और कार्यों के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी भी लिया गया। इसके तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय जल जीवन मिशन टीम के डॉ. कपिल देव शर्मा एवं जय भगवान दिल्ली के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले के 16 गांव मसेनार, नकुलनार, कुआकोंडा, मैलावाड़ा, समलवार, दुगेली, नेरली, बेहनार, केशापुर, बासनपुर, चितालुर, चितालंका, पालनार, अचेली, समेली, मेंडपाल में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का केंद्रीय टीम के द्वारा अवलोकन किया गया और जानकारी ली गई।

सरकार के निर्देशानुसार टीम द्वारा फील्ड में जाकर हर घर जाकर पानी की मात्रा जांच की गई एवं ग्रामीणों से चर्चा कर जल जीवन मिशन योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। कुछ जगह योजनाओं में आ रहे कमियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अधिकांश जगह गुणवत्तापूर्वक कार्य पाए जाने पर टीम द्वारा हर्ष जाहिर की गई।

महिलाओं की टीम से चर्चा कर जानकारी ली गई

इसके साथ ही टीम ने ग्राम पंचायत स्तर पर जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए बनाई गई ग्राम जल स्वच्छता समिति तथा ग्रामीणों से इसके संबंध में चर्चा की गई और योजना के बारे में उनसे जानकारी ली। टीम द्वारा हर घर शुद्ध जल पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर जल बहिनियों (जल की जांच के लिए बनी महिलाओं की टीम) से अपने समक्ष जल गुणवत्ता का परीक्षण करवाया गया एवं उपयोग संबंधित निर्देश दिए गए। टीम द्वारा निरीक्षण में गांव में जेजेएम के तहत कनेक्शन दिए गए कुल घरों की संख्या, ग्रे वाटर प्रबंधन के निस्तारण, संचालन एवं रखरखाव की क्षमता विकास प्रशिक्षण अंतर्गत दिए गए मानव संसाधन की जानकारी तथा सरकार द्वारा प्राप्त राशि का आय तथा व्यय का संपूर्ण विवरण लिया गया। जमीनी स्तर पर मिशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रामीणों से ली जाने वाली अंशदान की राशि को ग्राम जल स्वच्छता समिति के खाते में समय समय पर जमा करने निर्देश दिए गए। इस दौरान पीएचई के ईई निखिल कंवर, विजिट के नोडल अधिकारी सहायक अभियंता देवेंद्र आर्मो सहित अन्य उप अभियंता, आईएसए एवं आईईसी जिला समन्वयक, समस्त आईएसए, टीपीआई, ठेकेदार तथा ग्रामों के सरपंच, सचिव, वार्ड पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, महिला स्व सहायता समूह एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

आदिवासी विकास शाखा में स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना आवेदन 3 तक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 में निहित निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मान्यता प्राप्त चिकित्सा एम. बी. बी. एस. ध्बी. ए. एम. एस. आर. एम. ए. डिग्री धारी हो से 03 अक्टूबर 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। इसके नियम एवं शर्तें अनुबंधित निजी प्रैक्टिशनर चिकित्सक को माह में कम से कम दो बार संस्था में निवासरत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना होगा। प्रति परीक्षण 50 सीटर समस्या हेतु 750 रूपए तथा 100 सीटर संस्था हेतु 1200 रूपए तक नियमानुसार मानदेय देय होगा। निजी प्रैक्टिशनर चिकित्सक अपने लेटर पेड़ में एक या एक से अधिक संस्था अर्जित डिग्री हेतु अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दंतेवाड़ा के नाम से आवेदन पत्र 03 अक्टूबर 2023 तक पंजीबद्ध डाक अथवा सीधे जमा कर सकते है। अनुबंध हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। नियम अनुबंध एवं शर्तों तथा संस्थाओं की विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दंतेवाड़ा से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

भाजपा विधानसभा प्रभारी का परलकोट प्रवास

अंतागढ़ सीट के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

पखांजूर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अभी से काफी गंभीर दिखाई दे रहे है,अंतागढ़ विधानसभा प्रभारी गौतम गोलछा जी पूरे एक्टिव के साथ लगातार तीन दिनों से परलकोट पखांजूर में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारियों से मिलकर, उनमें चुनाव को लेकर जोश भर रहे है।वे पूरे सक्रियता के साथ आम जनताओ सेमिल रहे है,सरकार के कार्यों का भी जायजा ले रहे है।सभी वर्गो से रायशुमारी कर रहे है।इस समय स्थानीय कार्यकर्ता में अलग ही उत्साह है।उनके द्वारा भाजपा की वापसी की पूरी दावा भी किया जा रहा है।

वही पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने भूपेश सरकार को फिसड्डी सरकार कहते हुए आड़े हाथों लिए,वही उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार सिर्फ घोषणा ही करती है धरातल पर उनका कोई काम नही दिखता।केंद्र सरकार की योजनाओं का जनताओं को कोई लाभ ना देकर आम लोगो को छला है,जनता इसकी जवाब कांग्रेस को चुनाव में देगी।चर्चा के दौरान गोलछा जी ने विशेष कर गोठन का जिक्र करते हुए कहा,भूपेश सरकार गोठान को लेकर पूरे प्रदेश में झूठे वाहवाही लूट रहे है,जबकि गोठान की जमीनी हकीकत कुछ ओर है,कही पशुओं के लिए चारे नही,कही पानी की व्यवस्था नही,कही दिवस नही,गोठनो में जंगल झाड़ी उग गए,लाखो की बजट वाली ये गोठने जमीनी स्तर पर, पांच सालो में अपने मूर्त रूप में आ नही पाई।

जिले में 2 से 6 अक्टूबर तक होगा ग्राम सभा का आयोजन

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में आगामी 02 से 06 अक्टूबर तक ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा ग्राम सभा का आयोजन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा की तिथि निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया है, ताकि एक ही दिनांक को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्राम सभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे तथा ग्राम सभा का आयोजन सुव्यवस्थित से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्राम सभा के आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाये, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर तथा मुनादी कराकर सभी ग्राम सभा सदस्यों को दी जाये। साथ ही ग्राम सभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा ग्राम सभा के लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाये और वीडियो को ''ग्राम सभा निर्णय'' GS NIRNAY मोबाइल एप्प में अपलोड करायें तथा ग्राम सभा के गतिविधियों को वाइब्रेट ग्राम सभा पोर्टल https://meetingonline.gov.in एवं GPDP पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराने एवं निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर पंचायत को 13 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छग में कांग्रेस का ...

उतारे जाएंगे। आवेदनों की शॉर्ट लिस्टिंग कर अंतिम रूप दिया गया है। कुछ सीटों में एक से दो पैनल और अधिकांश सीटों में सिंगल नाम फाइनल है। कमेटी एक बार फिर बैठेगी और फिर लिस्ट फाइनल हो जाएगी। नए चेहरों में महिलाओं और युवाओं को इस बार मौका मिलेगा। वहीं सीएम भूपेश बघेल भी कह चुके हैं कि तय समय पर ही प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होगी। वहीं उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव मीडिया में कह चुके हैं कि सिर्फ एक टिकट फाइनल है। सभी को टिकट देना संभव नहीं है। नामों पर चर्चा चल रही है।

सर्वे में 18 विधायकों ...

22 नए चेहरे और खराब रिपोर्ट वाले 18 विधायकों के आंकड़ों को देखें तो यह आंकड़ा 40 पहुंच जाता है। कुल मिलाकर 90 में से 40 सीटों पर इस बार नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। कई ओपिनियन पोल भी आए हैं, जिसमें भूपेश बघेल को लोकप्रिय मुख्यमंत्री बताया गया है, लेकिन 44 प्रतिशत जनता विधायकों के कामकाज से नाराज हैं।

इन सीटों पर नए ...

बिलाईगढ़, कसडोल, तखतपुर, डोंगरगढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, बैंकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, कुनकुरी, बिल्हा और जशपुर विधानसभा सीट पर नए प्रत्याशी उतार सकती है। इन सीटों पर कांग्रेस को हार मिली थी और कुछ सीटों में वर्तमान विधायकों की सर्वे रिपोर्ट कमजोर आई है। बहरहाल, राजनीतिक में कुछ भी स्पष्ट तौर पर नहीं कहा जा सकता है। अब यह टिकट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

मेनका गांधी को इस्कॉन ...

की टिप्पणी पर इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा है कि सांसद की टिप्पणी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके बयान से दुनिया भर में हमारे भक्त आहत हैं। इस्कॉन उनके खिलाफ100 करोड़ रुपये की मानहानि के मामले में कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। राधारमण दास ने कहा कि हमने मेनका गांधी को नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि एक सांसद, एक पूर्व केंद्रीय मंत्री, इतने बड़े समाज के खिलाफ बिना किसी सबूत के झूठ कैसे बोल सकती हैं?

मेनका का वीडियो वायरल होने के बाद इस्कॉन की ओर से आरोपों का खंडन किया गया। इस संबंध में पत्र जारी कर इस्कॉन ने कहा कि संगठन न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में गाय- बैल की रक्षा एवं देखभाल में लगा रहा है। हमारे यहां गाय और बैलों की जीवन भर सेवा की जाती है। कसाइयों को हाथों बेचने के आरोप बिल्कुल गलत हैं। इस्कॉन के प्रवक्ता युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा कि मेनका गांधी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की गोशाला के बारे में कह रही हैं। वहां 250 से ज्यादा ऐसी गायें हैं, जो दूध नहीं देतीं। वहां सैकड़ों बछड़े भी हैं। मेनका के आरोप झूठे और निराधार हैं।

राजधानी सहित अन्य ...

प्रदेश में 41.10 इंच बारिश, कोटा पूरा

राज्य में अब तक औसत 41.10 इंच बारिश हो चुकी है। आज भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहेगा। प्रदेश में 4 जिले में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। इनमें बलौदाबाजार, बीजापुर, मुंगेली, रायपुर शामिल है। 17 जिलों में औसत बारिश हुई है। 6 जिलों में औसत से कम वर्षा है।

कैसे रहेंगे अगले 24 घंटे

हल्की बारिशः बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिले में।

मणिपुर में जारी...

कहा था कि राज्य में जारी हिंसा के दौरान आगजनी के जरिए 386 धार्मिक संरचनाओं को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने कहा, इनमें से 254 चर्च और 132 मंदिर थे। ये धार्मिक संरचनाएं आगजनी के 5,132 दर्ज मामलों में से थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में हिंसा के मानवीय पहलुओं को देखने के लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की थी। समिति में बॉम्बे हाई कोर्ट की पूर्व जज शालिनी पी जोशी और दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्व जज आशा मेनन भी शामिल हैं।

दिल्ली में 25 करोड़ की ...

भिलाई में पकड़ लिया गया। अब वो छत्तीसगढ़ पुलिस की हिरासत में है।

पूरा शो रूम साफ कर गए चोर

चोरों ने पूरा का पूरा शो रूम ही साफ कर दिया था। मानों किसी ने बंद शो रूम के अंदर झाड़ू फेर दिया हो। दुकान की अलमारियों और शो केस में रखी ज्वेलरी के साथ-साथ यहां बने खुफिया स्ट्रॉन्ग रूम तक में सेंधमारी कर चोरों ने सोने-चांदी की ज्वेलरी के अलावा कीमती जेम्स स्टोन यानी हीरे-जवाहरात तक, सब कुछ उड़ा दिए।

छत के रास्ते आए थे चोर

चूंकि दुकान का ताला सामने से बिल्कुल इंटैक्ट था और इसकी बाहरी दीवार पर कहीं से कोई सेंधमारी नहीं हुई थी, तो ये साफ था कि चोर छत के रास्ते ही अंदर आये थे। वैसे भी मंगलवार की सुबह दुकानदार को छत के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। एक सवाल ये भी है कि चोर आखिर दुकान की छत पर कैसे पहुंचे, तो पुलिस इस संभावना को भी समझने की कोशिश कर रही है। शक है कि शायद चोर पहले आस-पास की किसी दूसरी बिल्डिंग की छत पर पहुंचे होंगे और फिर वहां से दुकान की छत पर आए होंगे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 684/न.पा./लो.नि.वि./2023-24 मुंगेली, दिनांक 2709 /2023

-: प्रथम/द्वितीय मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 से कम बराबर या अधिक दर पर स.क्र. 01 एवं 03 डीएमएफ मद, स.क्र. 02 अध्यक्ष मद एवं स.क्र. 04 अधोसंरचना मद अंतर्गत निविदा प्रपत्र (अ) में निम्नलिखित सिविल कार्यों की मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

प्रथम निविदा आमंत्रण सरल क्र. 01 एवं 02 के कार्य के लिए :-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 05/10/2023 समय सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 12/10/2023 समय दोपहर 4.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 19/10/2023 समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 19/10/2023 समय दोपहर 4.00 बजे

द्वितीय निविदा आमंत्रण सरल क्र. 03 से 04 के कार्यों के लिए :-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 04/10/2023 समय सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 06/10/2023 समय दोपहर 4.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 13/10/2023 समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 13/10/2023 समय दोपहर 4.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	अवधि	रिमार्क
1	वार्ड क्र. 08 देवांगन समाज मुक्तिधाम हेतु बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य	10.16	7600.00	750.00	03 माह	सक्षम श्रेणी
2	वार्ड क्र. 08 मुक्तिधाम में दाह संस्कार शेड (Buming shed 8x9) निर्माण कार्य	6.35	5000.00	750.00	02 माह	सक्षम श्रेणी
3	वार्ड क्र. 06 परमहंस वार्ड में मुक्तिधाम शेड निर्माण कार्य	3.00	2300.00	750.00	01 माह	सक्षम श्रेणी
4	वार्ड क्र. 05 बजरंग अखाड़ा से मजार तक आर.सी.सी. पोट्रेक्शन वॉल निर्माण कार्य	1.50	2000.00	300.00	01 माह	सक्षम श्रेणी

टीप :- 1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्त कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. जी. एस. टी. पंजीयन कापी, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. निविदा राशि की 15 प्रतिशत राशि बैंक साल्वेंसी प्रमाण पत्र (01 वर्ष से अधिक नहीं)।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

सट्टा खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। जुआ-सट्टा के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई। थाना मुंगेली द्वारा जुआ खेल रहे आरोपी जगदीश तिवारी एवं 4 अन्य के कब्जे से राशि 16400 रूपये जप्त कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। सट्टा खेल रहे 1 आरोपी के विरूद्ध भी थाना मुंगेली द्वारा कार्यवाही कर 1000 रूपये की जब्त की गई। जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मुंगेली द्वारा मुखबिरों की सूचना पर ग्राम चिरहूला में दबिश देकर जुआ खेल रहे कुल 5 आरोपी जगदीश तिवारी, शंकर श्रीवास, सहदेव यादव, शिवराज बरेठ एवं रंजन जोशी के कब्जे से 16400 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार बालानी चैक में सट्टा खेल रहे आरोपी राजू कश्यप के कब्जे से 1000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मुंगेली द्वारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

स्कूटी व ट्रक के पार्ट्स चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। दो दुकान का ताला तोड़ कर लोहे का सामान व दो पहिया वाहन की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवक को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। कोतवाली के पीछे निवासरत मामन चंद अग्रवाल 61 साल ने पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि टीपी नगर बाइपास रोड में एरन ट्रेडर्स नामक आटो पार्ट्स दुकान का संचालन करते हैं। 26-27 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुकान का ताला तोड़कर एक पुराने ट्रक का कमानी पट्टा और लोहे का कछुआ पार्ट्स को चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सीएसईबी ने धारा 457, 380 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसी तरह संजय प्रधान 38 वर्ष निवासी अमरैईया पारा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि टीपी नगर बाइपास रोड में केरला होटल के पास बीएल इंजीनियरिंग नामक दुकान का संचालन करते है। 26 व 27 सितंबर की रात दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एएम 1531 को चोरी कर ली। इस मामले में भी पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। एक ही रात में दो स्थान पर चोरी होने से पुलिस भी चिंतित हो उठी। दोनों मामले की जांच करने के साथ ही मुखबिरों को भी सतर्क किया गया। इस दौरान पुलिस ने सूचना मिलने पर शेख असलम 26 वर्ष निवासी संजय नगर तालाब पारा, आकाश चौहान उर्फ मोटू 19 वर्ष निवासी ग्राम सरगबुंदिया, हाल मुकाम शारदा विहार अटल आवास क्रमांक 13 चौकी मानिकपुर तथा ओम प्रकाश पटेल उर्फ राजा 22 साल निवासी महावीर चौक 15 ब्लाक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस पर तीनों युवकों ने चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने स्कूटी व ट्रक में इस्तेमाल होने वाला पुराना कमानी पट्टा एक एवं लोहे का पार्ट्स कछुआ को चोरी करना बताया। उनके निशान देही पर स्कूटी व चोरी का सामान बरामद किया गया। वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायिक रिमांड पर तीनों आरोपितों को न्यायालय पेश कर जिला जेल कोरबा दाखिल कर दिया गया।

दो गुटों में विवाद, चाकू मारकर युवक की हत्या

कोरबा/नवप्रदेश। अनंत चतुर्दशी के दौरान गणेश विसर्जन करने जा रहे युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक गुट ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाराज बस्तीवासियों ने कोरबा-दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिया। आरोपितों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद देर रात आंदोलन समाप्त हुआ। शहर में दोपहर से गणेश विसर्जन का दौर शुरू हो गया था। समितियों द्वारा डीजे, बाजा गाजा के साथ निकले और नहर व नदी में भगवान गणेश का विसर्जन करते रहे। इसी दौरान ढोंढीपारा में विराजित भगवान गणेश को लेकर समिति के पदाधिकारी व बस्तीवासी भी विसर्जन करने जा रहा था। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत स्कूलपारा कोहड़िया के पास अन्य स्थान से तीन समितियां भी विसर्जन करने जा रही है। इसी दौरान युवकों के दो गुट में किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। जो बढ़ गया और दोनों पक्ष के मध्य जमकर मारपीट हुई। इसी बीच एक युवक पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक को गंभीर रूप से चोट लगी, उसे बचाने आए एक अन्य युवक भी घायल हो गया। इसके साथ ही स्थल पर भगदड़ मच गई। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरीश कुमार के रूप में हुई, वहीं घायल का नाम भूपेंद्र बताया जा रहा है, जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। दोनों बरपारा कोहड़िया के निवासी हैं। हमला करने के बाद सभी युवक भाग गए। घटना की जानकारी जैसे ही बरपारा कोहड़िया में पहुंची, वैसे ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और काफी संख्या में बस्तीवासी ढोंढीपारा के पास पहुंच गए और कोरबा. दर्री मार्ग में चक्काजाम कर दिए। घटना की जानकारी मिलते ही सीएसईबी पुलिस स्थल पर पहुंची और समझाइश देना शुरू की। पुलिस ने आश्वस्त किया कि मामले में दोषी सभी आरोपितों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

एकाएक चक्काजाम से वाहनों की लगी कतार

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा. दर्री मार्ग में एकाएक चक्काजाम किए जाने से वाहनों के कतार लग गई। दर्री से कोरबा आने व जाने वालों को लोग रास्ते में फंस गए। बस्तीवासियों ने बड़े वाहन के साथ ही छोटे वाहनों की भी आवाजाही रोक दी। कल शाम होने की वजह से मार्ग में काफी भीड़ थी। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग मार्ग बदल कर तुलसीनगर, राताखार होते हुए दर्री के लिए रवाना हुए। आंदोलन खत्म होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

सामाजिक बहिष्कार करना मानव अधिकारों का हनन है : डॉ किरणमयी नायक

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 228 वीं व जिला स्तर पर 08 वीं सुनवाई हुई। जांजगीर जिले में आयोजित जनसुनवाई में कुल 32 प्रकरण रखे गये। जिनमें 06 केस में सुनवाई की गयी, 09 केस नस्तीबद्ध किये गये, 02 केस की सुनवाई रायपुर में की जावेगी। सामाजिक बहिष्कार संबंधी मामले में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय तथा सखी सेंटर की केन्द्र प्रशासक तथा प्रोटेक्शन आफिसर श्रीमती अनुपमा सिंह कवंर को जिम्मेदारी दी गयी कि आवेदिका के गांव मे औचक निरीक्षक कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया गया। अन्य मामले में पति-पत्नी का साथ जीवन यापन करना संभव नहीं है। आपसी राजीनामा से तलाक लेना चाहते हैं। आपसी तलाक हेतु उपयुक्त सलाह एवं वकील देने हेतु सखी सेन्टर को निर्देशित किया गया। एक अन्य मामले में दोनों पक्षों को सुना गया

जिसमे आवेदिका के पिता ने पामगढ़ थाने में धारा 363 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया था उसके पश्चात आवेदिका के द्वारा 354घ, 509क आईपीसी के तहत थाना जांजगीर में प्रकरण दर्ज करायी गयी। चूंकि दो दो मामले पुलिस के विवेचना में आ चुके हैं इसलिए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य मामलों में प्रकरण न्यायालयों में प्रक्रियाधीन होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने आज जांजगीर में महिला आयोग के संभाग स्तरीय कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

आरक्षक पर ग्रामीण से 10 हजार की अवैध वसूली का फिर लगा आरोप

ग्रामीण ने शिवरीनारायण थाने मे पदस्थ आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की रखी मांग

जांजगीर/नवप्रदेश। लगातार शिकायतों के बाद भी जिले के ग्रामीण क्षेत्रो मे बेखौफ़ अवैध शराब बिक्री हो रही है, वही थानो मे पदस्थ आरक्षक अवैध वसूली के मालामाल हो रहे है। आरक्षक ग्रामीणों को बड़ी कार्रवाई का धौंष दिखाकर अवैध वसूली कर रहे है, जबकि शराब तस्करो से रूपये लेकर उनके खिलाफ जमानती धाराओ मे एफआईआर दर्ज कर उन्हें खुली छुट दे रहे है। ऐसा ही मामला शिवरीनारायण थाने का एक आरक्षक का वीडियो तेजी से सोशल मिडिया मे वायरल हो रहा है जिसमें पीड़ित पक्ष ने अपनी दुख भरी कहानी का बताते नजर आ रहा है। पीड़ित शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरयारी का रहने वाला वाला युवक देवचंद कुर्रे पिता भागुराम कुर्रे ने बताया कि 4 सितंबर को उसके घर शिवरीनारायण थाना स्टाफ पहुँचे और उसके घर की तलाशी ली गई, लेकिन तलाशी के दौरान उसके घर में कुछ भी अवैध मादक पदार्थ नहीं मिला, मगर उनमें में से एक आरक्षक सोनू श्रीकांत ने उसे पकड़ा और उसे थाना आने का निर्देश दिया गया।

पीड़ित देवचंद कुर्रे शिवरीनारायण थाना पहुंचा फिर उसको बस स्टैंड पान ठेला के पास बुलाया और उस पर अवैध शराब बेचने का आरोप लगाते हुए झूठे मामले मे फसा कर जेल भेज देने की धमकी भी दी गई। साथ ही आरक्षक ने उससे मामला रफादफा करने के 20 हजार रूपये की मांग की गई। पीड़ित देवचंद कुर्रे ने आरक्षक के सामने गिड़गिड़ाने लगा कि मैं गरीब आदमी इतना सारा पैसा कहां से लाऊंगा, पीड़ित के बहुत गिड़गिड़ाने पर आरक्षक ने आखिरकार मोलभाव करते हुए उससे 10 हजार रूपये मांगे और रूपये देकर चुपचाप घर लौट जाने को कहा।

पीड़ित देवचंद कुर्रे ने जेल जाने की डर से दस हजार दिया। रूपये मिलने के बाद आरक्षक ने उसे छोड़ दिया और पीड़ित देवचंद घर वापस लौट आया। शिवरीनारायण थाने में पदस्थ आरक्षको का हौसले बुलंद है यहां लगातार शिकायत के बाद भी आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। शिवरीनारायण थाने में आरक्षक सोनू श्रीकांत की तीसरी बार तैनाती हुई है, जिसकी वजह से क्षेत्र में उसकी अच्छी खासी पकड़ हो चुकी है।

शराब तस्करों का गढ बन रहा शिवरीनारायण क्षेत्र

जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र महुआ शराब तस्करो का गढ माना जाता है यहां खुले आम शराब तस्कर अवैध शराब की बिक्री करते है। यहां के पुलिस पर लगातार आरोप लग रहा है। यहां के आरक्षक से लेकर बडे अधिकारी के तक शराब तस्करो की सेटिंग बनी हुई है यहां के शराब तस्करो से पुलिस महिना बांध कर उनको संरक्षण देने का काम कर रही है । शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के प्रत्येक गांव मे शराब तस्कर सक्रिय होकर अपने अवैध कारोबार को पुलिस के संरक्षण मे दिन ब दिन बढा रहे है जिससे क्षेत्र का माहौल काफी खराब होता दिखाई दे रहा है।

> कुछ दिन पूर्व शिकायत मिलने पर सम्भवत पीड़ित व्यक्ति के घर तलाशी ली गईं थी, मगर उसके घर से कुछ नहीं मिलने पर पुलिस की टीम वापस लौट आई थी। कुछ दिन पूर्व पीड़ित व्यक्ति का अपने गांव के ही किसी अन्य व्यक्ति से वाद विवाद हुआ था, दोनों पक्ष के लोग शिकायत लेकर थाने पहुचे थे, जिन्हे समझाया भी गया था। रूपये लेने की जानकारी नहीं है।
> **-अशोक द्विवेदी**
> टीआई, शिवरीनारायण

> शिवरीनारायण थाने मे आरक्षक द्वारा रूपये लेने की शिकायत नहीं मिली है। पीड़ित व्यक्ति शिकायत कर सकता है। शिकायत मिलने पर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **-यदुमणी सिदार**
> एसडीओपी, चाम्पा

कोरबा जिले की आशा आजाद तीन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

कोरबा/नवप्रदेश। गत दिवस फरिदाबाद, एनसीआर दिल्ली में मैंजिक बुक आफ आर्ट यूनिवर्सिटी, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था से श्रीमती आशा आजाद सहायक प्राध्यापक भूगर्भ शास्त्र, शाइविस्ना महा.कोरबा, मानिकपुर कोरबा निवासी को राष्ट्रीय मानद उपाधि, बेस्ट ऑथर अवार्ड एवं राष्ट्रीय एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य की बेटियाँ आशा आजाद एवं सुकमोती चौहान जी को इस मंच से मानद उपाधि अवार्ड उनके अनूठे ग्रंथ छत्तीसगढ़ सम्पूर्ण दर्शन जिसके लिए उन्हें पूर्व में ही गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से दो अचीवमेंट प्राप्त हो चुका है, जिसके उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें डाक्ट्रेट मानद उपाधि, मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी से प्रदान किया गया है और साथ ही छत्तीसगढ़ की इन दोनों बेटियों नें मैंजिक एण्ड आर्ट यूनिवर्सिटी से डाक्ट्रेट की मानद उपाधि के साथ साथ बेस्ट ऑथर अवार्ड पाने वाली छत्तीसगढ़ की पहिली महिला के रूप में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इस सम्मान समारोह में डॉ छबिराम पटेल, प्रधानपाठक, पिथौरा छत्तीसगढ़ को भी डाक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि डॉ प्रतिभा शर्मा एड्वोकेट डीईटी, जो लोक अदालत मथुरा की स्थायी सदस्य हैं एवं महिला बालविकास में 100 से अधिक अचीवर्स पुरस्कृत है, मसीहा सम्मान, महिला शक्ति सम्मान जैसे अनेकों अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुई है। कार्यक्रम का उद्घाटन इनके करकमलों से किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय कपूर डायरेक्टर ब्रिज मेडिकल कन्सल्टिंग प्रालिएफार्मर डायरेक्टर आसी,आई लेक्चरर एसारसीसीडीयू विभू बत्रा सीए गुड़गांव, सोसल वर्कर श्रीमती चंद्रकांता भदौरिया एड्वोकेट श्रीमती उषा रानी गाँधी चीफ वार्डन, वूमन हास्टल रेड क्रास फरीदाबाद नवीन गौतम प्रोड्यूसर, इंटरनेशनल डाक्यूमेंट्री, हरीश शर्मा इंजीनियर, प्रोड्यूसर, इंटरनेशनल डाक्यूमेंट्री की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। डॉ प्रतिभा शर्मा ने अपने उद्बोधन में अपने ब्रज भाषा से शुरुआत करते हुए कहा कि जब हम अपनी संस्कृति को लेकर साथ चलते हैं तो ये हमारी असली पहचान होती है, उन्होंने कहा कि सभी अविर्डियों ने देशहित ध्येय से कार्य करते हुए देश का नाम रौशन किया है एवं और डॉ आशा आजाद डॉ सुकमोती चौहान जी ने अपने राज्य की पारंपरिक वेषभूषा में यह डाक्ट्रेट की उपाधि लेकर अपनी संस्कृति का पूर्ण सम्मान किया है।

मुस्लिम समाज ने ईद मिलादुन्नबी पेगम्बर इस्लाम का मनाया जन्म दिन, निकला जुलूस

कोरबा/नवप्रदेश। जश्ने ईद मिलादुन्नबी पेगम्बर इस्लाम का जन्म दिन पर रजगामार क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। जिसकी शुरुआत मस्जिद गरीब नवाज रजगामार से शुरू होकर फिल्टर चौक होते हुए मदरसा मदीना ओमपुर पहुंची। इसके बाद गायत्री नगर, प्रेम नगर, मेन क्लब, गुरु घासीदास चौक होते हुए में रोड से मस्जिद गरीब नवाज में जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में रजगामार के मुस्लिम भाइयों ने बढ़.चढ़कर के भाग लिया और बड़े उत्साह के साथ जुलूस निकाल कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी पेगम्बर इस्लाम का जन्म दिन को याद किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने जन्मदिन मनाया गया। इमाम मोहम्मद शमशीर राही इमाम ओमपुर मोहम्मद सरफरस, मोहम्मद उमर कुरैशी सदर अब्दुल कादिर, सेक्रेटरी मोहम्मद असलम सरफर, यासीन खान, ओमपुर सदर मोहम्मद अब्दुल रहमान, ओमपुर सेक्रेटरी असगर अली ओमपुर एवं सदस्य में उस्मान कुरैशी, इरफान कुरैशी, सुलेमान, शाहिद खान, शरीफ अंसारी, शेख

इस्माइल, मोहम्मद ताज ने भी भाग लिया। साथ ही सत आधार जन उत्थान सेवा समिति गिरोधपुरी शाखा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार कुर्रे रजगामार ने भी मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दिया और जुलूस में भी मुस्लिम भाइयों के साथ चल करके जुलूस में भाग लिया। इस दौरान लोगों के लिए शरबत एवं मिठाई का भी वितरण किया गया। इस अवसर में सभी लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद देकर पैगंबर को याद किया।

ईद मिलादुन्नबी पर धर्मगुरू अलाउद्दीन की उपस्थिति में निकला जुलूसः- ईदमिलादुन्नबी पर मरकजी सीरत कमेटी द्वारा आमंत्रित धर्म गुरू हजरत सैय्यद अलाउद्दीन अशरफी कचोछासरीफ की उपस्थिति में जुलूस निकाला गया। शहर के निहारिका स्थित नूरी मस्जिद से शुरू होकर टीपी नगर होते हुए जुलूस पुराना बस स्टैंड से पुरानी बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में हुई। जुलूस का पुराना बस स्टैंड में इतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनीश मेमन के नेतृत्व में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ से धर्म गुरू हजरत सैय्यद अलाउद्दीन अशरफी का स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर राज किशोर प्रसादए शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सपना चौहान, भुनेश्वर राज, गीता महंत आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अनीश मेमन द्वारा जुलूस का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया और साथ ही उपस्थित सभी आवाम को चाकलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फरहान मेमन, शकील, अंकु खान, असलम, सोहेल मेमन, शेख मेमन, कलीम खान, समीर खान, मो अशरफ, विजय सोनी, धरमवीर सोनी, बच्चू मखानी, बन्नी पाहुजा, प्रदीप चेतवानी का सराहनीय योगदान रहा।

अब इतवारी से कोरबा तक चलेगी शिवनाथ एक्सप्रेस

कोरबा/नवप्रदेश। लंबे अरसे से अधूरी चल रही गेवरा रोड. कोरबा. इतवारी पैसेंजर कम एक्सप्रेस अब वापस कोरबा आएगी। रेल प्रबंधन ने इतवारी. बिलासपुर एक्सप्रेस का परिचालन कोरबा तक विस्तार कर दिया। शुक्रवार को पहली बार ट्रेन इतवारी से कोरबा पहुंचेगी। इससे बिलासपुर से सुबह एक ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन द्वारा कोरबा वासियों की मांग पर बिलासपुर. इतवारी एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा. गेवरा रोड़ तक कर दिया गया था, पर वापसी में यह ट्रेन बिलासपुर में आकर रूक जाती था। इससे इतवारी से आने वाले यात्रियों को बिलासपुर में दूसरी ट्रेन में सफर करना पड़ता था। इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबे अरसे से क्षेत्रवासी इस ट्रेन को पूर्ण से कोरबा से चलाने की मांग कर रहे थे। आखिरकार रेल प्रबंधन ने 16 साल बाद इसे मंजूरी दे दी। इसके साथ शुक्रवार को सुबह बिलासपुर तक आने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस अब कोरबा तक आएगी। इससे इतवारी से सीधे कोरबा तक यात्रियों को सुविधा मिल जाएगी। साथ ही बिलासपुर में अमरकंटक व सारनाथ एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को अब 7.35 बजे तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शिवनाथ में सवार होकर यात्री कोरबा पहुंचने में सुविधा मिलेगी। उधर शिवनाथ एक्सप्रेस के कोरबा तक आने से यात्रियों को जहां बड़ी राहत मिलने वाली है, वहीं दोपहर 2.50 बजे स्पेशल पैसेंजर बनकर कोरबा आने वाली गाड़ी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।शिवनाथ एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होने के बाद दोपहर में स्पेशल पैसेंजर बनकर कोरबा आ रही थी। इससे दोपहर में यात्रियों को ट्रेन में सफर करने मिल रहा था। शिवनाथ एक्सप्रेस इतवारी से रात 11.55 बजे छूट कर बिलासपुर सुबह 7.05 बजे पहुंचती है। इसे कोरबा तक विस्तार करने पर यह ट्रेन बिलासपुर में 10 मिनट रूकने के बाद 7.15 बजे कोरबा के लिए रवाना होगा। जो 7.40 बजे अकलतरा पहुंच 7.42 बजे छूट कर नैला 7.55 बजे पहुंचेगी। यहां से 7.57 बजे छूटकर चांपा 8.10 बजे पहुंच कर 8.12 बजे रवाना होगी।

भाकपा ने की रायगढ़ इंटरसिटी समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेने चलाने की मांग

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-रायगढ़ इंटरसिटी समेत विभिन्न ट्रेन चलाने की मांग करते हुए भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी भाकपा जिला परिषद कोरबा ने ज्ञापन सौंपा। रेलमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे पत्र में प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि कोरबा जिला इंडस्ट्रियल क्षेत्र हैए जहां भारत के अलग-अलग क्षेत्र से आकर यहां लोग विभिन्न कंपनियों में काम करते है एवं व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। उन्हें अपने पैतृक स्थान पर जाने के लिए ट्रेनों की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भाकपा सचिव ने पवन कुमार वर्मा कहा कि कोरबा क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ी कोयले की खान है पूरे भारत वर्ष में 75 से 80 प्रतिशत तक कोयले की आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही एल्युमिनियम व बिजली का सर्वाधिक उत्पादन होता है। कोरबा क्षेत्र के लोगों को यात्री ट्रेनों से वंचित रहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि कोरबा के आम जनता को आज तक कांग्रेस और भाजपा दोनों ने छला है। वरिष्ठ ने एनके दास ने कहा कि कोरबा में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के लोग रहते हैं पर कोरबा से सिर्फ साउथ के लिए तीन गाड़ियां है। दिल्ली जाने के लिए एक गाड़ी है, जबकि अन्य क्षेत्र के लिए एक भी गाड़ी नहीं है। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने के बाद भी ट्रेन के लिए जनता को भटकना पड़ता है। मनीष नाग ने कहा कि केंद्र सरकार से मांग है कि कोरबा से हर राज्यों के लिए ट्रेन चलाई जाए। जिला सचिव वर्मा ने कहा की अगर यह मांग पूरी नहीं होती आम जनता को यात्री ट्रेनों की सुविधा नहीं मिलती तो आगे चलकर एक जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर एसके प्रसाद, राममूर्ति दुबे, मुकेश यादव, अविनाश सिंह, दुर्गेश कुशवाहा उपस्थित रहे।

बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा से जरूरतमंद हो रहे लाभान्वित

'महंगे शुल्क से मिली छुटकारा, रियायती दर पर हो रही है जांच'

कोरिया/नवप्रदेश। विगत पौने पांच बरस में राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसरंचना के विकास पर जोर दिया है तो गांव व आदिवासी सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों को रियायती व निशुल्क जांच, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़े हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा मिलने से स्थानीय व आसपास के मरीजों को काफी लाभ मिलने लगा है।

स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा के लिए लगातार मांग की जा रही थी। जिला प्रशासन ने आम लोगों की जरूरत और भावनाओं के ध्यान रखते हुए तत्काल यह सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बता दें सीटी स्कैन मशीन के सूचारू एवं सफल संचालन के लिए पॉवर बैकअप अंतर्गत डीजी सेट (जैनरेटर) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के द्वारा सी. एस. आर. मद से जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के कारण गंभीर बीमारियों के आकलन में कठिनाई की आवश्यकता के आधार पर 64 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु जून 2021 में 3

करोड़ 59 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई थी।एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.एस.आर मद के तहत सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने हेतु नियम एवं शर्तों के अनुरूप क्रय समिति का गठन किया गया था। क्रय समिति के तकनीकी सदस्यों के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉपोरेशन लिमिटेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2022) नियमों का पालन करते हुए जेम के माध्यम से उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी।

उक्त सीटी स्कैन के संचालन हेतु दो रेडियोग्राफर का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज एवं डी.के.एस. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया है। सीटी स्कैन का रिर्पोटिंग रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा टेली रेडियोलॉजी के माध्यम से कराया जा रहा है। स्थापित सीटी स्कैन मशीन के साथ तीन वर्ष का वॉरंटी के अतिरिक्त तीन साल का सी.एम.सी. की सुविधा भी है, जिससे मशीन में यदि कोई भी तकनीकी दिक्कत आने से तत्काल समय-सीमा में उपकरण सहित सुधार कार्य कराया जा सके। विदित हो कि जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में स्थापित सीटी स्कैन मशीन भारत सरकार परमाणु ऊर्जा नियामक परिसर विकिरण संरक्षा प्रभाग (एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड, रेडियोलॉजिकल सेफ्टी डिवीजन) से अनुमोदित है।

अनियमितता का पर्याय बन गई छात्रावासों की दुर्दशा

- **कन्या छात्रावास भवन जीर्णोधार, शासन को लगाया लाखो का चूना**

सुकमा/नवप्रदेश। स्कूल आवासीय आश्रम छात्रावासों में बेहतर व्यवस्थाएं देने के लिए शासन ने करोड़ों के आबंटन जिला प्रशासन को जारी किया हैं। लेकिन शिक्षा के स्तर में सुधार करने की आडंबर में शासन के लाखों रुपए की लागत को जिला प्रशासन अपने चहेते ठेकेदारों की जेब गर्म करने के लिए भरपूर दुरुपयोग जतन कर रहा हैं। लेकिन जिला प्रशासन और निर्माण एजेंसी को इसका मलाल तक नहीं,क्योंकि जिला प्रशासन को दुरस्त अंचल से आए उन आदिवासी बच्चों को शिक्षा में बेहतर सुविधा देने की नहीं,बल्कि चुनींदे चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने में अपनी दिलचस्पी ज्यादा दिखा रहा हैं। सुकमा जिला के गादीरास क्षेत्र में कन्या आश्रम चिंगावरम का विद्युतिकरण सहित नवीनीकरण कार्य आदिवासी विकास विभाग निर्माण एजेंसी द्वारा कराया गया हैं। 100 सीटर वाले कन्या छात्रावास चिंगावरम को आदर्श आवासीय संस्था के रूप में विकसित करने कुल 15.36 लाख की लागत से भवन जीर्णोद्धार के लिए जिला प्रशासन के द्वारा डी एम एफ मद से 5% अधिक दर पर प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया था।

शासकीय राशि का बंटाधार

जहां एक ओर सरकार सुकमा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में आदिवासी बहुल इलाके के बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोड़ कर साक्षरता के साथ जिले में विकास को नए आयाम देने के लिए अधोसंरचना पर करोड़ो की राशि आबंटित कर रहा हैं। वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के नाम पर आपदा को अवसर बनाकर कन्या आश्रम चिंगावरम में गुणवत्ताहीन नवीनीकरण के नाम पर शासकीय राशि का बंटाधार करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ा।

ऐसी बरती गई कार्य में भ्रष्टाचार

मरम्मत कार्य के महज एक से दो दिन के भीतर ही खिड़की,दरवाजे पेंडुलम की तरह लटकते दिखा। खिड़की दरवाजों में जालीदार एल्मुनियम सेक्शन लगाया जाना चाहिए था, लेकिन उसमे भी खानापूर्ति मात्र किया गया। ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार की बानगी यहीं खत्म नहीं होता। क्योंकि कन्या आश्रम भवन में किया गया रंग रोगन कार्य ऐसा,जो शासन को लाखों का चुना लगा गया। नलों की स्थिति बत्तर हैं, शौचालय में फटा हुआ पाइप भवन मरम्मत में लगाया गया। छत में ग्रेडिंग के लिए घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। जिससे छत से पानी दीवारों में रिसने लगा है। दीवारों में पानी रिसने से थोड़ा बहुत हुए दीवारों की रंगाई पुताई और भी बदरंग दिखने लगा हैं।शौचालय की हालत ऐसी की स्नानागार और कुशलखाने में पानी जमा हो जाता हैं। भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन कार्य का हद तो तब पार हो गया जब ठेकेदार ने दिव्यांग बच्चों के शौचालय तक को नहीं छोड़ा। जीर्णोधार के नाम पर ऐसा बंदरबांट की शौचालय में न ढंग के सीट लगाए गए हैं,और न ही पानी का कोई व्यवस्था किया गया हैं। टूटे फूटे और आधे अधूरे टाइल्स दीवारों में लगाया गया। जबकि फर्श में फ्लोरिंग में पूर्ण रूप भी नही दिया गया हैं। और भी ऐसी कई खामियां हैं। जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है,की ठेकेदार जिला प्रशासन के कितने चहेते हैं! अमानक स्तर की सामग्रियों का इस्तेमाल करने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का बेतरतीब तरीके से बंटाधार लाखों की लागत राशि जीर्णोधार के नाम पर औपचारिकता पूरा कर राशि का निजी आर्थिक स्वार्थ को पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखा।

राजनीतिक संरक्षण, इसलिए हो गया भुगतान

बता दे की किसी भी शासकीय भवनों में निर्माण या मरम्मत कार्य के दौरान संबंधित संस्था संचालक के निगरानी में ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जाना होता हैं। लेकिन ठेकेदार द्वारा बदनीयत से शासन प्रशासन की राशि का जीर्णोधार कार्य के नाम पर गबन के उद्देश्य से मरम्मत के नाम पर बस औपचारिकता निभाया गया। सीपीआई के नेता और जिला पंचायत सदस्य रामा सोढ़ी ने ठेकेदार पर मरम्मत कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की ठेकेदार द्वारा पहले तो स्थानियों को भ्रामक जानकारी दिया गया। रामा सोढ़ी ने कहा की संबंधित ठेकेदार कवासी लखमा के करीबी हैं, इसलिए वे प्रशासन में चहेते भी हैं। रामा सोढ़ी ने बताया की लाखों की लागत के गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य को आंख मूंद कर राशि भी भुगतान विभाग द्वारा किया जा रहा हैं। जिला प्रशासन को मामल संज्ञान में लेकर जिम्मेदार पर कार्यवाही करनी चाहिए।

रामा सोढ़ी - जिला पंचायत सदस्य

भुगतान पर लगा दिया गया है रोक

मामले को लेकर विभागीय अधिकारी गणेश सोरी ने कहां की मामला संज्ञान में आया हैं। जिसके लिए ठेकेदार के राशि भुगतान पर रोक लगा दिया गया हैं। मेरे द्वारा कार्य को सुधारने को कहा गया हैं। ठेकेदार द्वारा कार्य नही किए जाने के अभाव में कार्य निरस्त कर किसी अन्य से कार्य करवाया जाएगा।

गणेश सोरी - सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सुकमा

गणेशोत्सव समिति के युवाओं ने की नितिन पोटाई से मुलाकात

कांकेर/नवप्रदेश। श्रीश्री नवयुवक गणेशोत्सव समिति ग्राम पांडरवही (शीतलापारा), कांकेर के युवकों ने राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य एवं जिला वनोपज संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई से कांकेर स्थित पोटाई प्लाजा में मुलाकात कर उन्हें रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। श्री पोटाई ने युवाओं को बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों की अपनी संस्कृति से जुड़ाव सुनिश्चित होता है। लोग समाज व विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होते है, वहीं समाज के युवाओं में सांस्कृतिक गतिविधियों से आपसी समन्वय बढ़ता है।

इस अवसर पर नितिन पोटाई के द्वारा उपस्थित युवाओं से क्षेत्र में चल रहे कृषि कार्यो तथा उनके ग्राम पंचायत की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, और शैक्षणिक स्थिति एवं गांव में संचालित होने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। श्री पोटाई ने उपस्थित युवाओं को छ.ग. सरकार के महत्वकांक्षी राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, कर्जा माफी योजना, बिजली बिल हाफ योजना, तेन्दूपत्ता खरीदी योजना के संबंध में

विस्तार से बताया तथा इन योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र में उत्पादित होने वाले लघु वनोपज के बारे में भी बातचीत की तथा अंचल के अधिक से अधिक युवाओ को सहकारिता से जुड़कर क्षेत्र के विकास में भागीदार बनने की बात कही।

अंत में युवाओं द्वारा श्री पोटाई को आमंत्रण पत्र देकर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। श्री पोटाई ने ग्राम पांडरवाही से आये हुए युवको के निवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में समय निकालकर अवश्य शामिल होंगे। इस अवसर पर गोलू कार्राम, रोशन तारम, दिलेश्वर विश्वकर्मा, कामेन्द्र विश्वकर्मा, कुशल सिन्हा, मनमोहन ठाकुर, अजय कोर्राम, पुरुषोत्तम यादव, के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

बचेली परियोजना में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

बचेली/नवप्रदेश। एनएमडीसी, बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनाँक 15.09.2023 से 02.10.2023 तक विशेष अभियान 3.0 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है ।

इसी कड़ी में बचेली परियोजना में भी विभिन्न अभियानों का आयोजन किया जा रहा है ढ्ढ इसमें परियोजना के सभी विभागों में दस्तावेजों का निरिक्षण/निपटान करना, परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों की सफाई करवाना इत्यादि शामिल हैं। इस अभियान के अंतर्गत आज दिनाँक 29.09.2023 को सीएसआर विभाग द्वारा आस-पास के गावों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को वातावरण को स्वच्छ रखने व स्वच्छ रहने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (कार्मिक), एनएमडीसी, बचेली द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्त्व के बारे में बताया गया।

इस गतिविधि की प्रारम्भ परियोजना प्रमुख श्री बी. वेंकटश्वरलु के मार्गदर्शन से की गयी है जिसका संचालन सीएसआर व कार्मिक विभाग द्वारा किया गया है।

रावघाट क्षेत्र में लोगों के बीच फूट डालने का प्रयास असफल

- **युवा प्रकोष्ट के सारे सवालों का जवाब संघर्ष समिति ने दिया**

अंतागढ़/नवप्रदेश। ग्राम बैहासालहेभट स्कूल मैदान में युवा प्रकोष्ट समिति, रावघाट के बैनर तले में बैठक रखा गया था, जिसमें रावघाट संघर्ष समिति और राजाराव विकास समिति को बुलाया गया था। बैठक में राजाराव समिति के पदाधिकारीगण डर के कारण स्थल में उपस्थित ही नहीं हुए। वहीं रावघाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमनाथ उसेंडी ने अपना डाकूमेट प्रूफ लेकर युवा प्रकोष्ट और अन्य ग्रामीणों के सवालों के खुल कर पूरे पूरे जवाब दिए ।

इस बातचीत से स्पष्ट हो गया कि रावघाट संघर्ष समिति पूरे हक अधिकार की लड़ाई लड़कर अपने हक दिलाने जा रही है, और ये ही सही विकास की बातें कर रही है। आज संघर्ष से जुड़े प्रभावित ग्रामों की संख्या 37 गांवो की हो गई है। संघर्ष समिति के निरंतर प्रयासों से ही आज अंतागढ़ जा रही रोड पर ट्रक रुके हुए हैं, और उसके चौड़ीकरण की भी बात हो रही है, ताकी क्षेत्र के लोगो को परेशानी नहीं हो। भैंसगांव दंडकवन में स्कूल और अस्पताल के लिए जगह चयनित कर, इस पर ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कराना भी रावघाट संघर्ष समिति के अथक प्रयासों के कारण ही हुआ है। रावघाट संघर्ष समिति पूरे रावघाट क्षेत्र में हक और अधिकार दिलाने में जुटी हुई है और विकास समिति केवल झूठी बातें कर रही है। विकास समिति से जुड़े हुए लोग सारे बाहरी व्यक्ति है और बीएसपी के दलाल लोग है।

रावघाट संघर्ष समिति ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि विकास समिति का गठन लोगों को भ्रमित करने के लिए और हम लोगों में फूट डालने के लिए ही किया गया है, परंतु हमे एकजुट होकर ही अपने अधिकारों के लिए लड़ाई करनी होगी। अगर हम बिखर गए, तो कमजोर हो जाएंगे और अन्य माइनिंग क्षेत्रों की तरह अपने हकों से वंचित हो जाएंगे।

इस वार्तालाप में पूरे क्षेत्र की जनता और जनपद पंचायत सदस्य कोलर क्षेत्र श्रीमती दंतेश्वरी वेट्टी , ग्राम पंचायत फुलपाड़ सरपंचपति श्री सुनील नुरेटी, ग्राम पंचायत बैहासालहेभट सरपंच निलेश्वरी दुग्गा, भैंसगांव सरपंच सोनूराम उसेंडी, कोलर उपसरपंच बिसोद नाग, तालाबेड़ा सरपंच चंदेल कुमेटी, मगतासाल्हेभाट सरपंचपति केशव कुमेटी , कोसरोडा सरपंच सुशीला नुरेटी एवं बंशीलाल, है संतोष, चेनसिह, गायता, पटेल , मांझी, कोटवार और अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

मनोकामना ज्योति कलश के लिए बनी टीम

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। बुधवार 27 सितंबर को श्रीश्री.शीतलामाता मंदिर समिति ने मंदिर प्रांगण में शाम को आवश्यक बैठक आहूत किया गया। जिसमें नवरात्र के विषय में चर्चा किया गया।समिति ने बताया कि मनोकामना ज्योति कलश.(घी).1151.रू.(तेल) वाला.951.रू.जिस किसी भक्तों को ज्योति कलश जलाना हो उसे संपर्क करें शीतला माता मंदिर के पुजारी ठाकुर राम और शिवेंद्र निर्मलकर और सदर बाजार शिव मंदिर के पास मुन्ना पान सेंटर से संपर्क किया जा सकता है।इस बैठक पर शीतला माता मंदिर के पदाधिकारी एवं वार्ड वासी उपस्थित थे यहां जानकारी शीतला मंदिर समिति द्वारा दिया गया है।शीतला माता मंदिर के पदाधिकारी के नाम शीतला माता मंदिर के पुजारी ठाकुर राम शीतला

मंदिर के अध्यक्ष शंकर ठाकुर सचिन भूपेंद्र सिन्हा विनोद साहू आनंद देवांगन चुन्नू लाल देवांगन महावीर ठाकुर जयलू भुआया राधे शांडिल्य मदन दशरथ मानिकपुरी घनश्याम सोनकर राहुल साहू राम साहू बृजलाल सोनकर तरुण सोनकर पवन सिन्हा रोशन कुंजन राजेंद्र ओझा सुखू चक्रधारी शिवेंद्र निर्मलकर भेख राम निर्मलकर गंगाराम यादव पन्ना यादव

महिला सदस्य के नाम रामदुलारी नायक पिला बाई सिन्हा शांति ठाकुर कुंती ठाकुर सावन बाई बसंती ओझा सभी सदस्य उपस्थित थे यह जानकारी शीतला मंदिर समिति द्वारा दिया गया है।

सप्ताह भर बाद भी दुष्कर्म का आरोपी शीतल सुराना पुलिस की गिरफ्त से बाहर

- **पुलिस की कार्यवाही संदेह के दायरे में।**
- **पुलिस की सुस्त कार्यवाही से सर्व समाज सहित स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी।**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बीते सप्ताह गीदम गीदम के हार्डवेयर व्यवसाई पर गीदम की विवाहिता महिला ने दुष्कर्म,घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए थाना गीदम में मामला दर्ज करवाया था।

आईएफआर दर्ज होते ही भनक लगते ही आरोपी शीतल सुराना फरार हो गया। सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी आरोपी की मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई है। जो कही ना कही पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

स्थानीय समाज ने भी पुलिस अधीक्षक गौरव राय को आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा था। परंतु इसका कोई असर फिलहाल तो होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

पीड़िता परिवार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार गीदम थाने में अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। परंतु विवेचना अधिकारी के मुताबिक पुलिस आरोपी की पतासाजी कर रही है पुलिस के पास अन्य भी कई कार्य है।

राजनीति पकड़ के कारण हाथ नहीं डाल रही पुलिस

दबी जुबा में लोग ये भी कह रहे राजनीति पकड़ के कारण हाथ डालने में कांप रहे हैं स्थानीय लोगो के मुताबिक आरोपी का परिवार राजनीतिक दल से ताल्लुक रखता है इसलिए कही ना कही दबाव वश पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

नेताओ ने भी पावर फूल मामले से दूरी बना ली

बीते दिनों जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने भी आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर अल्टीमेटम दिया था परंतु उसके बावजूद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है।

हेटारकसा में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन

कांकेर/कोरर/नवप्रदेश। सेक्टर हाटकर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत हेटारकसा में मंगलवार को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजन किया गया ।जिसमें कूल 70 कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच डॉक्टर अखिलेश ध्रुव द्वारा किया गया एवं प्रोटीन पाउडर, मल्टीविटामिन एवं आयरन सिरप वितरण किया। गया तथा डॉक्टर ध्रुव द्वारा उपस्थित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने हेतु प्रेरित किया गया। एवं मध्य कुपोषित बच्चों को घर पर ही विशेष निगरानी में देखभाल करते हुए स्वच्छता एवं खान के ऊपर विशेष ध्यान देने हेतु बताया गया। एवं डॉ नवीन पांडे द्वारा दो बच्चों के बीच में अंतर रखने परिवार नियोजन करवाने तथा संस्थागत प्रसव कराने के बारे में बताया गया। परियोजना अधिकारी ममता सुखदेव द्वारा प्रति माह बच्चों का वजन करने एवं पोषण स्तर के अनुसार सही देखभाल करने हेतु समझाइए दी गई।अनुसुईया साहू पर्यवेक्षक द्वारा सभी बच्चों का वजन ऊंचाई लेकर उनके पोषण स्तर को सामुदायिक चार्ट के माध्यम से अभिभावकों को पोषण स्तर के बारे में समझाया। इस पूरे कार्यक्रम में श्रीमती सीता कुरैशी पर्यवेक्षक कोरर तथा सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थिति रही।

आतुर गांव स्टेट बैंक को उपभोक्ता आयोग की फटकार साहूकार स्टाइल में वसूली

कांकेर/नवप्रदेश। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा इन दिनों पीड़ित दावेदारों के मामले शीघ्रता के साथ निबटाते हुए उनके साथ न्याय किया जा रहा है । इसी सिलसिले में एक मामला सोहनलाल वर्मा पिता स्वर्गीय धीरपाल वर्मा, आदर्श नगर, कांकेर का है, जिन्होंने स्टेट बैंक की आतुरगांव शाखा से ढाई लाख रुपए का कर्ज क्या लिया, उसका ब्याज पटाते पटाते ही परेशान हो गये । स्टेट बैंक के अधिकारी वसूली में इतने अधिक कठोर थे कि उन्होंने मूलधन से दुगुनी राशि कर्जदार से वसूल कर ली। उसके बाद भी उसे ऋण मुक्ति प्रमाण नहीं दिया और खाता बंद भी नहीं किया, जिसके कारण ब्याज बढ़ता रहा और कर्जदार को नोटिस पर नोटिस मिलते रहे। रकम पटाते पटाते कर्जदार असमर्थ हो गया, तब स्टेट बैंक वालों ने उसके बचत खाते से बिना किसी सूचना के अलग-अलग

समय पर कुल ?15,000/- निकाल कर ऋण खाते में स्थानांतरित कर दिए, फिर भी बकाया रकम बताते रहे और नोटिस भेजते रहे। इन बातों से विक्षुब्ध होकर सोहनलाल वर्मा ने उपभोक्ता आयोग में वाद प्रस्तुत किया। उपभोक्ता आयोग ने सारे मामले पर विचार किया। दस्तावेजों का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा यह पाया कि वास्तव में स्टेट बैंक, सेवा में कमी, बचत खाते से अनधिकृत कटौती तथा व्यवसायिक कदाचरण का दोषी है। ऋण से दुगुनी राशि वसूल हो जाने के बावजूद कर्जदार को बार-बार परेशान करने को उचित नहीं कहा जा सकता। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि बैंक ने अपने उपभोक्ता के साथ साहूकारों जैसा व्यवहार किया है। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने में लापरवाही की है। समय-समय पर ब्याज दर और मासिक किश्त की राशि में वृद्धियां की गई हैं, जिनकी लिखित जानकारी परिवादी को कभी नहीं दी गयी। इस संबंध में माननीय राज्य आयोग दिल्ली द्वारा विष्णु बंसल बनाम बैंक शिकायत क्रमांक 163/ 2019 के निर्णय की नजीर प्रस्तुत करते हुए उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी ने फैसला दिया है कि एक माह के भीतर होम लोन की शेष राशि 51000/- प्रदान करने पर उसे ऋण समाप्ति प्रमाण पत्र दे दिया जाए । परिवादी को आर्थिक क्षति एवं मानसिक पीड़ा हेतु 50,000/ रू. इस आदेश से 1 माह के भीतर प्रदान किया जाए। विरोधीपक्ष अपना व्यय एवं परिवादी का वाद व्यय 3000/रू. वहन करेगा।

विडियोग्राफी कार्य हेतु निविदा प्रस्ताव 10 तक आमंत्रित

बीजापुर/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के लिए बीजापुर जिला अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -89 बीजापुर मे प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही,सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केंद्र, मतगणना, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यो मे वीडियोग्राफी किये जाने हेतु पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थानो/फर्मो से प्रति 08 घंटे प्रति कैमरा, प्रत्येक दिन के दर निर्धारण हेतु बीजापुर जिले के लिए निविदा 01 वर्ष के रेट कान्ट्रेक्ट के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म 01 हजार रुपये नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट जमा कर जिला निर्वाचन कार्यालय कक्ष क्रमांक बी-10 मे 10 अक्टूबर अपराह्न 02.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। निर्धारित फार्म मे पूर्ण रूप से भरे निविदा को जमा करने के पश्चात उसी दिन 10 अक्टूबर 2023 को उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी बीजापुर जिले के वेबसाइट www.deo-bijapur.in पर उपलब्ध है निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए निर्वाचन कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है।

कांग्रेस 75 सीटों के साथ दुबारा सरकार बनाएगी : श्रीवेल्ला प्रसाद

- **प्रेस वार्ता में भाजपा और पीएम मोदी पर लगाए गंभीर आरोप, कहा छग के प्राकृतिक संसाधनों पर नजर, निजीकरण और दोहन की मंशा**

बीजापुर/नवप्रदेश। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में 75 सीटों के साथ वापस दोबारा सरकार बना रही है। भाजपा , मोदी, आरएसएस लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ हैं उक्त वक्तव्य कांग्रेस के छग विधानसभा चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. श्रीवेल्ला प्रसाद ने सर्किट हाउस में आयोजित पत्रवार्ता में कही। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा छग चुनाव को लेकर नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ श्रीवेल्ला प्रसाद बीजापुर पहुंचे थे तथा यहां कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, सामाजिक पदाधिकारियों सहित अन्य लोगों से मिल कर बीजापुर विधानसभा सीट के टिकट दावेदारों की स्थिति का जायजा लिया। डॉ श्रीवेल्ला प्रसाद ने कहा कि मैं पिछले 20 दिनों से छग का भ्रमण कर रहा हूं। छग में दोबारा कांग्रेस की सरकार आ रही है।

हम यहां से कांग्रेस के लीडर से ही नहीं बल्कि गांव और स्थानीय स्तर पर लोगों से बातचीत कर स्थिति को समझ रहे हैं। जिसके आधार पर हम कह रहे हैं कि हम दोबारा सरकार बना रहे हैं। 75 से भी ज्यादा सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज कर रही है। डॉ श्रीवेल्ला प्रसाद ने कहा कि देश में मोदी, आरएसएस और इनके लोग क्या कर रहे हैं यह आम जनता भली भांति जानती है। वे लोकतंत्र के खिलाफ हैं, संविधान के खिलाफहैं। मजदूरों, किसानों के खिलाफ हैं। दलितों, आदिवासियों के खिलाफहै। छग की जनता को भाजपा के 15 साल की कार्यकाल का अनुभव है। बीस साल पहले मैने इस इलाके को देखा था आज काफी बदलाव आ गया है। गांवों में लोग कह रहे हैं छग की संस्कृति,भोजन, और पारंपरिक खेल पर हम गर्व कर रहे हैं।

मैंने तीन दिन तक बस्तर का विजिट किया और मैंने पाया कि यहां आमचो सुंदर बस्तर जन वाक्य बन गया है। कांग्रेस की सरकार ने यहां काफी कार्य किए हैं तथा कई योजनाओं का क्रियान्वयन और लागू किया है। उन्होंने कहा कि छग राज्य प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण प्रदेश है। मोदी और उनके लोगों की निगाह यहां के खनिज संपदा और निजीकरण करने की है। भाजपा की मानसिकता निजीकरण और सब को बेच देना ही है। भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह और पीएम मोदी के छग प्रवास को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भी मैं ऑब्जर्वर रहा हूं मोदी और अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेताओं ने अपना ज्यादा समय और लगातार रोड शो करते रहे पर जनता ने कांग्रेस के पक्ष में परिणाम दिया।

नरेंद्र मोदी चुनाव से पूर्व शिगुफा छोड़ने में माहिर है। पूरे देश के इतिहास में चुनाव के दौरान संवेदनशील मुद्दों को छेड़ने का उनका इतिहास रहा है। कांग्रेस देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का कार्य कर रही है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, विधायक विक्रम मंडावी, बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य नीना रावतिया उद्दे, किसान कल्याण बोर्ड के बसंत राव ताटी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद थे।

सीएम ने प्रदेश के हर वर्ग का किया समुचित विकास : छाबड़ा

- विधायक ने किए ग्राम खर्रा में 72.55 लाख रुपए के विभिन्न वार्डो में सी.सी.रोड निर्माण कार्य घोषणा

बेरला/नवप्रदेश। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खर्रा में आयोजित भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर सीसी रोड निर्माण कार्य की नारियल तोड़ भूमिपूजन किए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की शहरी एव ग्रामीण आधारित योजनाओ से शहर से लेकर ग्रामीण जनता आर्थिक रूप से हुई है मजबूत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इन पौने 5 सालो में जो विकास कार्य हुए है वह काबिले तारीफ है, पौने 5 सालों में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव से लेकर शहरो की तस्वीर बदल गई है यह काम सिर्फ और सिर्फ आप सभी कांग्रेस पार्टी के जबाज साथियों के सहयोग के बदौलत ही संभव हुआ है. एक एक गांव का विकास होने के साथ साथ एक एक ग्रामीणों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से सभी खुशहाल है, आप सभी ग्रामवासियो के कड़ी मेहनत,कड़ी परिश्रम के दम पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 2018 में 36 वायदे के साथ आयी थी, उसमें से अधिकतर वायदे पूरे हो गये है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को 68 सीटे देकर सरकार बनाने का मौका दिया, सबसे पहले राज्य सरकार ने किसानों से वादा किया था की किसानों का कर्जा माफ करेंगे 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रालय में जाकर सबसे पहले 19 लाख किसानों का लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया। दूसरा वादा था की किसानों का धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये में खरीदेंगे,प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें में धान खरीदा,साथ ही 20 क्विंटल धान खरीदनें का ऐतिहासिक निर्णय लिया। हमारी सरकार आने के बाद किसानों को बहुत लाभ हुआ है,पहले भाजपा सरकार के समय 16 लाख किसान धान बेचते थे,अब कांग्रेस पार्टी के सरकार बनने से 24 लाख किसान साथी धान बेचते है, किसानों की चिंता अगर कोई करता है तो वह किसान के बेटा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करते है,,कृषि क्षेत्र , व्यापार क्षेत्र, बहुत बढ़ा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रोजगार के अवसर भी प्रदान किये है। सभी विभागों में बहुत सारी नौकरिया निकाली गयी है। मजदूर, जनता, महिलाये, युवा सभी वर्ग बहुत खुश है, आज ग्राम खर्रा विकास की नई नई गाथा लिख रहा है,बात करे सबसे बड़ी उपलब्धि जिला सहकारी बैंक की स्थापना पहले हमारे किसान भाइयों को कृषि कार्य के लेन देन के लिए बेरला जाना पढ़ता था,जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ता था,इन सभी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए किसान भाइयों को लाभ मिले इसके जिले ग्राम खर्रा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोली गई जिससे आस पास के हजारों किसान भाइयों को कृषि कार्य लाभ मिला था,पूर्व में धान बेचने कुसमी जाना पढ़ता था,लंबी लाइन लगाना पढ़ता था,हमारे किसान भाइयों को अनेको परेशानियों का सामना करना पढ़ता था जिसे ध्यान में रखते हुए कुम्ही, खर्रा के किसानों के लिए धान खरीदी उपकेंद्र खोला गया जिससे हमारे हजारों किसान भाई सरलता, आसानी से पाने धान को बेच रहे है,अगर किसानो को कोई चिंता करने वाली पार्टी है किसानो की खुशहाली की सोचने वाली अगर कोई पार्टी है ओ कांग्रेस पार्टी है की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के मांग के अनुरूप प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति क्विंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है।

रीपा आधारित कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

भाटापारा/नवप्रदेश। राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भटापारा तहसील के सुमाभाठा में गुरुवार को आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तैयार रीपा आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। इस कॉफी टेबल बुक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क(रीपा) के तहत स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाइयां, विभिन्न उत्पाद तथा रीपा में नियोजित महिला समूह के कार्यो को आकर्षक ढंग से समावेशित किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत,पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा बस्तर सांसद दीपक बैज, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, मंत्री अनिला भेड़िया, मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री गुरू रूद्र कुमार, मंत्री उमेश पटेल, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री मोहन मरकाम, संसदीय सचिव द्वय चंद्रदेव राय एवं शकुंतला साहू, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, राज्य रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य सतीश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, कलेक्टर चंदन कुमार ,वरिष्ठ पुलीस अधीक्षक दीपक झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

सड़क पर अकेली खड़ी बच्ची के परिजनों का पता कर किया सुपुर्द

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस के द्वारा जारी हेल्प लाईन नंबर 9479257558 समाधान नंबर पर आम नागरिकों के द्वारा कभी भी अपनी शिकायत गोपनीय रूप से दर्ज कराया जा सकता हैं। 27 सितंबर को एक व्यक्तिय से समाधान नंबर पर शिकायत/सुचना प्राप्त हुआ कि एक लड़की एकता हॉस्पिटल बेमेतरा के पास खड़ी हैं और बोलने सुनने में असमर्थ हैं कुछ बात भी नहीं कर पा रही हैं। समाधान में उक्त शिकायत/सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा समाधान सेल प्रभारी डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 27 सितंबर को समाधान हेल्पलाईन नंबर से प्राप्त सूचना के अधार पर तत्काल बेमेतरा स्टाफएकता हॉस्पिटल बेमेतरा के पास पहुचा, जहां एक बच्ची चुपचाप, गुमसुम खड़ी थी, जिनसे नाम पता पुछने पर कुछ भी बोलने सुनने में असमर्थ और कुछ बात भी नहीं कर पा रही थी, जिस पर बेमेतरा पुलिस ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुये बेमेतरा सखी सेंटर में सुरक्षार्थ रखवाया गया। आज 28 सितंबर को उक्त बच्ची के संबंध में पता तलाश कर जानकारी प्राप्त कर सिमगा क्षेत्र की रहने वाली उसकी मां को बुलाकर सखी सेंटर बेमेतरा में बच्ची को सही सलामत उसकी मां के सुपुर्द किया गया। बच्ची के मां ने अपने बच्ची को अपने पास पाकर बहुत खुश हुई और खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा पुलिस का ह्रदय से अभार व्यक्त किया। उपरोक्त कार्यवाही में समाधान सेल एवं थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, छत्रपाल डहरिया, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक, आरक्षक मालिक राम सिन्हा, सखी सेंटर के स्टाफ एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव द्वारा हाई स्कूल भवन छुही का लोकार्पण

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभ क्षेत्र के ग्राम पंचायत छुही में हाई स्कुल भवन का नये भवन की स्वीकृति दिलायी जिसका आज लोकार्पण विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव जी के द्वारा किया गया। ग्राम छुही में हाई स्कुल संचालित था किन्तु भवन विहीन था जिसे क्षेत्रीय विधायक के द्वारा अपने प्रयास से 95 लाख की स्वीकृति दिलायी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ने नये हाई स्कुल भवन का फीता काट लोकार्पण किया। साथ ही विधायक ने स्कूल के बच्चों का हाल-चाल जाना स्कूल में हो रहे व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। शिक्षकों से विषयवार जानकारी ली एवं बच्चों के साथ अंग्रेजी माध्यम से बातचीत किया। अंग्रेजी विषय के शिक्षक को बधाई दी। उसके बाद ग्राम सलोनी में सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। तदपश्चात ग्राम नाथूकोना में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में करण चन्द्राकर, छबिलाल सिन्हा, यालेश सिन्हा, चिन्ताराम ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत छुही, ब्रजेश बाजपेयी जिला शिक्षा अधिकारी, देवेश सूर्यवंशी जिला समन्वयक, गजेन्द्र साहू उप अभियंता समस्त कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

साईं पीकरी के विकास के लिए ग्रामीणों ने संस्कृति मंत्री से लगाई गुहार

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले राजिम तहसील के छोटे से गांव टेका जहां सदियों से ग्राम देवता के रूप में श्रीसाई बाबा की पूजा होते आ रही है और यह पावन स्थान जहां पीपल का पेड़ (पीकरी) और पत्थर का एक चबूतरा था जो अब मंदिर बन गया है जहां दूर-दूर से लोग आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। उक्त स्थान में गांव के मालगुजार ठाकुर परिवार स्वर्गीय हनुमंत सिंह ठाकुर के सुपुत्र मोहन सिंह ठाकुर द्वारा साई बाबा की प्रेरणा से एक छोटा सा मंदिर बनाकर पूजा अर्चना की व्यवस्था किया।

जो अब भव्य हो गया है यह जानकारी होने पर साई बाबा के भक्त चंद्रभानु सतपथी ने देश-विदेश में भी 300 से अधिक साईमंदिरों का निर्माण कराया है यहां के लिए एक सुंदर भव्य साई बाबा की प्रतिमा की व्यवस्था की। इन सभी चमत्कारों से गांव वाले हतप्रभ है कभी किसी ने सोचा भी ना था यह स्थान इतना पावन और भव्य हो जाएगा। साई भक्त मोहन ठाकुर बीच-बीच में जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त स्थान के विस्तार के लिए गुहार लगाते रहे लेकिन आज तक कभी किसी ने कोई सुधि नहीं ली। हाल ही में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल जिसने कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी राम का ननिहाल को विस्तार किया इस प्रकार हम सभी साई भक्त और ग्राम वासी साई पीकरी धाम जहां कहा जाता है कि श्री साई बाबा ने अतीत में अपने शिष्यों के साथ डेरा डाला था और गांव के मालगुजार स्वर्गीय हरदेव सिंह ठाकुर का आतिथ्य स्वीकार कर वही कुछ दिन विश्राम कर चले गए थे। कहा जाता है उन्हीं के द्वारा पीपल का वृक्ष लगाया गया था उनके जाने के उपरांत गांव वालों ने मिलकर उस स्थान को साई का पावन स्थान मानकर पूजा करने लगे और पीपल वृक्ष होने से यह स्थान साई पीकरी के नाम से प्रसिद्ध हो गया।बाबा की नियमित पूजा ग्राम देवता के रूप में होने लगी।

साई भक्त मोहन ठाकुर, दुर्गा सिंह ठाकुर, ग्राम प्रमुख तुलाराम विश्वकर्मा योगेंद्र सिंह ठाकुर भूतपूर्व सरपंच टोमन कुमार साहू पवन कुमार साहू तेजराम देवांगन इंदल साहू तेनु राम साहू अनिल यादव पन्नालाल साहू किशन साहू पीलू राम विश्वकर्मा गेंद राम ध्रुव सेवाराम साहू चिंता राम साहू एवं ग्राम के बैगा रेमन ध्रुव ने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से और धर्म संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत से पत्र द्वारा इस पावन स्थान के विस्तार के लिए गुहार लगाया है ताकि छत्तीसगढ़ के यह सांस्कृतिक धरोहर विश्व में प्रसिद्ध हो जाए।

जनमुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में मनाया नियोगी का शहादत दिवस

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। 28 सितंबर को स्त मजदूर नेता स्व. शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर छत्तीसगढ़ सहित देश भर के मजदूर नेताओं का दल्लीराजहरा में जमावड़ा रहा। जन मुक्ति मोर्चा के हजारों मजदूरों द्वारा शहादत दिवस पर बड़ी रैली निकाली गई। रैली में लालहरा झंडा जिंदाबाद, स्व. शंकर गुहा नियोगी अमर रहे, जन मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद सहित अनेक नारे लगाए गए रैली में मुख्य आकर्षण मादरी, रिलो, डांडिया नृत्य, छत्तीसगढ़ी कवाली, रहे जिसके द्वारा रैली में पूरा गर्मजोशी माहौल बना कर रखा गया रैली में अधिकतर सदस्य लाल हरा कपड़ा पहने हुए थे । जिससे पूरे शहर का माहौल लालहरा रंग से सराबोर हो गया था। रैली पूरे शहर का भ्रमण कर जैन भवन चौक पर आमसभा के रूप में परिवर्तित हुई। स्व. शंकर गुहा नियोगी के बेटे जीत गुहा नियोगी ने कहा की 32 साल पहले आज ही दिन किसान मज़दूरों के मसीहा स्व. शंकर गुहा नियोगी को छत्तीसगढ़ के शोषणकर्ताओं के समूहों द्वारा गोली मार कर हत्या करवाने जैसा अपराध किया गया। परन्तु ये लोग यह भूल गए कि शंकर गुहा नियोगी एक व्यक्ति नहीं एक धारा थी धारा है। किसी व्यक्ति को मारा जा सकता है, पर विचारधारा को मारना असम्भव है। आज स्व.नियोगी के शहादत के 32 साल बाद भी उनका विचार छत्तीसगढ़ के मजदूर किसानों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी फैल रहा है।

विप्र भवन में जिले भर के 250 कोटवार सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। गार्डन चौक स्थित विप्र भवन में तिल्दा, हतबन्ध, सुहेला, बलौदाबाजार, लवन, पलारी व भाटापारा थाने के लगभग 2 सौ 50 कोटवारों का सेवा सुगंधम जन कल्याण समिति के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम ने कोटवारों को ग्राम पुलिस का दर्जा देते हुए कहा कि वे गांव की कानून व्यवस्था बनाये रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। ये सच्चे देशभक्त होते हैं और कानून का पालन भी कराते हैं। इनको गांव के हर काम की जानकारी सरकार तक पहुंचानी होती है। उन्होंने कहा कि एस पी, थानेदार का सभी सम्मान करते हैं लेकिन कोटवारों के सम्मान का आयोजन कर सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र उपाध्याय ने बहुत ही सराहनीय काम किया है। कोटवारों का सम्मान कर हम स्वयं गौरव का अनुभव कर रहे हैं। कबीरदास के विभिन्न दोहों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कोटवारों के कार्यो की स्तुति की।उन्होंने कोटवारों से अपेक्षा की कि पीढ़ी दर पीढ़ी जिस तरह आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आये हैं आगे भी आप अपने दायित्वों पर खरे उतरेंगे।सच्चे अर्थो में भाई चारा निभाने का कार्य गांव में कोटवार ही करते हैं उन्होंने कहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। सरस्वती वंदना समिति के सदस्यों ने प्रस्तुत की। स्वागत गीत के साथ ही मुख्य अतिथि सहित समस्त मंचस्थ अतिथियों का पारंपरिक रूप से पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कोटवारों के प्रतिनिधि मोहनदास मानिकपुरी ने मुख्य अतिथि के सम्मान में बहुत ही भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। कोटवारों की सभा को कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजा तिवारी,कोटवार संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष भूषण मानिकपुरी, रोहित मानिकपुरी , धम्म्ये ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरी साहू,पूर्व विधायक जनक राम वर्मा,कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप पांडे ने भी संबोधित किया व इस तरह किये गए आयोजन को अभूतपूर्व व अनुकरणीय बताया। इस तरह के आयोजन से सबसे निचले स्तर के शासन के प्रतिनिधि के आत्मसम्मान में वृद्धि होती है उन्होंने कहा। सभी ने आयोजक टिकेंद्र उपाध्याय के आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर सभी अतिथियों ने उपस्थित सभी कोटवारों को शॉल, मिठाई, लाठी, टॉर्च, सीटी व मैडल से सम्मानित किया। सेवा सुगंधम समिति के संस्थापक अध्यक्ष टिकेंद्र उपाध्याय ने आभार प्रदर्शन किया व सेवा निवृत्त प्राचार्य मुबारक हुसैन ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के आशीष उपाध्याय, अनामिका विनोद जाधव, अखिलेश्वरी शुक्ला ,रामेंद्र , राजकुमार भारती ,अनिल, सूर्यकांत, जय ठाकुर, संतोष यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लोहारी में धान खरीदी केन्द्र संचालित करने कलेक्टर से आग्रह

- जन-चौपाल में मिले 180 आवेदन
- आवेदनों के गंभीरतापूर्वक निराकरण के दिये निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आयोजित जनचौपाल में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनचौपाल में 180 नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। उन्होंने जनचौपाल में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदकों के समस्याओं के निराकरण के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनचौपाल में ग्राम फुलझर के गैंदराम दीवान ने बोर खनन एवं सौर ऊर्जा लगवाने, ग्राम पंचायत दसपुर के समस्त ग्रामवासियों ने नलजल का कार्य पूर्ण कराने, ग्राम कनफाड के ग्रामवासियों ने वनअधिकार पट्टा दिलाने, ग्राम कोदोपाली के कृषकों ने ग्राम पंचायत लोहारी में धान खरीदी केन्द्र संचालित कराने, ग्राम कलमीदादर के देवनाथ ने मख्यमंत्री युवा स्वरोजगार ऋण दिलाने, ग्राम फुलझर के तुलसराम साहू ने पशुशेड व बकरी शेड निर्माण हेतु, ग्राम चरभट्ठी के बम्लेश्वरी गंधर्व ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, ग्राम हथखोज के ताराचंद बांधे ने वन अधिकार पट्टे का ऋण पुस्तिका दिलाने, ग्राम दशपुर के परमानंद ध्रुव ने वन अधिकार मान्यता पत्र दिलाने, ग्राम पंचायत परसदाकला के सरपंच ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ अन्तर्गत गली कांक्रीटीकरण के स्वीकृति दिलाने, ग्राम सुरसाबांधा के पोसूराम साहू ने बन्दोबस्त त्रुटि सुधार संबंधी, ग्राम नागाबुड़ा के सेवाराम ने वन अधिकार पट्टा प्रदाय करने, फिंगेश्वर के होरीलाल सोनवानी ने नोनी सशक्तिकरण योजना की राशि प्रदाय करने, गरियाबंद की सुखिया बाई ने प्राथमिकता कार्ड को अन्त्योंदय कार्ड में परिवर्तन करने, ग्राम तर्रा के संतोष पटेल ने शौचालय निर्माण की राशि दिलाने, ग्राम फुलकर्रा के ठाकुरराम ने वन अधिकार पट्टा प्रदाय करने, ग्राम कसेरुडीही के लोगों ने वार्ड नं.09 गली में पोल लाईट विस्तार करने जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किये।

धौंराभांठा में 1 करोड़ 20 लाख रुपयों के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन

उतई/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धौंराभांठा में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के अनुशंसा पर स्वीकृत 1 करोड़ 20 लाख रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन अतिथियों के कर कमलों से सम्पन बुधवार को सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी आशीष वर्मा, जिलापंचायत सदस्य श्रीमती दुर्गा कमलेश नेताम, अध्यक्ष कृषि उपज मंडी दुर्ग अश्वनी साहू, डायरेक्टर अपेक्स बैंक छत्तीसगढ़ शासन राकेश ठाकुर, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग राजेन्द्र साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन महेंद्र वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती रत्ना ठाकुर, जोन प्रभारी सालिक साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति फेकारी प्रदीप चन्द्राकर, सेक्टर प्रभारी अगेश्वर साहू, पूर्व सरपंच गोविंद ठाकुर के कर कमलों से विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन व लोकार्पण कार्य सम्पन्न हुआ।

भूमिपूजन किये गए कार्यो में राकेश ठाकुर के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 6.50 लाख, शिव मंदिर से माखन साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण 5.20 लाख, वार्ड क्रमांक 18 में सीसी रोड निर्माण कार्य 5.20 लाख, वार्ड क्रमांक 20 में रंग मंच निर्माण कार्य 3.00 लाख एवं लोकर्पण किये गए कार्यो में भरकापारा तालाब में महिला घाट निर्माण 1.50 लाख, गोपाल ठाकुर के घर से जालम सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण 2.50 लाख, गौरी गौरा चौरा संधारण का कार्य 2.00 लाख, नाली निर्माण कार्य कौशिल्या ठाकुर के घर से फ्रिंता साहू के घकर तक 1 लाख, सामुदायिक शौचालय निर्माण 3.50 लाख, सेनिगरेशन यार्ड मणिकांचन गौठान में 3.64 लाख, पचरी निर्माण घुघसीडीह रोड में 3.94 लाख, चारागाह में तार फेंसिंग 1.50 लाख, गौठान में आजीविका केंद्र 5.00 लाख,पंचायत भवन में पुट्ठी संधारण कार्य 4.00 लाख, गोविंद ठाकुर आदिवासी चौक में पानी टंकी निर्माण 1 लाख, भरकापारा तालाब के नीचे शौचालय निर्माण 1.40 लाख, नाली निर्माण वार्ड नं 8 बजरंबली चौक से राधा कृष्ण मंदिर तक 3.00 लाख, इंदिरानगर में मंच निर्माण 16 - 17 के बीच 2.04 लाख, कलामंच निर्माण शिवमंदिर के पास 5 लाख, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जीर्णोद्धार कार्य 5.22 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण भरका पारा 6.50 लाख, सामुदायिक भवन अ.जा भवन भरका पारा 5.00 लाख, साहू भवन में आहाता निर्माण 5.00 लाख, आंगनबाड़ी संधारण कार्य 8.00 लाख रुपये शामिल है।

इस दौरान श्री होरीलाल चंदेल, सरपंच श्रीमती बिंदेश्वरी मेश्राम, उपसरपंच श्रीमती राजेश्वरी चन्द्राकर, पंच आशा बाई साहू, उमा साहू, सुनीता यादव, पिंगला साहू, दीक्षा साहू, यशोदा साहू, सविता, इंदु ठाकुर, पुष्पा नेताम, प्रकाश ठाकुर, छबि ठाकुर, हिमांचल, यस कुमार यादव, भोज साहू, संतोष साहू, कमलेश साहू, कामता निर्मल, दिना ठाकुर, गोपाल ठाकुर, बेनी राम ठाकुर, नरेश ठाकुर, जोहान साहू, रेखराम साहू, हेमंत मेश्राम, राजू निर्मल, भूषण साहू, विवेक चन्द्राकर, राजू ठाकुर, सचिव देवकुमार वर्मा, शेखर चंद्रकार, सोनू चन्द्राकर, तोरण चन्द्राकर, जगदीश यादव, ढाल सिंह चन्द्राकर, मुकेश चौरसिया एवं अन्य मौजूद थे।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

अगले बरस तू लवकर या....

रायपुर/नवप्रदेश। भिलाई 3 स्थित आवास में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणपति जी की सपरिवार पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

सीईएम भूपेश का आत्मविश्वास | 3 बड़ों से नहीं हो पाया... 220 क्या 440 आएं, सभी का स्वागत

कहा-15 साल की गलतियां इतनी बड़ी कि चुनाव लड़वाने नेता भी नहीं बचे

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं में जुबानी जंग तेज हो गई है। वहीं कांग्रेस-भाजपा के नेता भी सोशल मीडिया में एक-दूसरे पर तीखे हमले बोल रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में बाहर के 200 से ज्यादा भाजपा नेताओं के मोर्चा संभालने पर तंज कसा है।

बघेल ने- पर ट्वीट करते हुए लिखा- 'मतलब 3 बड़े वालों से नहीं हो पाया? सभी का स्वागत है। 220 क्या 440 आएं, छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक उत्थान को देखें। यहां की संस्कृति, सभ्यता उन्हें बहुत प्रभावित करेगी और पता भी चलेगा कि 15 साल की गलतियां इतनी बड़ी थीं कि प्रदेश में चुनाव लड़वाने के लिए नेता भी नहीं बचे।' सीएम भूपेश बघेल ने लगातार ट्रेनों के रद्द होने पर भी अपनी कही है, जिस पर उन्होंने लिखा- 'क्या बात है!, ट्रेनें रद्द करके आनंद आता है क्या इनको? इन्हें जनता की परेशानी से कोई लेना देना नहीं?' दरअसल, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी बड़ी तैयारियों में जुटी है। इसे लेकर मीडिया में कुछ खबरें आई है, जिसमें बताया गया है कि आचार संहिता लगने से पहले 220 बड़े नेताओं की फौज छत्तीसगढ़ आने वाली है। यह सभी बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा के बड़े नेता हैं। इसमें कुछ सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री और संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व से जुड़े नेता हैं।

बाहर के नेता सीधे दिल्ली भेजेंगे रिपोर्ट

मीडिया खबरों में ऐसा बताया गया है कि इन नेताओं की रिपोर्ट सीधे दिल्ली होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ का दिल्ली में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक-एक चीज का आकलन करेंगे। विधानसभा की छोटे से छोटी जानकारी उन तक पहुंचाई जाएगी। एक दिन पहले ही कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में अमित शाह और जेपी नड्डा ने आगामी दो महीने तक किस तरह काम करना है, इसका खाका तैयार किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि एक विधानसभा क्षेत्र में 5 दिग्गज नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

परिवर्तन यात्रा के जवाब में 2 अक्टूबर से भरोसा यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती अवसर पर 2 अक्टूबर 2023 को एक-दिवसीय विधानसभा-स्तरीय कांग्रेस भरोसा-यात्रा का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया है। अभियान के माध्यम से प्रदेश के समस्त 90 विधानसभा क्षेत्रों में 25 से 30 किलोमीटर की यात्रा करते हुए अधिक से अधिक ग्राम/पंचायत का भ्रमण कर राज्य सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ भाजपा सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ वासियों के साथ किये गये छल से आमजनता को अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम यात्रा के दौरान बाईक रैली, नुक्कड़ सभा करते हुए आमसभा के रूप में समापन किया जाना है। कांग्रेस भरोसा यात्रा का प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री मंत्रीमंडल के सदस्यगण, सांसद, विधायकगण अपने-अपने लोकसभा विधानसभा क्षेत्रों में नेतृत्व करेंगे। 2 अक्टूबर को प्रस्तावित कांग्रेस भरोसा यात्रा के लिए संबंधित लोकसभा, जिला, विधानसभा प्रभारियों, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारियों से आवश्यक सम्पर्क एवं समन्वय कर विधानसभावार रूट-चार्ट (यात्रा मार्ग, किलोमीटर सहित) तय करें। 2 अक्टूबर को प्रस्तावित एक- दिवसीय कांग्रेस भरोसा यात्रा में स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधायकों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के जिला, ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षिति सदस्यों, नगरीय निकाय/त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजन कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए यात्रा को सफल बनावे।

भाजपा के बाहरी दिग्गज छग के सियासी मैदान में...!

- **200 से ज्यादा नेता विधानसभा में चुनाव मैनेजमेंट करने वाले हैं, झारखंड के पूर्व सीएम को मिली है इस जिले की जिम्मेदारी**

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने छत्तीसगढ़ मैदान में अन्य राज्यों के दिग्गजों को झोंक दिया है। 200 से ज्यादा नेता विधानसभा में चुनाव मैनेजमेंट करने वाले हैं। जिसके लिए देश के अलग अलग राज्यों से आए नेताओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस ट्रेनिंग को लेकर प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, मंत्री अजय जामवाल बैठक ली है। बीजेपी ने इसके लिए देश के अलग-अलग राज्यों से वरिष्ठ नेताओं और विधायकों को जिले और संभाग संभालने की जिम्मेदारी दी है। झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास को मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी का प्रभार दिया गया है। सरगुजा, कोरिया, जशपुर जिले के अलावा बस्तर में भी बीजेपी ने अपने अनुभवी दिग्गजों को कमान सौंप रखा है।

प्रधानमंत्री का दौरा एतिहासिक होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पार्टी के तेज तर्रार सांसदों और प्रवक्ताओं को सूबे की 90 विधानसभाओं को मोर्चा दे रखे हैं। प्रदेश में 90 में से 21 सीटों में महीनेभर पहले प्रत्याशी घोषित कर भी जाता दिया है कि बीजेपी इस बार नहीं चुकेगी।

राष्ट्रीय नेता, मंत्री, सांसद और प्रवक्ताओं का दौरा

बीजेपी ने प्रदेश में पहले गुटबाजी और बगावत को करने राष्ट्रिय स्तर के संगठन के नेताओं को प्रभार दिया। पूर्व मंत्री और विधायकों को किनाराकश करके छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों और ओबीसी चेहरों को मोर्चा सौंपा है। दो चरणों में प्रचार, आमसभा, परिवर्तन यात्रा और अन्य राज्यों से आये पार्टी नेताओं को सभी 90 विधानसभा में उतार दिया है। अब आचार संहिता के आस पास स्टार प्रचारकों में राष्ट्रीय नेता, मंत्री, सांसद और प्रवक्ताओं का कार्यक्रम तय कर लिया है।

कांग्रेस अपनी पहली सूची घोषित करे : चंदेल

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, पूरे प्रदेश में प्रशासन का राजनीतिकरण हो गया है। कांग्रेस तो अपनी पहली सूची घोषित करें, जैसे सूची जारी होगी कांग्रेस में गदर फिल्म चलेगी। टिकटों को लेकर विरोध कांग्रेस में है। कांग्रेस और बीजेपी में बहुत फर्क है। हमारी दूसरी सूची आ जाएगी, कांग्रेस की पहली सूची नहीं आ पाएगी।

आज परिवर्तन यात्रा का समापन

पीएम मोदी करेंगे विशाल जनसभा को संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी ने मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की है। जिसका अब समापन होने वाला हैं।

बताया जा रहा है कि कल यानी 30 सितंबर को भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन होगा। इस समापन कार्यक्रम में पीएम मोदी पहुचेंगे। बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साइंस कॉलेज प्रांगण विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी छत्तीसगढ़ के अपने परिवारजनों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही मोदी जी भाजपा की परिवर्तन यात्रा के प्रथम चरण का समापन भी करेंगे।

मोदी से बैज ने पूछा सवाल | विपक्ष को कोसने के बजाए अपनी उपलब्धि बताने का साहस दिखाएं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छत्तीसगढ़ चुनावी दौरे पर आ रहे है। प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम वर्ष को भी पूरा करने वाले है लेकिन प्रधानमंत्री अपने साढ़े 9 साल के कार्यों के बारे में अपने भाषणों में चर्चा भी नहीं करते है। प्रधानमंत्री सिर्फ विपक्ष को कोसते है। उनके पास अपनी उपलब्धियों के बारे में कुछ बोलने को है ही नहीं। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय, कालाधन के बारे में प्रधानमंत्री चुप रहते है। प्रधानमंत्री के द्वारा भाजपा के द्वारा किये गये वायदों से ही कुछ सवालों के जवाब जनता जानना चाहती है। प्रधानमंत्री जवाब दें..

1 छत्तीसगढ़ की यात्री ट्रेनों को लगातार रद्द क्यों किया जा रहा है? 2 छत्तीसगढ़ के चावल का कोटा 86 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 61 लाख क्यों किया? 3 छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मांगे गये बारदाने की पूरी स्वीकृति क्यों नहीं दे रहे? 4 छत्तीसगढ़ के रमन सिंह के घोटाले 36000 करोड़ के नान, 6200 करोड़ के चिटफंड घोटाले की जांच केंद्र सरकार क्यों नहीं करवाती है? 5 अच्छे दिन कब आयेंगे ? 6 किसके अकाउंट में 15 लाख जमा किए ? 7 महंगाई कब कम होगी ? 8 पेट्रोल-डीजल के दाम कब कम होंगे ? 9 2 करोड़ बेरोजगारों को रोजगार क्यों नहीं मिला ? 10 चीन को लाल आंख कब दिखाएंगे ? 11 नोटबंदी से जनता को और सरकार को क्या मिला ? 12 370 हटने से कश्मीर में कितनो ने प्लॉट खरीदा और कितनी कंपनी ने प्लांट खड़े किए ? 13 किसानों की आय दुगनी हुई क्या ? 14 बेटियां सुरक्षित क्यो नही ? 15 शिक्षा संस्थानों की हालत खस्ता क्यो ? 16 जीएसटी से व्यापारियों ने और सरकार ने क्या पाया, क्या खोया ? 17 100 स्मार्ट सिटी का वादा था, कितने स्मार्ट सिटी बने ? 18 सांसदों द्वारा गोद लिए गए गांव में से कितने गांव का विकास हुआ और कितने गांव अभी भी गोदी में बैठे है ? 19 सरकारी संपत्ति को बेच-बेच कर कब तक देश चलेगा ? 20 पुलवामा में सेना के जवानों की हत्या का जिम्मेदार कौन ? 21 स्वच्छ भारत के तहत अभियान में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है, कितने शहर स्वच्छ हुए ? 22 9 साल में ईडी और आईटी की रैड कितने भाजपाई नेताओ के ऊपर पड़ी ? 23 2014 से पहले आपके पास भ्रष्टाचारियों की फाइल होती थी, उसमे से कितने कांग्रेसियों पर कार्यवाही करते हुए जेल में भेजा ? 24 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, पर बेटियां नेताओ की वजह से प्रताड़ित होकर दिल्ली में धरना दे रही थी आरोपी भी भाजपाई सांसद था उस सांसद पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई? 25 नोटबंदी के बाद आतंकवाद खत्म हो जाएगा ऐसा आपने कहा था, क्या वो हुआ? क्या कश्मीर में भारत के जवान शहीद नहीं हो रहे ? 26 आपकी सरकार में किसानों की आत्महत्या बंद क्यों नहीं हुई? 27 2022 में हर बेघर को अपना घर देने का वादा था, वादा कितना पूरा हुआ ? 28 नोटबंदी में कितने भाजपाई नेता नोट बदलने के लिए लाइन में खड़े थे? कितनों के पास आय से अधिक कालाधन मिला? 29 विदेश में जमा काला धन कितने भारतीयों का है? किसका है? वापस कब लायेंगे ? 30 आपकी हर एक विदेश यात्रा में कितना खर्च हुआ ? 31 उज्जवला योजना के तहत कितने लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर दिया गया? उनमें से कितनों ने अपने पैसे से रिफिल करवाया? 32 पकौड़ा, पान, पंचर उद्योग के तहत कितने युवाओं को रोजगार मिला? 33 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की बाते की थी, आज अर्थव्यवस्था बदहाल क्यों हैं? 34 2000 की नोट आपकी सरकार ने ही लॉन्च की थी, ऐसा क्या हुआ की कम समय पर ही बंद करने का निर्णय लेना पड़ा? 35 डॉलर के मुकाबले रुपये का हाल बेहाल क्यों हैं? 36 मणिपुर में भी डबल इंजिन की सरकार है फिर दंगे क्यों भड़के? मणिपुर में कुछ करते क्यों नहीं?

40 ट्रेनें रद्द, मोदी ने की छग के साथ अन्याय की इंतहा पार : सुशील शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने पिछले एक सप्ताह के अंदर छत्तीसगढ़ से चलाने वाली 40 से अधिक यात्री ट्रेनों को फिर से रद्द कर दिया गया तथा 14 लोकल ट्रेनों को भी रेलवे बंद करने का फरमान जारी कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह रेलवे का जन विरोधी फैसला है। मोदी सरकार लगातार छत्तीसगढ़ की रेल यात्री सुविधाओं को अनदेखा कर रही है। बिना किसी ठोस कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला मोदी सरकार द्वारा पिछले तीन साल से लिया जा रहा है। भारतीयज जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के नेता रेलवे और मोदी सरकार की मनमानी पर चुप्पी साधे हुये है। पिछले एक पखवाड़े में डेढ़ दर्जन केंद्रीय मंत्री, प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह सभी छत्तीसगढ़ आये लेकिन किसी भी भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ की बदहाल रेल सुविधा के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। भाजपा को छत्तीसगढ़ के लोगों को वोट चाहिये लेकिन उनकी सुविधा से मतलब नहीं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार यात्री रेल और रेल सुविधाओं को बंद करने का षड़यंत्र कर रही है देश भर में यात्री गाड़ियां बंद की जा रही है, यात्री गाड़िया अचानक रद्द कर दी जाती है, यात्री गाड़ियां घंटों नहीं दो-दो दिन लेट चल रही है। रेलवे को लेकर मोदी सरकार की कार्य प्रणाली से ऐसा प्रतीत हो रहा मोदी सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सुविधा परिवहन के निजीकरण का षड़यंत्र रच रही है। मोदी सरकार ने देश की सबसे विश्वसनीय नागरिक परिवहन सुविधा मानी जानी वाली रेल सुविधा को मजाक बनाकर रख दिया है। पहले से आने जाने की तैयारी का ट्रेन की टिकट आरक्षित कराए जनता के साथ धोखा मोदी सरकार कर रही है। बीते 3 साल से अधिक हो चुका है जब ट्रेनों को अचानक स्थगित कर दिया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें रेलवे को नागरिकों की सुविधा के लिये चलाती थी मोदी सरकार कमाने के लिये जनता को लूटने के लिये इस्तेमाल कर रही। रेल्वे जनता को मिलने वाली सारी सुविधाएं बंद कर दिया। वृद्ध, विकलांग, छात्रों की सुविधायें हटा दिया। रेल्वे स्टेशन पर टिकिट बिक्री बंद कर टिकिटों के दाम बढ़ा दिया गया। मोदी सरकार इतनी क्रूर और अमानवीय और गैर जिम्मेदार हो चुकी है कि एक्सप्रेस ट्रेनों को गंतव्य स्थान पहुंचने के पहले बीच रास्ते में रद्द कर घोषणा कर दिया जाता है कि ट्रेन आगे नहीं जायेगी। आजादी के पहले से रेल आम आदमी की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। मोदी सरकार ने इसको तबाह कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 'बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था' 'के और बिना किसी पूर्व 'सूचना' के केंद्र की मोदी सरकार और रेलवे मंत्रालय लगातार छत्तीसगढ़ में ट्रेनों को रद्द कर रहा है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ की जनता बुरी तरह परेशान और हलाकान है। यूपीए सरकार के समय यात्री ट्रेनों और मालभाड़ा के परिवहन में एक समन्वय और संतुलन स्थापित था। जिसके कारण यात्री ट्रेनों को कैंसिल करने की कभी आवश्यकता नहीं पड़ी, परंतु केंद्र की मोदी सरकार की 'मुनाफाखोरी नीति के कारण' क्योंकि कोयले के 'परिवहन में यात्री भाड़े की तुलना में' '30 से 40 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता' है।

परिवर्तन के प्रचंड वेग में उड़ जाएगी कांग्रेस : साव

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का प्रचंड वेग चल रहा है। परिवर्तन की हवा प्रचंड वेग में बदल गई है। राज्य की जनता ने मन बना लिया है कि भूपेश बघेल की सरकार को उखाड़ फेंकना है। भूपेश सरकार ने दोनों हाथों से प्रदेश को लूटने का काम चल रहा है। घोटाले पर घोटाला का सिलसिला चल रहा है। कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला, शिक्षा में घोटाला, गोबर में घोटाला, गोठान में घोटाला और पीएससी का घोटाला तो अद्भुत घोटाला है। परिवर्तन यात्रा के मुंगेली पड़ाव के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के झूठे दावों पर प्रदेश की जनता भरोसा नही करेगी। ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था और सड़कों की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार 5 साल में न तो शहरी क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाएं दिला सकी है और न ही ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं मिल सकी हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महत्वपूर्ण स्वीकृत रेल लाईन योजना उसलापुर-मुंगेली से डोंगरगढ़ को रोककर रखा है।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने भू-अर्जन की कार्यवाही नही कर सकी। प्रदेश में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक यह सरकार नहीं बना पाई। सड़कों के हालात क्या हैं, आपको मालूम है। शहर और गांव की कैसी दुर्दशा है। विकास कैसे अवरुद्ध हुआ है। यह आपको मालूम है। यदि शहरों में और गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं के पैसे न आते तो एक-एक रुपए का भी विकास गांव और शहरों में नहीं होता। चाहे मनरेगा का काम हो, डीएमएफ के पैसे हों, 15वें वित्त का पैसा हो, यह मद हैं, जिनसे काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, नेशनल हाईवे, मनरेगा, इसी तरह के काम हो रहे हैं। नहीं तो एक रुपए का भी काम ग्राम पंचायत में राज्य सरकार की मद से नहीं हुआ है। उन्होंने परिवर्तन यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र के मंत्री लगातार आ रहे हैं। किसी दिन 2, किसी दिन 3, किसी दिन 4 मंत्री आ रहे हैं। लगातार केंद्रीय मंत्रियों की इस यात्रा में सहभागिता बनी हुई है। कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह है। उमंग है। जनता का भरपूर आशीर्वाद और सहयोग मिल रहा है। उसके पीछे बड़ा कारण है। पिछले पौने 5 सालों में राज्य की भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ को जिस तरह से ठगा है, जिस प्रकार से लूटा है। इससे जनता परेशान है। प्रदेश में शराब बंदी, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित एक भी वादा सरकार ने पूरा नहीं किया। ऊपर से छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया। भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया। धर्मांतरण का गढ़ बना दिया। नशे का गढ़ बना दिया। माफियाओं का गढ़ बना दिया। प्रदेश में विकास के सारे काम ठप हैं। सरकार के जो प्राथमिक काम हैं, विकास की दृष्टि से स्कूल बनाना, अस्पताल बनाना, सड़क बनाना, पुल पुलिया बनाना, यह प्राथमिक काम भी नहीं हुए। एक नई प्राथमिक शाला न बनाई न खोली। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो परिवर्तन यात्राएं निकाली हैं। पहली परिवर्तन यात्रा मां दंतेश्वरी के पावन धाम से प्रारंभ हुई। दूसरी यात्रा 15 सितंबर से आरंभ हुई है जो जशपुर से मां खुड़िया रानी का आशीर्वाद लेकर निकली है। यह यात्रा मुंगेली जिले में पहुंची है। पिछले 14 दिनों का जो अनुभव है, हम सब की कल्पना से भी अधिक यह परिवर्तन यात्रा सफल रही है। शुरुआत की जो सभा दंतेवाड़ा में थी।

टूर्नामेंट के छठे दिन टेनिस में सिल्वर समेत 6 मेडल; अब तक कुल 32 पदक

भारत को एशियाड शूटिंग में 2 गोल्ड, 3 सिल्वर

हांगझोउ। 19वें एशियन गेम्स में आज छठवें दिन भारत ने अब तक 7 मेडल जीत लिए हैं। चीन के हांगझोउ में शुक्रवार को भारत के शूटर्स का शानदार प्रदर्शन रहा। शूटर्स ने आज 2 गोल्ड और 3 सिल्वर जीते। वहीं टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने मेंस डब्ल्स में सिल्वर जीता, जबकि स्क्वॉश में भारतीय विमेंस टीम को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

इसके साथ ही भारत के 32 मेडल हो गए हैं। इनमें 8 गोल्ड, 12 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर आ गया है। चीन 173 मेडल्स के साथ पहले, साउथ कोरिया 88 के साथ दूसरे और जापान 82 के साथ तीसरे स्थान पर है। 10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम इवेंट में भारत को छठे दिन का पहला मेडल दिलाया। ईशा सिंह, पलक और दिव्या ने 1731 स्कोर कर सिल्वर जीता। इस इवेंट में चीन की टीम टॉप पर रही। चीनी टीम ने 1736 स्कोर कर गोल्ड जीता। वहीं चीनी ताइपे की टीम ने 1723 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेंस टीम ने भारत को 7वां गोल्ड दिलाया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अखिल शिरोन और स्वप्निल सुरेश ने 1769 स्कोर कर गोल्ड जीता। यह शूटिंग में भारत का पांचवां गोल्ड है। इस इवेंट में चीन की टीम ने 1763 स्कोर कर सिल्वर और साउथ कोरिया ने 1748 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 10 मीटर एयर पिस्टल विमेंस टीम इवेंट में दिव्या, ईशा सिंह और पलक ने सिल्वर मेडल जीता।

10 मीटर एयर पिस्टल इंडिविजुअल में भारतीय महिला शूटरों ने दो मेडल जीते। पलक ने 242.1 स्कोर कर गोल्ड मेडल जीता, जबकि ईशा सिंह ने 239.7 स्कोर कर सिल्वर मेडल जीता। इस इवेंट में पाकिस्तान की किश्माला तलत ने 218.2 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

टेनिस- मेंस डब्ल्स में सिल्वर

टेनिस में आज भारत को मेंस डब्ल्स में सिल्वर मेडल मिला। भारत जोड़ी साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। दोनों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी ताइपे के जेसन और यू-हसिउ ने साकेत और रामकुमार को 6-4,6-4 से हराया। इसके अलावा, मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले की जोड़ी फाइनल में पहुंच गई है। सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की अएचएसयू यू-हसिउचान और हाओ-चिंग जोड़ी को 2-1 से हराया।

स्क्वॉश- भारतीय विमेंस टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

भारतीय विमेंस टीम को हॉन्ग कॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय विमेंस टीम को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। जबकि मेंस टीम मलेशिया का सामना करेगी। स्विमिंग- अद्वैत पागे फाइनल में अद्वैत पागे ने स्विमिंग मेंस 200 मीटर बैकस्ट्रोक में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिए है। उन्होनें 2-03.01 मिनट में क्वालिफाई किया। साउथ कोरिया और हॉन्ग कॉन्ग के साथ फाइनल्स में भिड़ेंगे। इसी के साथ स्विमिंग मेंस 200 मीटर बटरफ्लाई में फाइनल के लिए साजन प्रकाश ने भी क्वालिफाई किया है। एथलेटिक्स के 20 किमी वॉक रेस में भारतीय पुरुष और महिला एथलीट मेडल से चूक गए। प्रियंका गोस्वामी एक घंटे, 43 मिनट और सात सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान रहीं।

एशियाड: भारतीय फुटबॉल टीम का सफर समाप्त, सऊदी अरब ने 2-0 से हराया

हांगझोऊ। हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का सफर समाप्त हो गया है। प्री-क्वार्टर फाइनल यानी राउंड ऑफ-16 के मैच में सऊदी अरब ने भारत को 2-0 से हरा दिया। सऊदी अरब के लिए मोहम्मद खलील मार्रान ने दोनों गोल दागे। इससे पहले भारतीय महिला फुटबॉल टीम ग्रुप राउंड से ही बाहर हो गई थी। पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं थीं। सऊदी अरब की टीम ने शुरुआती 45 मिनट में कई काउंटर अटैक किए, लेकिन भारतीय डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। भारतीय टीम ने पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे हाफ में सऊदी अरब ने दो गोल दागे

दूसरे हाफ में 51वें मिनट में सऊदी अरब के मोहम्मद खलील मार्रान ने अल शबात के शानदार क्रॉस पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो स्टाइल में हेडर से गोल दागा और अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद 57वें मिनट में भी मार्रान ने शानदार स्किल दिखाते हुए मैच का और अपना दूसरा गोल दागा।

वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच नहीं खेलेंगे कीवी कप्तान, अभी पूरी तरह फिट नहीं

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन वनडे वर्ल्ड कप 2023 के पहले मैच में नहीं खेलेंगे। मौजूदा रनर-अप न्यूजीलैंड का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैम्पियन इंग्लैंड से होगा। इसी मैच से वर्ल्ड कप का आगाज होगा। कीवी टीम के मुख्य कैच गैरी स्टीड ने जानकारी दी है कि चोट से उबर रहे विलियमसन इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे। हालांकि, वह इससे पहले वॉर्म-अप मैचों में हिस्सा लेंगे।

न्यूजीलैंड को वर्ल्ड कप से पहले 2 वॉर्म-अप मैच खेलने हैं। टीम शुक्रवार यानी आज पाकिस्तान के खिलाफ हैदराबाद में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी, जिसमें विलियमसन सिर्फ बैटिंग करते हुए दिखेंगे। वहीं न्यूजीलैंड को सोमवार (2 अक्टूबर) को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा वॉर्म -अप मैच खेलना है, उसमें विलियमसन फील्डिंग भी करते हुए नजर आएंगे।

विलियमसन ने अप्रैल में कराई थी सर्जरी

आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्क्च) के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। द्बक्करु के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे। केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग।

एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा पर नजर

जो मेडल जीत चुका, उन्हें फिर से हासिल करना चाहता हूं

पानीपत। एशियन गेम्स 2023 में देश के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा भी हिस्सा ले रहे हैं। नीरज चोपड़ा से सभी को अब की बार फिर गोल्ड मेडल की उम्मीद है। 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा पहले ही देश को गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। अब की बार भी नीरज ने परिजनों को गोल्ड मेडल देने का वादा किया है। नीरज चोपड़ा 4 अक्टूबर को एशियन गेम्स में जैवलीन थ्रो इवेंट में हिस्सा लेंगे।

नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने बताया कि 2 दिन पहले ही नीरज से बात हुई थी उन्होंने बताया कि वह गेम के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। इस बार भी वह देशवासियों की उम्मीद पर खरा उतरेंगे और देश को गोल्ड मेडल जरूर दिलाएंगे। नीरज ने फोन पर बताया था कि वह एक बार फिर से अपने जीती गई चैंपियनशिप मेडल श्रृंखला को दोबारा दोहराना चाहते हैं। वह जो मेडल जीत चुके हैं, उन्हें फिर से एक बार हासिल करना हैं।

ईरानी कप: हनुमा विहारी रेस्ट ऑफ इंडिया और उनादकट सौराष्ट्र के कप्तान

नई दिल्ली। इस साल ईरानी कप का मैच सौराष्ट्र और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमों के स्क्वाड की घोषणा की जा चुकी है। हनुमा विहारी को रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी सौंपी गई है। बता दें ईरानी कप मैच 1 अक्टूबर से राजकोट में खेला जाएगा।

अभिमन्यू ईश्वरन टाइफाइड की वजह से रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में जगह नहीं बना पाए। ईश्वरन ने इस रणजी सीजन में 798 रन बनाए थे। वहीं इस रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जलज सक्सेना को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इंडिया के खिलाड़ी एशियन गेम्स में व्यस्त होने के कारण रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में यंगस्टर्स को मौका दिया गया है। यश धुल, रोहन कुन्नुमल को टीम में जगह दी गई है।

ईरानी कप मैच सीजन की रणजी विजेता टीम और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाता है। यह टेस्ट फॉर्मेट मैच होता है जो उन्हीं नियमों के हिसाब से 5 दिन तक चलता है।

सौराष्ट्र ने जीता था रणजी खिताब

इस साल फरवरी में सौराष्ट्र ने बंगाल को 9 विकेट से हराकर रणजी का खिताब अपने नाम किया था। सौराष्ट्र ने दूसरी बार रणजी ट्राफी जीता थी। रेस्ट ऑफ इंडिया- हनुमा विहारी(कप्तान), के.एस. भरत, मयंक अग्रवाल, यश धुल, शम्स मुलानी, साई सुदर्शन, सरफराज खान, पुल्कित नारंग, सौरभ कुमार, यश दयाल, नवदीप सैनी, विद्वत कवेरप्पा, अकाश दीप, रोहन कुन्नुमल, ध्रुव जुरेल। जयदेव उनादकट (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, शेल्डन जैक्सन, अर्पित वसवाड़ा।

सालार और डंकी की टक्कर तय, 22 दिसंबर को ही रिलीज होगी

'सालार' की रिलीज डेट कन्फर्म कर दी गई है। होम्बले फिल्म्स ने ट्विटर पर लिखा 'सालार पार्ट 1 - सीजफायर' 22 दिसंबर, 2023 को वर्ल्डवाइड रिलीज की जाएगी। कन्फर्मेशन के पहले तक ऐसा माना जा रहा था कि फिल्म 22 दिसंबर को रिलीज होगी। अब फिल्म की रिलीज डेट कन्फर्म कर दी गई है। इसी दिन शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' भी रिलीज होगी। दोनों बड़ी फिल्मों का क्लैश होना तय है।

होम्बले फिल्म्स की सालार में न केवल सुपरस्टार प्रभास हैं, बल्कि पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू सहित कई शानदार कलाकार भी हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कहा फैंस के बीच लड़ाई-झगड़े का माहौल बन सकता है अब इन दोनों बड़ी फिल्मों के क्लैश होने पर ट्रेड्स पर क्या असर पड़ेगा, यह जानने के लिए दैनिक भास्कर ने कई एक्सपर्ट्स से बात की। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कहा कि सालार और डंकी के साथ में रिलीज होने से दोनों फिल्मों को नुकसान होगा। तरण ने कहा कि दोनों प्रोडक्शन हाउस को बैठ कर इस पर सोचना चाहिए कि कैसे इस क्लैश को टाला जाए।

एक और ट्रेड एनालिस्ट अक्षय राठी के मुताबिक, क्लैश होने की दशा में दोनों फिल्मों को 100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होगा। हमने साउथ बेस्ड ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला से भी बात की। रमेश ने कहा कि हिस्ट्री फिर रिपीट हो रही है। एक वक्त पर जीरो और चतस्न का क्लैश हुआ था. जिसमें जीरो का बुरा हाल हुआ था। रमेश को उम्मीद है कि डंकी का हाल जीरो जैसा नहीं होगा। मुंबई के गेयटी गैलेक्सी थिएटर के मालिक और मशहूर एग्जिबिटर मनोज देसाई ने कहा कि दोनों फिल्मों के प्रोड्यूसर्स को ईगो छोड़ आपस में बातचीत कर रास्ता निकालना चाहिए।

बिजनेस

जालान कालरॉक कंसोर्टियम ने 350 करोड़ रुपए का पेमेंट किया, 2019 से बंद है एयरलाइन

2024 में शुरू हो सकती है जेट एयरवेज

मुंबई। साल 2019 से बंद पड़ी एयरलाइन जेट एयरवेज अगले साल यानी 2024 से शुरू हो सकती है। जालान कालरॉक कंसोर्टियम (छ्व्यष्ट) ने शुक्रवार 29 सितंबर को बताया कि उसने एयरलाइन के रिवाइवल के लिए 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश पूरा कर लिया है।

इस निवेश के साथ, छ्व्यष्ट ने एयरलाइन का कंट्रोल लेने के लिए कोर्ट की ओर से अप्रूव किए गए 350 करोड़ रुपए के फाइनेंशियल कमिटमेंट को पूरा कर दिया है। छ्व्यष्ट ने कहा कि वो 2024 तक एयरलाइन शुरू करना चाहती है। लॉन्च डेट की घोषणा आने वाले हफ्तों में होगी।

नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने 28 अगस्त को जालान कालरॉक कंसोर्टियम को अपने ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का पेमेंट करने के लिए अतिरिक्त समय दिया था। जेकेसी को पूरा पेमेंट 30 सितंबर तक करना था। 4 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई होगी।

अप्रैल 2019 से बंद है जेट एयरवेज

जेट एयरवेज एक समय भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइंस में से एक थी और एयरलाइन को साउथ एशियन नेशन की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरलाइन का दर्जा हासिल था। फिर, कर्ज में दबे होने के कारण जेट एयरवेज 17 अप्रैल 2019 में ग्राउंडेड हो गई थी।

नरेश गोयल ने की थी जेट एयरवेज की शुरुआत

1990 के दशक की शुरुआत में टिकटिंग एजेंट से एंटरप्रेन्योर बने नरेश गोयल ने जेट एयरवेज इंडिया लिमिटेड की शुरुआत कर लोगों को एअर इंडिया का ऑल्टरनेटिव दिया था। एक वक्त जेट के पास कुल 120 प्लेन थे और वो लीडिंग एयरलाइन में से एक हुआ करती थी। दि जॉय ऑफ फ्लाइंग टैग लाइन वाली कंपनी जब पीक पर थी तो हर रोज 650 फ्लाइट्स का ऑपरेशन करती थी। जब कंपनी बंद हुई तो उसके पास केवल 16 प्लेन रह गए थे। मार्च 2019 तक कंपनी का घाटा 5,535.75 करोड़ रुपए का हो चुका था।

जालान कालरॉक ने 2021 में बोली जीती थी

जून 2021 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के बैंकरप्सी रिजॉल्यूशन प्रोसेस के तहत जालान???-?कालरॉक कंसोर्टियम ने जेट एयरवेज की बोली जीत ली। इसके बाद से जेट के रिवाइवल की प्रोसेस चल रही है, लेकिन अब तक एयरलाइन शुरू नहीं हो पाई है। ये कंसोर्टियम मुरारी लाल जालान और कालरॉक कैपिटल की जॉइंट कंपनी है। जालान एक दुबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं। वहीं कालरॉक कैपिटल मैनेजमेंट लिमिटेड फाइनेंशियल एडवाइजरी और ऑल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम करने वाली लंदन बेस्ड ग्लोबल फर्म है।

मॉडर्न आउटफिट में दिखेंगे एअर इंडिया के 10,000 कर्मचारी

एअर इंडिया ने नई यूनिफॉर्म्स डिजाइन करने के लिए सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ पार्टनरशिप की है। मनीष मल्होत्रा एयरलाइन के केबिन क्रू, कॉकपिट क्रू, ग्राउंड और सिक्योरिटी स्टाफ समेत 10,000 से ज्यादा एम्प्लॉइज के लिए नई यूनिफॉर्म्स डिजाइन करेंगे। एयरलाइन ने गुरुवार (28 सितंबर) को इसकी जानकारी दी। एयरलाइन ने प्रेस रिलीज में कहा कि एअर इंडिया के चल रहे मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के हिस्से के रूप में यह उसका न्यू ग्लोबल ब्रांड आइडेंटिटी को दर्शाने में एक और कदम है। एअर इंडिया को उम्मीद है कि 2023 के आखिरी तक एम्पलॉइज नई यूनिफॉर्म्स में नजर आने लगेंगे। एयरलाइन ने कहा कि मनीष मल्होत्रा और उनकी टीम ने एअर इंडिया के फ्रंटलाइन एम्प्लॉइज से मिलना शुरू कर दिया है। एम्प्लॉइज की जरूरतों

को बेहतर ढंग से समझने के लिए उनके साथ चर्चा और फिटिंग सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा भारत समेत दुनिया भर के -लिस्ट सेलिब्रिटीज के लिए ड्रेस डिजाइन करते हैं। उन्होंने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में ग्रेट इंडियन म्यूजिकल के लिए भी 1300 कॉस्ट्यूम डिजाइन की थी। जब एक शो के लिए अमेरिकन सिंगर और डांसर माइकल जैक्सन मुंबई आए तो उनके लिए मनीष मल्होत्रा से आउटफिट डिजाइन करने के लिए कहा गया था।

इंडियन ऑयल और एआईसीएफने दूसरे परिवर्तन ऑनलाइन प्रिज़न शतरंज टूर्नामेंट 2023 की सफलतापूर्वक मेजबानी की

मुंबई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के साथ साझेदारी में, 26 और 27 सितंबर को परिवर्तन - प्रिज़न टू प्राइड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया है। इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसमें भारत भर की 21 जेलों से 23 टीमों में 90 कैदियों ने भाग लिया। इन टीमों में से 18 ने ओपन वर्ग में, तीन ने युवा वर्ग में और दो ने महिला वर्ग में भाग लिया, जो कैदियों के जीवन में खेल की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रदर्शन करता है। इंटरकांटिनेंटल ऑनलाइन प्रिज़न शतरंज 2023 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें प्रभावशाली हैं। पुणे, भुवनेश्वर और बैंगलोर ओपन श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि दिल्ली जूनियर और भोपाल जूनियर युवा श्रेणी में युवा ऊर्जा और प्रतिभा लाएंगे। अंत में, महिला वर्ग में भोपाल जुवेनाइल महिला शतरंज उत्साही लोगों के समर्पण और क्षमता को प्रदर्शित करता है। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजन 11 से 13 अक्टूबर, 2023 तक होने वाला है और ये टीमें खेल के प्रति अपनी क्षमताओं और जुनून का प्रदर्शन करते हुए वैश्विक शतरंज मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

नाबार्ड ने जारी किया देश का पहला सामाजिक बॉन्ड

नई दिल्ली। नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) ने शुक्रवार को देश का पहला सामाजिक बॉन्ड शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया। इस बॉन्ड के जरिए नाबार्ड ने बाजार से हजार करोड़ रुपये जुटाए। नाबार्ड के बॉन्ड को शुक्रवार को बीएसई पर सूचीबद्ध किया गया, जिसमें 7.63 प्रतिशत की कूपन दर पर 1040 रुपये की बोलियां स्वीकार की गईं। इसका मतलब ये है कि नाबार्ड के बॉन्ड पर सालाना 7.63 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। नाबार्ड के चेयरमैन शाजी केवी ने यह जानकारी दी। सामाजिक बॉन्ड एक निश्चित आय प्रतिभूतियां हैं।

राहत : गिरावट के बावजूद 17 देशों की मुद्राओं के मुकाबले रुपये का प्रदर्शन सबसे बेहतर

नई दिल्ली। डॉलर की तुलना में लगातार गिरावट के बावजूद रुपये का प्रदर्शन 17 देशों की मुद्राओं के मुकाबले बेहतर रहा है।?बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, सितंबर में 17 देशों की तुलना में रुपये में सबसे कम 0.62 फीसदी गिरावट आई है।?मैक्सिको की मुद्रा में सर्वाधिक 4.80 फीसदी गिरावट रही।?

रिपोर्ट के अनुसार, डॉलर की तुलना में ताईवानी मुद्रा 1.21 फीसदी कमजोर हुई। मलेशियाई मुद्रा 1.46 फीसदी टूट गई। सिंगापुर डॉलर में 1.52 फीसदी गिरावट आई तो ऑस्ट्रेलिया की मुद्रा 1.74 फीसदी और दक्षिण अफ्रीका की मुद्रा 1.78त्न गिर गई।

ब्राजीलियन रीयल 2.15त्न टूटी जबकि इंडोनेशिया की मुद्रा में 2.18 फीसदी गिरावट आई। तुर्किश लिरा में 2.29 फीसदी व कोरियाई मुद्रा में 2.39त्न गिरावट सितंबर में दर्ज की गई है। हालांकि, प्रमुख देशों में सिर्फ हांगकांग की मुद्रा ही 0.10 फीसदी मजबूत हुई है।

गिरावट क्यों और क्या होगा असर

रुपया में गिरावट मूल रूप से डॉलर के मजबूत होने, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने के कारण हो रही है। यह आगे भी जारी रह सकती है, क्योंकि कच्चा तेल इस समय 95 डॉलर प्रति बैरल के पार हो चुका है और इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। इसका असर यह होगा कि विदेशों में खर्च करना या पढ़ाई करना महंगा हो जाएगा। आयातित वस्तुएं महंगी होंगी और निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की ज्यादा कीमतें मिलेंगी।

केन्द्र सरकार के नीति आयोग ने कहा

"छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए"

यह अचानक और अपने आप नहीं हुआ
सेवा, जतन, सरोकार से हुआ संभव

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

- 24.5 लाख किसानों को धान का समर्थन मूल्य और 9,000 रु प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी
- 5.63 लाख भूमिहीन परिवारों को प्रति वर्ष 7,000 रु की अतिरिक्त आय
- 12.5 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 2,500 रु से बढ़ाकर 4,000 रु
- दुर्गम क्षेत्रों और शहरी बस्तियों में मोबाइल अस्पतालों से 1.86 करोड़ लोगों का मुफ्त एवं बेहतर ईलाज
- धनवंतरी मेडिकल स्टोरों में सभी दवाइयों पर 72% तक की छूट
- 727 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में 4.4 लाख बच्चों को आधुनिक एवं नि:शुल्क शिक्षा
- 67 लघु-वनोपज की समर्थन मूल्य खरीदी से 6 लाख वनाश्रित परिवारों की आय सुनिश्चित
- 45.16 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल हाफ
- हर परिवार को हर माह 35 किलो चावल सार्वभौम पीडीएस योजना से 99.9% आबादी को खाद्य सुरक्षा
- कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ की आर्थिक विकास दर देश में सबसे बेहतर रही

संवाद - 38764

आपके आशीर्वाद और मतों की ताकत से बनी छत्तीसगढ़ सरकार
आपके लिए समर्पित, सदा आपके साथ भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in